लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 19 जुलाई, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 274

www.janexpresslive.com/epaper





दुर्गापुर रैली में पीएम मोदी ने ममता... 12


# लातों के भूत बातों से नहीं मानते: सीएम

## योगी बोले, ताजिये की ऊंचाई पर भड़के, कहा, केसरिया पहने युवक के मुंह से निकला या अल्लाह

**जन एक्सप्रेस। वाराणसी**

सीएम योगी ने ताजिए की ऊंचाई को लेकर वाराणसी में बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, हाल में जौनपुर में एक बड़ा ताजिया उठाया गया। इस दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आकर 3 की मौत हो गई। उन लोगों ने रास्ता जाम कर दिया। पुलिस वालों ने पूछा- क्या करें? मैंने कहा- लाठी मारकर बाहर करो, क्योंकि ये लातों के भूत बातों से नहीं मानेंगे। सीएम ने 3 साल पहले की घटना का जिक्र करते हुए कहा, एक जगह आगजनी हुई। मैंने अफसरों से कहा- अभी कार्रवाई रोको और वीडियो फुटेज निकालो। फुटेज में दिखा कि एक व्यक्ति केसरिया गमछा पहनकर पहुंचता है। आगजनी करता है। उस समय उसके मुंह से 'या अल्लाह' निकलता है। ऐसे छुपे हुए समाज के दुश्मनों को समय रहते चिह्नित करना होगा, जिससे समाज की एकता में बाधक तत्वों को बेनकाब किया जा सके। यही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सीएम योगी दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी में हैं। दूसरे दिन वह नमो घाट के बसंता कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होंने पौधरोपण किया। इसके बाद बिरसा मुंडा की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।




### सीएम योगी ने सर्किट हाउस में विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की

योगी ने अपने दौरे के पहले दिन सर्किट हाउस में विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। पुलिस अफसरों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेक अकाउंट बनाकर माहौल खराब करने वालों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा था- अराजक तत्वों को चिह्नित कर कठोर कार्रवाई करें। सीएम का इशारा चौबेपुर के छितौना कांड की ओर था, जिसमें मामूली विवाद ने जातिगत संघर्ष का रूप ले लिया था। योगी ने दालमंडी चौड़ीकरण पर चर्चा करते हुए पूरी रिपोर्ट देखी। अफसरों ने उन्हें बताया कि सर्वे का काम पूरा किया जा चुका है, फिलहाल बारिश के कारण कार्य रुका हुआ है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा- बारिश के तत्काल बाद चौड़ीकरण का काम शुरू करें। डीएम सत्येंद्र कुमार ने सीएम को प्रेजेंटेशन के जरिए विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बताया गया कि वर्तमान में 64 बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं, जिनकी लागत 15,000 करोड़ रुपए है। इस पर सीएम ने कहा- युद्धस्तर पर अभियान चलाकर कार्य समय से पूरा करें। योगी ने सारनाथ स्थित केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान परिसर में बने सोवा रिग्पा मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इसके अलावा सलारपुर में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री भी वितरित की। उन्होंने संगीत पाथवे का भी निरीक्षण किया।

### सीएम ने जौनपुर की घटना का जिक्र किया

जौनपुर में खुटहन थाना के सधनपुर गांव में ताजिया हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया था। करंट लगने से तीन युवकों की मौत हो गई थी। दरअसल, तीनों युवक ताजिया दफन करने के बाद घर लौट रहे थे, तभी ताजिया हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई थी। इस दौरान तीन युवक गंभीर रूप से झुलस गए थे। घरवाले उन्हें आनन-फानन में खुटहन सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान तीनों ने दम तोड़ दिया था। हादसे के बाद परिजनों ने शव रखकर प्रदर्शन किया था।



### मोहर्रम में बेटियां बाहर नहीं निकल पातीं थीं

हमने नियम बनाया कि सावन के महीने से ठीक पहले मोहर्रम का आयोजन होता है। हमने कहा- ताजिया की ऊंचाई इससे ज्यादा मत रखिए, क्योंकि फिर आप मांग करेंगे कि पेड़ की टहनियां काटें और हाईटेंशन तार हटाएं। एक पेड़ को लगने में 40 से 50 साल लगते हैं। मैंने कहा- यह नहीं होगा। पहले मोहर्रम का जुलूस आगजनी और उपद्रव का कारण बनता था। बहन-बेटियां सड़कों पर नहीं निकल पाती थीं। उस समय कोई नहीं बोलता था। जब मैंने कहा था कि हाईटेंशन तार की चपेट में आ सकते हो, ताजिया को इससे ऊंचा मत करना। तब सोशल मीडिया पर किसी ने इसका विरोध नहीं किया।

### कांवड़ यात्रा का भी मीडिया ट्रायल होता है

दूसरी तरफ आपने देखा होगा कि कांवड़ यात्रा चल रही है। यात्रा में जाति, क्षेत्र, वर्ग, संप्रदाय का कोई भेद नहीं है। श्रमिक से लेकर उच्च वर्ग तक का व्यक्ति इससे जुड़ा है। सभी 200 से 300 किलोमीटर दूर जल लेने जाते हैं। भक्ति-भाव से चलते हैं, लेकिन उसका भी मीडिया ट्रायल होता है। कांवड़ यात्रा को बदनाम किया जाता है। उसके बारे में खूब लिखा जाता है। कांवड़ियों को उपद्रवी और आतंकवादी तक बोलने का दुस्साहस होता है। यह वही मानसिकता है, जो हर प्रकार से भारत की विरासत को अपमानित करना चाहती है। ये वही लोग हैं, जिन्होंने जनजातीय लोगों को भड़काने का काम किया।

### फेक अकाउंट बना करके जातीय संघर्ष पैदा करना चाहते हैं

ये वही समुदाय है, जो भारत की आस्था का सदैव अपमान करता है। ये वही लोग हैं, जो आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेक अकाउंट बना करके समाज में जातीय संघर्ष को बढ़ाना चाहते हैं। ये चीजें दिखाती हैं कि ये कौन लोग हैं, जो समाज में नफरत पैदा करना चाहते हैं।

### दरोगा बनने की कोशिश करोगे तो पिटोगे

हमारी सनातन धर्म की परंपरा में कहीं नहीं लिखा है कि जो मंदिर जाएगा, वही हिंदू है। अगर किसी गांव में दो लोगों का मामला है, तो उसके लिए प्रशासन और सिस्टम है। जो उनकी बात को सुलझाएगा। लेकिन अगर तुम बीच में आकर दरोगा बनने की कोशिश करोगे तो पिटोगे।

### व्यक्ति भगवा गमछा पहने था, लेकिन उसके मुंह से 'या अल्लाह' निकला

मुख्यमंत्री ने समाज में विभेद पैदा करने वालों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर जातियों और समुदायों के बीच संघर्ष की स्थिति पैदा कर रहे हैं। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि दो- तीन साल पहले एक आगजनी की घटना हुई थी। तब मैंने कहा था कि यह आगजनी किसी विशेष समुदाय ने नहीं की होगी। जांच में पता चला कि आगजनी करने वाला व्यक्ति भगवा गमछा पहने था, लेकिन उसके मुंह से %या अल्लाह% निकला। ऐसे लोगों को चिह्नित कर समाज से बाहर करना होगा, तभी राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जो लोग समाज को तोड़ने का काम करते हैं, वे वही हैं जो फर्जी अकाउंट बनाकर जातीय संघर्ष को बढ़ावा देते हैं। यह वही वर्ग है, जिसने आदिवासियों को भड़काने और भारत के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास किया। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है।

---

# दिल्ली के 45, बेंगलुरु के 50 स्कूलों में बम की धमकी

**देश की राजधानी में 5 दिन में चौथा मामला, लिखा, पेरेंट्स कटे-फटे शव देखेंगे तो खुशी होगी**




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली और बेंगलुरु में शुक्रवार सुबह 80 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। दिल्ली के 45 से ज्यादा स्कूलों को धमकी भरा ईमेल भेजा गया। इनमें पीतमपुरा, द्वारका, पश्चिम विहार, रोहिणी, संगम विहार, समेत दूसरे इलाकों के स्कूल शामिल हैं। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और फायर सर्विस की टीमें स्कूल पहुंची हैं। सावधानी के तौर पर स्कूलों को तुरंत खाली करा लिया गया और तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। इनके अलावा, दिल्ली यूनिवर्सिटी के 3 कॉलेजों को भी बम की धमकी मिली है। राजधानी दिल्ली में 5 दिन के भीतर बम धमकी का यह चौथा मामला है। इससे पहले 14 जुलाई को दो, 15 जुलाई को तीन, 16 जुलाई को करीब 10 स्कूलों और दिल्ली यूनिवर्सिटी के सेंट स्टीफन्स कॉलेज को धमकी मिली थी। वहीं बेंगलुरु के भी 50 स्कूलों को बम की धमकी दी गई है। पुलिस ने बताया कि 'roadkill333' नाम के यूजर ने सुबह 7.24 बजे 50 स्कूलों की ईमेल आईडी पर स्कूल के अंदर बम होने का मेल भेजा। सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ता अलग-अलग स्कूलों में जाकर जांच में जुट गया है।

### मेल में लिखा, आप सब तकलीफ के हकदार

धमकी भरे मेल में लिखा है, मैं आप में से हर एक को इस दुनिया से मिटा दूंगा। मुझे खुशी होगी जब मां-बाप अपने बच्चों के कटे-फटे शव देखने के लिए स्कूल पहुंचेंगे चिट्ठी में लिखा है कि मैं विस्फोट के बाद आत्महत्या कर लूंगा। मैं अपनी जिंदगी से नफरत करता हूं। मुझे कभी मदद नहीं मिली। साइकैट्रिस्ट, साइकोलॉजिस्ट किसी ने कभी परवाह नहीं की। आप केवल असहाय इंसानों को दवा देते हैं। यह कभी नहीं बताते कि वे दवाएं आपके अंगों को बर्बाद करती हैं। मैं इसका जीता-जागता सबूत हूं। आप सभी मेरी जैसी तकलीफ झेलने के हकदार हैं।

---

# गंभीर बीमार कैदियों की रिहाई के लिए समान नियम बनाएं सभी राज्य: सुप्रीम कोर्ट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि जेल नियम हर राज्य के लिए अलग-अलग होते हैं, लेकिन गंभीर रूप से बीमार कैदियों की रिहाई को लेकर सभी राज्यों को समान नियम बनाने चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रखा, जिसमें गंभीर रूप से बीमार या 70 वर्ष से अधिक उम्र के कैदियों की रिहाई की मांग की गई थी।

### रिहाई का प्रावधान हो

केंद्र सरकार ने बताया कि इस विषय पर एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई गई है और इसे रिकॉर्ड पर रखा गया है। हालांकि, बेंच ने कहा, आखिरकार जेल नियम राज्यों पर ही लागू होते हैं। सभी राज्यों को एक समान जेल नियम बनाने होंगे, जिसमें गंभीर बीमारियों से पीड़ित कैदियों की रिहाई का प्रावधान हो। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि सरकार गंभीर रूप से बीमार कैदियों को लेकर चिंतित है और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को एसओपी के तहत ऐसे कैदियों की उचित देखभाल और प्रबंधन के लिए कदम उठाने की सलाह दी गई है। सरकार ने यह भी कहा कि राज्य या केंद्र शासित प्रदेश सामान्य माफी के तहत भी ऐसे कैदियों की रिहाई पर विचार कर सकते हैं।



### कौन-कौन से कैदी इस रिहाई के पात्र होंगे

बेंच ने इस बात पर चिंता जताई कि इस व्यवस्था का गलत इस्तेमाल भी हो सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि यह तय करने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश हों कि कौन-कौन से कैदी इस रिहाई के पात्र होंगे। नालसा की ओर से पेश वकील ने बताया कि उनके द्वारा बनाई गई एसओपी में यह स्पष्ट किया गया है कि कौन से कैदी गंभीर रूप से बीमार की श्रेणी में आएंगे और जेल के मेडिकल अधिकारी से इसका प्रमाण पत्र लिया जाएगा।

### केरल में एक 94 वर्षीय कैदी है जो अब तक जेल में है

इस पर बेंच ने टिप्पणी की, पहचान करना अलग बात है, लेकिन सत्यापित करने में ही असली मुश्किल है। इस व्यवस्था के दुरुपयोग की काफी संभावना है। भाटी ने बताया कि केंद्र की एसओपी में एक मेडिकल बोर्ड गठित करने की बात कही गई है जो ऐसे मामलों की जांच करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि एक कैदी 1985 से अस्थमा से पीड़ित है। नालसा की ओर से यह भी बताया गया कि केरल में एक 94 वर्षीय कैदी है जो अब तक जेल में है।

### गंभीर रूप से बीमार कैदियों के लिए विशेष प्रावधान किए गए

बेंच ने उन कैदियों पर भी विचार किया जिन्हें उम्रकैद की सजा दी गई है, जिसमें सजा उनकी प्राकृतिक मृत्यु तक चलती है। जस्टिस मेहता ने कहा, जयपुर केंद्रीय कारागार में कई कैदी हैं, जिन्हें बम विस्फोट के मामलों में सजा हुई है... उनमें से एक डॉक्टर था, जिनकी कुछ महीने पहले मृत्यु हो गई। वह 104 साल के थे। उत्तर प्रदेश सरकार के वकील ने बताया कि राज्य की 2018 की नीति में गंभीर रूप से बीमार कैदियों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं और एक मेडिकल बोर्ड गठित करने की व्यवस्था है।

### बीमार कैदियों को विशेष देखभाल की जरूरत

शीर्ष कोर्ट ने पांच मई को केंद्र और बिहार, उत्तर प्रदेश सहित 18 राज्यों से इस याचिका पर जवाब मांगा था। याचिका में कहा गया कि इन बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार कैदियों को विशेष देखभाल की जरूरत है, लेकिन जेलों में अधिक भीड़ के कारण जेल प्रशासन ऐसा कर पाने में सक्षम नहीं है।

### जमानत या सजा निलंबित कराने का अवसर नहीं मिला

नालसा ने बताया कि ये कैदी बिहार, केरल, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा सहित कई राज्यों की जेलों में बंद हैं। वकील ने कहा कि कई ऐसे गंभीर बीमार कैदी हैं, जिनकी सजा उच्च न्यायालयों की ओर से बरकरार रखी गई है, लेकिन वे सुप्रीम कोर्ट तक नहीं पहुंच पाए हैं और उन्हें जमानत या सजा निलंबित कराने का अवसर नहीं मिला है। इसलिए इस मामले पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया गया कि 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले और गंभीर बीमारियों से ग्रसित कैदियों की रिहाई के लिए दिशानिर्देश जारी किए जाएं।

---

# प्रदेश के मदरसों में छात्रवृत्ति धांधली पर सीएम धामी सख्त, दिए जांच के आदेश

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल को कागजों में अल्पसंख्यक विद्यालय दर्शाकर केंद्र सरकार की ओर से पोषित विद्यालयों को दी जाने वाली छात्रवृति के मामले में मुख्यमंत्री ने विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण को जांच के आदेश दिए हैं। ऊधमसिंह नगर जिले में 2021-2022 और 2022-2023 के राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर दर्ज किए अल्पसंख्यक छात्रवृति आवेदकों की प्रमाणिकता जांचने के लिए जिले के 796 बच्चों के दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई थी। इनमें से छह मदरसों, शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले 456 बच्चों के बारे में जानकारी संदिग्ध मिली है। खास बात ये है कि इन स्कूलों में सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल किच्छा का नाम भी शामिल है। इससे धांधली का मामला सामने आया है। सरस्वती शिशु मंदिर अल्पसंख्यक विद्यालय नहीं होता, दूसरा इसका संचालक मोहम्मद शारिक-अतीक बताया गया है। राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल के अनुसार यहां 154 मुस्लिम बच्चों का पढ़ना बताया गया है। राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल पर ये नाम देखकर हड़कंप मचा है। सीएम धामी ने विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण डॉ. पराग मधुकर धकाते को जांच के आदेश दिए हैं। सरकार ने काशीपुर के नेशनल अकादमी जेएमवाईआईएचएस में पढ़ने वाले 125 मुस्लिम छात्रों और इसके संचालक गुलशफा अंसारी, मदरसा अल जामिया उल मदरिया के 27 बच्चों और उसके संचालक मोहम्मद फैजान का सत्यापन भी किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा मदरसा अल्बिया रफीक उल उलूम घनसारा बाजपुर के संचालक जावेद अहमद और यहां के 39 बच्चों, जावेद अहमद के नाम से गदरपुर के मदरसा जामिया आलिया के 24 बच्चों के बारे में भी दस्तावेज जांचने और मदरसा जामिया रजा उल उलूम बाजपुर के 85 बच्चों और संचालक इरशाद अली के सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं।



> राज्य में राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल में दी गई आवेदकों की जानकारी संदेहजनक प्रतीत हुई है। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर के नाम से छात्रवृति का प्रकरण भी सामने आया है। जिसकी जांच करने के लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव को निर्देशित किया गया है। देवभूमि में भ्रष्टाचार के मामलों को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
> – पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

---

# ईडी ने छांगुर का कॉम्प्लेक्स किया सीज



**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

यूपी के बलरामपुर में शुक्रवार को एक बार फिर ईडी की टीम पहुंची। गोपनीय तरीके से पहुंची टीम ने छांगुर का कॉम्प्लेक्स सीज कर दिया। यहां पर नोटिस चस्पा किया गया है। इसमें कई महत्वपूर्ण बातों का जिक्र किया गया है। इससे इस बात अंदाजा लगाया जा सकता है कि जलालुद्दीन उर्फ छांगुर कितने शातिर किस्म का अपराधी है। अवैध धर्मांतरण व राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के सरगना छांगुर के गिरोह से जुड़े नीतू और नवीन रोहरा से जुड़े कई रिकार्ड प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) के हाथ लगे हैं। ईडी की ओर से आसवी बुटीक पर चस्पा किए गए नोटिस से कई राज खुल रहे हैं। छांगुर ने मुंबई में रनवल ग्रींस नामक एक कांप्लेक्स का सौदा भी कर रखा था। इसके साथ ही कई अन्य संपत्तियों का ब्योरा ईडी ने जब्त किया है। इससे पहले गुरुवार के अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर और उसके करीबियों के बलरामपुर, मुंबई और लखनऊ के 15 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला नेटवर्क से जुड़े मामलों में बड़ी कार्रवाई की। ईडी की 15 टीमों ने छांगुर बाबा के 12 ठिकाने पर एक्शन लिया। यह कार्रवाई सुबह 6 बजे पूरी प्लानिंग के तहत एक साथ शुरू की गई, ताकि किसी को भागने का मौका नहीं मिले। इस कार्रवाई में कई चौंकाने वाले सुराग ईडी के हाथ लगे हैं। बलरामपुर में लगभग 13 घंटे तक बाबा के ठिकानों को खंगाला गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान करोड़ों की संपत्तियों की जांच की गई थी। जमीनों की खरीद-फरोख्त से जुड़े लोगों के घरों पर भी छापेमारी की गई, इस दौरान ईडी ने लेनदेन का ब्योरा जुटाया।

---

# लखनऊ में राजस्व विभाग की मिलीभगत से हरीभरी जमीन पर अवैध कब्जा

- ग्राम पंचायत माल में सरकारी जमीन को बना रहे निजी संपत्ति प्रशासन बना मूकदर्शक

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ/माल**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शासन-प्रशासन की नाक के नीचे सरकारी जमीन पर खुलेआम कब्जा किया जा रहा है और हैरानी की बात यह है कि पूरा खेल राजस्व विभाग की नाक के नीचे हो रहा है, लेकिन विभाग को जैसे कुछ दिख ही नहीं रहा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, माल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत माल में ग्राम प्रधान और लेखपाल की मिलीभगत से खसरा संख्या 533, जो कि सरकारी अस्पताल के ठीक बगल में स्थित हरीभरी सुरक्षित जमीन है, वहां अब तेज़ी से अवैध निर्माण कार्य चल रहा है। यह जमीन मूलतः हरियाली और सार्वजनिक उपयोग के लिए चिन्हित है, लेकिन अब इस पर निजी मकान और निर्माण सामग्री का कब्जा जमाया जा रहा है।

### कौन हैं ये दबंग? कौन दे रहा है संरक्षण?

इस सवाल का जवाब अभी तक कोई अधिकारी नहीं देना चाहता। लेकिन क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे अवैध कब्जे को स्थानीय दबंगों को सत्ता व प्रशासन में बैठे कुछ ÷हाथों÷ का संरक्षण प्राप्त है। यही कारण है कि न तो लेखपाल कोई रिपोर्ट बनाता है, न ही ग्राम प्रधान कोई विरोध करता है।



खसरा संख्या 533 में हो रहा अवैध निर्माण

### डरहीन कब्जाधारी, मौन प्रशासन

सबसे चिंताजनक बात यह है कि अवैध कब्जा करने वाले लोगों को शासन-प्रशासन या कानून का कोई डर नहीं है। वे खुलेआम निर्माण करवा रहे हैं और कोई अधिकारी मौके पर कार्रवाई करने तक नहीं पहुंचता।

### अब सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि...

- क्या राजस्व विभाग जागेगा?
- क्या जिम्मेदार अफसरों और कब्जाधारियों पर होगी कोई कार्रवाई?
- या फिर एक और सरकारी ज़मीन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगी?

### जनता जवाब चाहती है

अब देखना होगा कि डीएम लखनऊ, एसडीएम मलिहाबाद, और राजस्व विभाग के आला अधिकारी इस घोटाले पर क्या कदम उठाते हैं। जन एक्सप्रेस इस मुद्दे को पूरी ताकत से उठाएगा, और जनता की जमीन को बचाने के लिए सवाल पूछता रहेगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### शत-प्रतिशत टीडी टीकाकरण के लिए पुनः चलेगा अभियान

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में डिप्थीरिया रोग के बढ़ते मामलों के दृष्टिगत नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बीते विश्व टीकाकरण सप्ताह 24 अप्रैल से 10 मई 2025 के दौरान स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण अभियान से छूटे हुए सभी बच्चों का टीकाकरण पुनः एक से 31 अगस्त के मध्य अभियान चलाकर किया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि विश्व टीकाकरण सप्ताह के दौरान छूटे हुए स्कूलों, विद्यालयों, मदरसों तथा 75 प्रतिशत से कम टीकाकरण वाले शैक्षिक संस्थानों में पुनः शत-प्रतिशत टीडी टीकाकरण किया जाना है। इसके लिए उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को कहा है कि एक से 31 अगस्त तक संचालित होने वाले इस स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विद्यालयों, मदरसों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक एवं सीडीपीओ, खंड शिक्षा अधिकारी आदि को निर्देशित करें ताकि छूटे हुए बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कर अभियान को संपन्न कराया जा सके।

### जिले के 16 केंद्रों पर होगी आरओ और एआरओ की परीक्षा

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा 27 जुलाई को जिले के 16 केंद्रों पर होगी। परीक्षा के लिए 7584 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। इन केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। साथ ही पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। 27 जुलाई को होने वाली आरओ व एआरओ की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से शुरू होगी और 12:30 बजे तक चलेगी। परीक्षा कराने के लिए पांच सेक्टर और पांच स्टेटिक मजिस्ट्रेट रिजर्व में रखे गए हैं। डीआईओएस दिनेश कुमार ने बताया कि परीक्षा के लिए तैयारियां की जा रही हैं। सभी केंद्रों के सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त कराए जा रहे हैं। साथ ही सुरक्षा के लिए सभी केंद्रों में पर्याप्त पुलिस भी मौजूद रहेगा। आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, आर्यकन्या इंटर कॉलेज, पंडित जेएन डिग्री कॉलेज, पंडित जेएन इंटर कॉलेज गिरवां, जनता इंटर कॉलेज खुरहंड, हिंदू इंटर कॉलेज अतर्रा, पीजी कॉलेज अतर्रा, इंजीनियरिंग कॉलेज अतर्रा, सेंटमैरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल, विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल व भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी, राजकुमार इंटर कालेज नरैनी, जीजीआईसी तिंदवारी, जीजीआईसी मटौंध शामिल हैं।

### पति की प्रताड़ना से क्षुब्ध गर्भवती ने फंदा लगाकर खुदकुशी

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पति की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर तीन माह की गर्भवती ने घर के बरामदे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मायके पक्ष से आए पिता ने पति पर करंट लगाकर मारने और शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। चिल्ला थाना क्षेत्र के महेंदू गांव निवासी अमरपाल ने बताया कि चचेरे भाई की पत्नी अर्चना देवी (30) ने बुधवार को दोपहर घर के बरामदे में रस्सी से फंदा लगा लिया। घटना के समय पति विपिन सब्जी लेने गया था।

# 19 परीक्षा केंद्रों पर 8088 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

■ नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु तैनात होंगे सेक्टर मजिस्ट्रेट

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 को निष्पक्ष, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता सर्वोपरि है, किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सभी अधिकारियों को परीक्षा दिवस पर समय से पूर्व केंद्रों पर पहुँचकर समस्त व्यवस्थाओं की समीक्षा करनी होगी। डीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्र पर किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा, इसमें मोबाइल फोन, स्मार्ट घड़ी, ब्लूटूथ डिवाइस आदि शामिल हैं। परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए पुलिस बल, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। परीक्षा आयोजन के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित ने जानकारी दी कि समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा0) परीक्षा-2023 का आयोजन 27 जुलाई 2025 (रविवार) को प्रातः 9:30 बजे से 12:30 बजे तक एक ही सत्र में किया जाएगा। परीक्षा के लिए जनपद में कुल 19 केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 8088 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। समुचित व्यवस्था के तहत 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 19 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 19 केंद्र व्यवस्थापक तथा 19 सह केंद्र व्यवस्थापक (प्रशासन) की तैनाती सुनिश्चित की गई है। निर्धारित परीक्षा केंद्रों में उरई नगर के राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज, दयानंद वैदिक महाविद्यालय, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, ब्रज कुंवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल, एसआर पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, मॉर्निंग स्टार चिल्ड्रन एकेडमी, श्रीगांधी इंटर कॉलेज, गांधी महाविद्यालय, श्री विनायक एकेडमी (ब्लॉक॰ व क्क) सहित जनपद के छत्रसाल इंटर कॉलेज, जालौन और बीएमटी इंटर कॉलेज, आटा को शामिल किया गया है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सभी उप जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, केंद्र व्यवस्थापक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अजगर मिलने की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कदौरा क्षेत्र के ग्राम बबीना मौजा के खेतों में अजगर मिलने की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उसे सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। बताया गया कि इस समय खेतो में धान की रोपाई चल रही है। बबीना मौजा में कठपुरवा मोड़ के पास नरेन्द्र वीर सिंह के खेत में काम कर रहे मजदूरों को एक भारी भरकम अजगर दिखाई दिया। जिसकी लंबाई करीब दो से ढाई मीटर के करीब थी। अजगर की सूचना पर वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गई और किसानों ने खेत में अजगर होने की सूचना प्रधान प्रतिनिधि चंदन सहित वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे वन विभाग टीम के वन दरोगा सत्येन्द्र सचान, वन दरोगा मयंक दीक्षित ने आधा घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित पकड़ लिया। वन दरोगा सत्येन्द्र सचान ने बताया कि निकला हुआ सर्प अजगर है। जो कि दो से ढाई मीटर लंबा है। जिसकी मोटाई का व्यास करीब आठ से दस इंच के करीब है। जिसे सुरक्षित पकड़ कर जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

## शासन की मंशानुरूप गुणवत्ता के साथ समस्याओं का निस्तारण: डीएम



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शुक्रवार को कलेक्टरेट स्थित सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन कर फरियादियों की समस्याएं सुनी तथा निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कलेक्टरेट स्थित सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को एक-एक करके सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन सामान्य की शिकायतों का शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। कहा कि जमीन से सम्बन्धित मामलों में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निष्पक्ष निस्तारण कराएं। साथ ही निस्तारण से सम्बन्धित लाभार्थी को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव, अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, चकबंदी अधिकारी बन्दोबस्त मनोहर लाल धर्मन आदि मौजूद रहे।

## पैदल जा रहे मजदूर को कार ने मारी टक्कर, मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

■ परिजन मौके पर पहुंच गए और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया

कोतवाली क्षेत्र में कोंच रोड पर तेज रफ्तार कार ने मडोरा के पास सड़क किनारे पैदल जा रहे मजदूर को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई।

जालौन कोतवाली क्षेत्र ग्राम लोना निवासी सतरु अहिरवार 55 वर्ष पिछले काफी समय से अपने बहनोई मुकुंदी निवासी ग्राम मडोरा कोतवाली उरई के घर रह रहा था। जहां से वह मजदूरी करने रोजाना पैदल उरई आता था। बताया गया कि रोज की तरह वह गुरुवार को भी मजदूरी करने आया था। जो काम निपटाने के बाद देर रात तकरीबन 10 बजे वापस गांव पैदल जा रहा था। इस दौरान जब वह कोंच रोड पर ग्राम मडोरा के पास से गुज़र रहा था। तभी उसे तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह उछलकर दूर गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हादसे के बाद कार सवार लोग मौके से कार लेकर भाग निकले। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मजदूर की पहचान कर खबर उसके बहनोई मुकुंदी और बहन बती को दी। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## संदिग्ध हालत में युवक की मौत, जहर देने का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस/उरई।** अचेत अवस्था में मेडिकल कॉलेज लाए गए युवक को चिकित्सकों ने जांच पड़ताल के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं मौजूद परिजनों उसे जहर देने का आरोप लगाया है। उरई मेडिकल कॉलेज के पोस्टमॉर्टम हाउह में मौजूद जनपद हमीरपुर के सरीला थाना क्षेत्र के ग्राम परछा निवासी बीरबल यादव ने बताया कि गुरुवार शाम को उनका पुत्र नरेंद्र 29 वर्ष घर पर आया और अचेत होकर गिर गया। पुत्र को अचेत अवस्था में देखकर परिजनों में कोहराम मच गया और उन्होंने उसे तत्काल हमीरपुर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें उपचार के बाद उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता बीरबल का आरोप है कि कुछ लोगों ने उसे जहर दिया है। लेकिन परिजनों ने अभी पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी है, जबकि पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी नीलम और दोनों बच्चों सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## विद्युत मेगा बिल समाधान महा कैंप के शिविर में उपभोक्ताओं की सुनी गई समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । उरई**



विद्युत उपभोक्ताओं की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान हेतु शुक्रवार को ऊर्जा भवन में नोडल अधीक्षण अभियंता मनीष द्विवेदी की अध्यक्षता में महा कैंप का आयोजन किया गया।जिसमें उपभोक्ताओं की बिल से जुड़ी सभी प्रकार की जैसे नये संयोजन, भार वृद्धि, खराब मीटर, बिल संशोधन, विद्या परिवर्तन, बिल जमा करने एवं अन्य संबंधित कार्यों की शिकायतों का निस्तारण किया गया। इसके साथ ही आयी शिकायतों का पंजीकरण टोल फ्री नंबर 1912 पर किया गया। मेगा समाधान शिविर में 33 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें 02 का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि अवशेष शिकायतों के समाधान हेत संबंधित जेई को मौके पर भेजा गया है ताकि उनका भी समय से समाधान हो सके। इसीक्रम में 2 लाख 20 हजार रुपये बकाया बिलो की वसूली जमा हुई। मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर में मौजद अधीक्षण अभियंता नंदलाल ने बातचीत के दौरान बताया कि विभाग की मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर आयोजित कराने के पीछे मुख्य मंशा यही है कि शिविर में आने वाली शत प्रतिशत शिकायतों का गुणवत्तपूर्ण निस्तारण वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में मेगा शिविरों का आयोजन स्थलो पर ही सुनिश्चित कराया जा सके। साथी उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि जिनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। वह मेला शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्या को दर्ज कराएं, ताकि उनकी शिकायत का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित कराया जा सके।इस दौरान बिजली उपखंड अधिकारी द्वितीय गौरव गुप्ता, बिजली उपखंड अधिकारी प्रथम ऋषभ राजपूत, अवर अभियंता संतोष कुमार, कार्यालय सहायक मयंक बाजपेई, लेखाकार श्रवण कुमार शर्मा, जितेंद्र, अस्सू, असलम आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## सदगुरू नेत्र चिकित्सालय नेत्र रोगियों के लिए है वरदान: डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा संचालित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय का जिलाधिकारी सतना सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता ने भ्रमण कर नेत्र चिकित्सालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी और एसपी ने सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के वाह्य रोगी विभाग, ऑपरेशन थियेटर, आई बैंक, ट्रेनिग, ट्रेनिंग सेंटर, कांफ्रेंस हाल, नेत्र रोगी वार्ड, ट्रस्ट के मॉडल सहित नेत्र चिकित्सालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। चिकित्सालय के विभिन्न प्रकल्पों को देख डी एम व एसपी ने खूब सराहा। जिलाधिकारी ने चित्रकूट जैसे ग्रामीण अंचल में इतनी बड़ी नेत्र चिकित्सा की व्यवस्था देखकर खूब सराहा और कहा कि ये चिकित्सालय दूर दराज से आने वाले नेत्र रोगियों के लिए एक वरदान है, इसके होने से यहां के लोगो को बहुत आराम और सुविधा है। साथ ही उन्होंने कहा कि बाहर ईलाज के दौरान लोगो को बहुत सारी आने वाली परेशानियों से इस नेत्र चिकित्सालय के होने से बचत भी है। इस ट्रस्टी डॉ इलेश जैन, राजेंद्र मिश्रा, सुबीस, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शुक्ला सहित सदगुरू परिवार के तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## छिनैती की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर युवक गिरफ्तार

■ चोरी की बाइक नागदी व जेवरात किए गए बरामद, एसपी ने किया खुलासा

**जन एक्सप्रेस । उरई**



आटा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छिनैती की वारदातों को अंजाम देने वाले दो लोगों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा एसपी ने पुलिस लाइन में किया।

आटा थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह गुरुवार की रात अपने अधीनस्थों के साथ क्षेत्र में भ्रमण करने में लगे हुए थे। इसी दौरान मुखबिर द्वारा कुछ सामान बेचने जा रहे छिनैती की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो आरोपियों की भनक लगी। खबर मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक ने टीम के साथ आटा रेलवे क्रासिंग के पास चेकिंग लगा दी। इसी दौरान दो युवक झोला सहित बाइक से निकले जिन्हें पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। लेकिन बाइक सवार पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। इसके बाद पुलिस ने उनका पीछा किया और घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। पकड़े गए युवकों से जब गाड़ी के कागज मांगे तो वह चोरी की निकली। पूछताछ के दौरान एक ने अपना नाम नाम शनि कंजड़ 19 वर्ष और दूसरे ने राजा कंजड़ 20 वर्ष निवासीगण ग्राम संदी बताया।तलाशी लेने पर उनके पास से झोले से पुलिस ने एक तमंचा, चांदी की दो छोटी कटोरी, एक गिलास, एक चम्मच, एक चैन व एक प्लेट नई व चांदी का हाफ पेटी, 45 सौ रुपये व 17 मोबाइल बरामद किए। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि दोनों आरोपित क्षेत्र में छिनैती घटनाओं को अंजाम देते थे। दोनों को पकड़ने वाली टीम को 10 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा।

## 22 तक चलेगा भूजल सप्ताह, ग्रामीणों को करेंगे जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में भूगर्भ जल के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 16 से 22 जुलाई तक भूजल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

बताया कि भूजल सप्ताह के तहत कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को भूजल के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यममिक शिक्षा विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग सहित अन्य राजकीय शिक्षण संस्थाओं द्वारा स्कूलों, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में भूजल सप्ताह के तहत कार्यक्रमों का आयोजन कर सभी को भूजल के प्रीति जागरूक किया जा रहा है।बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यममिक शिक्षा विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग सहित अन्य राजकीय शिक्षण संस्थाओं द्वारा स्कूलों, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में भूजल सप्ताह के तहत कार्यक्रमों का आयोजन कर सभी को भूजल के प्रीति जागरूक किया जा रहा है। बताया कि इसी क्रम में विकासखंड मऊ में 17 जुलाई व रामनगर में 18 जुलाई को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत क्षेत्र के विद्यालयों व कॉलिजों में भूजल संरक्षण के प्रति सभी को जागरूक करने के लिए परिचर्चा एवं संवाद, निबन्ध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, रैलियों, साइकिल परेड आदि का आयोजन किया गया। साथ ही पोस्टर, होर्डिंग, बैनर इत्यादि के माध्यम से आम जानमानस को भूजल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। बताया कि इसी प्रकार पहाड़ी में 19 जुलाई को, मानिकपुर में 21 जुलाई को तथा कर्वी में 22 जुलाई 2025 को कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को जागरूक करते हुए भूजल सप्ताह को सफल बनाया जाएगा।

## भारतीय न्याय संहिता की धाराओं को लागू करने के लिए किया गया कार्यशाला का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता व प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन विनोद कुमार सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 व धारा 103(2) के प्रावधानों को लागू करने के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक व प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन ने मौजूद सभी पुलिस अधिकारियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 व 103 (2) के प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही विवेचकों को धारा 111 में संगठित अपराध से सम्बन्धित प्राविधानों एवं धारा 103 (2) में भीड़ द्वारा हत्या के सम्बन्ध में दिए गए प्राविधानों को अत्यंत संयम के साथ लागू करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरण सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय अरविन्द्र वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद, क्षेत्राधिकारी यातायात फहद अली, वाचक पुलिस अधीक्षक निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, प्रभारी मीडिया सेल निशिकांत राय, प्रभारी महिला सेल जयप्रकाश उपाध्याय सहित सम्बन्धित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## चार ट्रांसफार्मर फुंकने से 24 से अधिक गांवों की बत्ती गुल

**जसपुरा।** चार ट्रांसफार्मर फुंक जाने से बारिश के मौसम में क्षेत्र के 24 से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति ठप है। सूचना देने के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे 15 हजार से अधिक लोग परेशान हैं। एक सप्ताह से नांदादेव, भाथा, शंकरपुरवा और कृषि मंडी क्षेत्र के ट्रांसफार्मर फुंक गया। बिजली विभाग को सूचित किए जाने के बावजूद अब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्राम पंचायत नांदादेव में टावर के पास 100 केवी का ट्रांसफार्मर एक सप्ताह से फुंका है। भाथा गांव में गया प्रसाद की चक्की के पास 63 केवी का और शंकरपुरवा में गजोधर के डेरा के पास 63 केवी का ट्रांसफार्मर भी फुंक गया है। ग्राम प्रधान रोहित निषाद ने बताया कि बिजली विभाग को जानकारी दी जा चुकी है लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं बदले जा रहे।

## ताराचन्द्र त्रिपाठी बने विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




हिन्दू धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिये बने संगठन विश्व हिंदू रक्षा परिषद का जिलाध्यक्ष ताराचन्द्र त्रिपाठी को बनाया गया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने शुक्रवार को धर्मनगरी आकर भगवान कामतानाथ मंदिर में माथ टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया।

विश्व हिंदू रक्षा परिषद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ताराचन्द्र त्रिपाठी का शुक्रवार को जनपद की सीमा राजापुर से बोडी पोखरी के मध्य भव्य स्वागत किया गया। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय से मनोनयन पत्र प्राप्त करने के बाद पहली बार जिले में आए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय महासचिव पंकज पाण्डेय और प्रदेश मंत्री सुशील महराज के साथ कामतानाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि संगठन को जन-जन तक पहुंचाते हुए हिंदू धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए युवाओं को संगठित करना ही उनका पहला लक्ष्य है। सभी लोग मिलकर सनातन धर्म के मूल्यों के संवर्धन और समाज में जागरुकता लाने का काम करेंगे।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष त्रिजुगी नारायण शुक्ला, राजकुमार शुक्ला, जिला महामंत्री अजीत कुमार मिश्रा, जिला मंत्री गणेश मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष सुनील द्विवेदी, जिला संगठन मंत्री भूपेन्द्र मिश्रा, कल्याण पयासी, राजा बेलौहा, प्रभात बेलौहा, दुर्गा शंकर बेलौहा, नीरज बेलौहा, राजा उपाध्याय, विनय शुक्ला, राजेश शिवहरे, शिवम बेलौहा, सुमित पयासी, पवन पयासी, दयाशंकर गुप्ता, शिव शंकर तिवारी आदि मौजूद रहे।



### करंट लगने से किसान की...

फतेहपुर। थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के गांव में शुक्रवार सुबह एक किसान अपने खेत में सिंचाई कर रहा था तभी बिजली के खुले तारों की चपेट में आने से करंट लग... ▸ शेष पेज 11 पर...

# आसान नहीं है डॉ. नेमी का कुर्सी पर बने रहना

## शासन के आख्या देने के बाद हो सकता बदलाव

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में डॉ. हरिदत्त नेमी ने गुरुवार को सीएमओ का चार्ज ले लिया है। लेकिन उनके इस पद पर बने रहना आसान नहीं रहेगा। निलंबन के संबंध में हाईकोर्ट में दाखिल याचिका की सुनवाई 18 अगस्त को होनी है। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मामले में आख्या देंगे। इसके साथ ही स्थगनादेश की अवधि खत्म हो जाएगा। इसके बाद बदलाव हो सकता है।



हाईकोर्ट के स्थगनादेश के मद्देनजर जो शासनादेश जारी किया गया है उसमें सिर्फ निलंबन और संबद्धता के आदेश के स्थगित होने का जिक्र है। आदेश में इसका कोई जिक्र नहीं किया किया गया कि स्थगनादेश की अवधि समाप्त होने के बाद की स्थिति क्या होगी। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि स्थगनादेश से डॉ. नेमी पूर्व की स्थिति में आकर सीएमओ हो गए।

अन्य मामलों की जांच रफ्तार पकड़ लेगी

स्थगनादेश की अवधि खत्म होते ही वह निलंबन और संबद्धता की स्थिति में आ सकते हैं। इसके बाद शासन फैसला लेगा। साथ ही अन्य मामलों की जांच रफ्तार पकड़ लेगी। डॉ. उदयनाथ के आदेश में यह साफ कहा गया है कि अग्रिम आदेशों तक वह एसीएमओ श्रावस्ती के रूप में काम करेंगे। इसका मतलब यह निकाला जा रहा है कि स्थगनादेश की अवधि समाप्त होते ही डॉ. उदयनाथ के तबादले और सीएमओ की नियुक्ति संबंधी शासनादेश फिर प्रभावी हो सकता है।

## मीटर रीडिंग ली नहीं और भेजा 20 हजार का बिल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा और 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा करने वाले केस्को की पोल उसी के समाधान शिविरों में खुल रही है। किसी का बिना मीटर रीडिंग लिए बढ़ाकर बिल भेजा जा रहा है, तो किसी का जमा हो चुका बिल भी नए में जोड़कर भेजा जा रहा है। विभाग के चक्कर काटने के बाद अब शिविरों में भी अधिकारी उन्हें टरका रहे हैं।

केस्को ने गुरुवार को फूलबाग, दबौली, नौबस्ता व केशवपुरम हेल्प डेस्क पर समाधान शिविर लगाए। दबौली के समाधान कैंप में शिकायत लेकर पहुंचे ख्योरा निवासी संजय झा ने बताया कि सात माह से कोई रीडिंग लेने नहीं आया। अभी तक आठ-850 रुपये बिल आ रहा था लेकिन इस बार जून का बिल 20 हजार भेज दिया है। मसवानपुर हेल्प डेस्क के साथ ही दादानगर जाकर भी शिकायत की पर सुनवाई नहीं हुई। वहीं, फूलबाग समाधान कैंप में पहुंचे इंद्रानगर निवासी प्रमोद अग्निहोत्री ने बताया कि पांच दिन की बिजली खपत 100 यूनिट लगाकर दी गई और 13,390 रुपये का बिल भेजा गया है।

## गंगा बैराज से युवक ने लगाई छलांग, गोताखोरों की मदद से तलाश जारी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में गंगा बैराज पर उस समय हड़कंप मच गया, जब उन्नाव के पावा निवासी एक युवक ने अचानक बैराज में छलांग लगा दी। युवक अपनी बाइक से गेट नंबर 26 पर आया और बिना कुछ सोचे-समझे सीधे गंगा में कूद गया। स्थानीय लोगों को कुछ समझ ही नहीं आया। इस घटना के बाद गंगा बैराज पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में राहगीर मौके पर इकट्ठा हो गए, जिन्हें सूचना पर पहुंची पुलिस ने फौरन हटाया। पुलिस ने तत्काल बैराज के गेट नंबर 26 को बंद कर दिया और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कर दी है।





### आक्रोशित परिजनों ने लगाया जाम

वहीं, युवक के परिजनों को जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली, वे भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। युवक ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी अभी जानकारी नहीं है। वहीं, आक्रोशित परिजनों ने गंगा बैराज मार्ग को जाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया।

### युवक की तलाश जारी

पुलिस परिजनों को शांत कराने और जाम खुलवाने का प्रयास कर रही है। फिलहाल, युवक की तलाश जारी है। घटनास्थल पर पुलिस और गोताखोरों की टीम तैनात है और लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है।

जल्द से जल्द ढूढ़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## बाबू पुरवा में 24 घंटे से बिजली गुल

### सबस्टेशन पर विधायक हसन रूमी का धरना



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर के बाबू पुरवा सबस्टेशन पर बिजली की 24 घंटे से अधिक समय की अघोषित कटौती से परेशान होकर कैंट विधायक हसन रूमी धरने पर बैठ गए हैं। उनके साथ सैकड़ों की तादाद में क्षेत्रीय लोग, पार्षद पति अखिल शानू और पार्षद पति आलोक यादव भी सब-स्टेशन के अंदर मौजूद हैं।

विधायक हसन रूमी ने आरोप लगाया है कि बिजली विभाग के निजीकरण के कारण अधिकारी और कर्मचारियों के बीच तालमेल की कमी है। उनका कहना है कि कर्मचारियों के संसाधन छीने जा रहे हैं, जिसका खामियाजा उपभोक्ता बिजली कटौती के रूप में भुगत रहा है।

विधायक बोले- केवल आश्वासन ही मिला

रूमी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हर साल बारिश का मौसम आता है

और पेड़ों की छंटाई भी होती है, लेकिन बिजली व्यवस्था का इतना बुरा हाल पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि केस्को के एसडीओ से बात करने के बाद भी उन्हें केवल आश्वासन ही मिला, जिसके बाद मजबूरन उन्हें आज धरने पर बैठना पड़ा है। मौके पर पुलिस बल भी मौजूद है, लेकिन सबस्टेशन से कर्मचारी और अधिकारी नदारद बताए जा रहे हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### चकेरी में एनजीओ से लाखों की चोरी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में चकेरी थाना क्षेत्र के जेके मानस विहार स्थित प्रेरणा महिला समिति एनजीओ में चोरों ने सेंधमारी कर दी। चोरों ने संस्था की अलमारी का ताला तोड़कर तीन लाख रुपये नकद और दो चांदी के सिक्के चुरा लिए। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने बड़ी ही चालाकी से वारदात को अंजाम दिया। एनजीओ के कर्मचारियों को जब सुबह चोरी का पता चला, तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और चोरों की तलाश जारी है।

### झाड़ियों में मिला अज्ञात युवक का शव

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर के भीतरगांव इलाके में शुक्रवार सुबह झाड़ियों में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव पड़ा देख ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही साढ़ थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और मृतक की शिनाख्त कराने में जुटी हुई है। यह घटना साढ़ थाना क्षेत्र के सचौली पुल स्थित पुलिया के पास की है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक कौन था और उसकी मौत कैसे हुई।

### प्राइवेट स्कूल में मासूम की बेरहमी से पिटाई


**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में साकेत नगर स्थित एक प्राइवेट स्कूल में ढाई साल के एक मासूम बच्चे के साथ टीचर की बेरहमी का मामला सामने आया है। बच्चे के परिजनों को जब सीसीटीवी फुटेज के जरिए इस घटना की जानकारी मिली, तो वे हैरान रह गए। जानकारी के अनुसार, स्कूल की टीचर ने ढाई साल के बच्चे की बुरी तरह से पिटाई की। यह पूरी घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जब परिजनों ने फुटेज देखी, तो उन्हें अपने बच्चे के साथ हुई इस अमानवीय हरकत का पता चला। इस घटना के बाद परिजनों ने तत्काल स्कूल प्रशासन से शिकायत की है और टीचर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को भी इस मामले की सूचना दे दी गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### चार किलो चरस के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में चकेरी पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार चरस तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने इन आरोपियों को चकेरी एयरपोर्ट के पास से पकड़ा है। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान वसी, आशिफ, अजहर और शादाब के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से कुल चार किलोग्राम चरस बरामद की है। शुरुआती जांच में पता चला है कि ये चारों आरोपी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चरस की तस्करी का काम करते थे। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और इनके नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

### तेज हवाओं और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में बीती रात भीतरगांव क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बारिश और आंधी के कारण भीतरगांव-साढ़ मार्ग पर एक पेड़ धराशायी हो गया, जिससे यह मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया है। यातायात बाधित होने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, पासीखेड़ा गांव में भी एक पेड़ विद्युत पोल पर गिरने से विद्युत सप्लाई ठप हो गई है। बिजली गुल होने से गाँव में अंधेरा छा गया है और दैनिक कार्य प्रभावित हुए हैं। स्थानीय प्रशासन सड़कों से पेड़ हटाने और बिजली आपूर्ति बहाल करने के प्रयास में जुटा है।

## आम जनता के प्रति सेवा भाव रखने वाले व्यक्ति 26 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

जन एक्सप्रेस/राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा मा0 अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के द्वारा समाज के निम्नतम व्यक्ति/अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्य, अनैतिक, अत्याचार के शिकार लोग या ऐसे लोग जिनसे बेगार कराया जाता है, महिलाएं एवं बच्चे, मानसिक रोगी एवं दिव्यांग, अनपेक्षित अभाव जैसे बहुविनाश, जातीय हिंसा, बाढ़, सूखा, भूकम्प या औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताये हुए व्यक्ति या शहीद सैनिक के आश्रित, औद्योगिक श्रमिक, किशोर, कारागार, मनोचिकित्सक अस्पताल या मनोचिकित्सकीय परिचार्यगृह में अभिरक्षा में रखे गये व्यक्ति, समाज के प्रत्येक वर्ग का प्रतिनिधित्व एवं हर जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों तक विधिक जागरूकता एवं विधिक सहायता कार्यक्रमों की पहुँच सुनिश्चित कराने व ऐसे सभी व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम हो को विधिक सहायता व न्याय दिलाने हेतु पराविधिक स्वयंसेवकों (Para Legal Volunteers) की नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जानी है।

# जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि,मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल,क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अयोध्या मंडल अनिमेष सक्सेना सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।जनपद में खेलों को किस प्रकार बढ़ाया जाए, तथा जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के कोष में बजट की उपलब्धता,गरीब खिलाड़ियों को प्रोत्साहन,आर्थिक मदद, खेल किट आदि प्रदान किए जाने,ग्रामीण स्तर के मिनी स्टेडियमों को सुदृढ़ीकरण किए जाने तथाखिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में खेलकूद को प्रोत्साहित करने के लिए क्या-क्या कार्य किए जा सकते हैं इस पर रणनीति बनाकर कार्य करना होगा, कई बच्चे अपने घर से पैसा लगाकर बहुत अच्छी तैयारी कर रहे हैं किंतु उन्हें सही प्लेटफॉर्म नहीं मिल पा रहा है।उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को चिन्हित कर उन्हें प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाए।सरकार द्वारा खेल को लेकर कई योजनाएं चलाई गई है जिसको धरातल पर उतराने की जरूरत है,जिससे खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफार्म मिल सके।और वह अपने हुनर का बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर,राष्ट्रीय स्तर व अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा सके।खेलो इंडिया के अंतर्गत सरकार ने बहुत सारे कार्य किए हैं। डीएम ने कहा कि ग्रामीण स्तर के मिनी स्टेडियम का सुदृढ़ीकरण कराते हुए वहां पर खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाए जिससे ग्रामीण स्तर के बच्चों को एक प्लेटफार्म मिल सके।बैठक में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शूटर रुचि सिंह द्वारा जनपद में शूटिंग रेंज बनाए जाने की मांग की गई,जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में शूटिंग रेंज बनाने पर कार्य किया जाएगा।बैठक में जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यालयों में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित कराने के निर्देश दिए।जिस पर बीएसए ने बताया कि नवंबर माह में जनपद स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता का वृहद स्तर पर आयोजन कराया जाएगा।इससे पूर्व न्याय पंचायत स्तर पर, ब्लॉक स्तर पर तथा तहसील स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाएगा।जिससे ग्रामीणांचल स्तर के बच्चों में खेलकूद को लेकर जागरूकता पैदा हो सके।

## रायबरेली के जिला अस्पताल में नहीं थम रहा है तैनात भूतपूर्व सैनिक सुरक्षा कर्मियों के अभद्रता करने के मामले

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

भर्ती मरीज के इलाज में की जा रही लापरवाही और मनमाने तरीके से डिस्चार्ज किए जाने के मामले को लेकर मरीज के परिजनों को विरोध करना भारी पड़ गया। यहां आधा दर्जन से अधिक सुरक्षा कर्मियों ने वार्ड नंबर 2 में पहुंचकर भर्ती मरीज के परिजनों और महिलाओं से गाली गलौज करते हुए अभद्रता कर धक्का मुक्ति करते हुए अस्पताल से किया बाहर चौकी की पुलिस बुलाकर भी दिलवाई धमकी अभी मुकदमा लिखकर जेल भेज दिया जाएगा। सुरक्षा कर्मी आए दिन मरीजों के तीमारदारों से कर रहे हैं अभद्रता एक्सीडेंट में भर्ती कराया गया था मरीज कोतवाली नगर क्षेत्र के जिला अस्पताल का है।

# एक तरफ 'एक पेड़ माँ के नाम' संदेश,दूसरी तरफ पेड़ों का कत्ल! उजड़ रही हरियाली

**जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी**



एक तरफ सरकार ने %एक पेड़ माँ के नाम% अभियान चलाकर लोगों को प्रकृति से जोड़ने की पहल की है।इस मुहिम के तहत हज़ारों लोग आज अपनी माताओं की स्मृति में पौधारोपण कर रहे हैं।लेकिन हैरानी की बात यह है कि शुक्रवार को विकास खंड सिंहपुर अंतर्गत झाऊ पुरवा गांव में आम के हरे-भरे वृक्षों का बेरहमी से कत्ल कर दिया गया।तालाब किनारे खड़े इन पेड़ों को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर ले जाया गया।और जिम्मेदार अधिकारी इसे केवल एक सामान्य बात मानते हुए पेड़ कटाई को पेड़ रोपाई का बहाना बना रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकार पेड़ लगाने की बात कर रही है,तो फिर कटान करने वालों पर कठोर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? वन क्षेत्राधिकारी ने भरोसा दिलाया है,कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी,मगर जिलाधिकारी स्तर पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।एक ओर वृक्षारोपण, दूसरी ओर कटान,सवाल ये है कि क्या ये दोहरा रवैया ही पर्यावरण संरक्षण की नीति बन चुकी है?

# छुट्टा पशुओं की अनदेखी बन रही जानलेवा, गले में बंधी रस्सी बनी फांसी का फंदा

**जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी**



विकासखंड तिलोई के सम्बेसी गांव में छुट्टा पशुओं की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। जहां एक ओर यह जानवर किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुँचा रहे हैं, वहीं कुछ पशुओं के साथ अमानवीय व्यवहार भी देखने को मिल रहा है।हाल ही में गांव में एक गाय के गले में बंधी पुरानी रस्सी इस कदर कस गई कि वह फांसी का फंदा बन गई। यह दृश्य देखकर ग्रामीण द्रवित हो उठे। कई गाय और बछड़ों के गले में बंधी रस्सियां धीरे-धीरे उनके गले को काटती जा रही हैं,जिससे उनमें घाव बन रहे हैं और उनकी जान को खतरा उत्पन्न हो गया है।ग्रामीणों ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने सभी पशुपालकों और ग्रामीणों से अपील की है कि अगर किसी कारणवश जानवरों को खुला छोड़ना पड़े, तो उनके गले में रस्सी या कोई बंधन न छोड़ा जाए।यह रस्सी समय के साथ गले में कस जाती है और पशु के लिए जानलेवा साबित होती है।किसानों की मेहनत पर भी संकट छाया रहता है।छुट्टापशु खेतों में घुसकर खड़ी फसलें चट कर रहे हैं।इससे किसानों को आर्थिक हानि हो रही है।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि रात्रिमें खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है जिससे दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है।ग्रामीणों ने प्रशासन से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि छुट्टा जानवरों की उचित देखरेख और संरक्षण के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए।

## गजबे ईमानदार निकले गुरू, 2 लाख देखकर भी नहीं डोली नीयत, पुलिस को सौंपा बैग

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

आज के समय में जब लोग छोटी-छोटी चीजें लौटाने में लोग हिचकते हैं, लेकिन रायबरेली के एक अधिवक्ता हिमांशु बाजपेई ने ईमानदारी और मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है. उन्होंने सड़क पर मिले दो लाख रुपये कैश पुलिस को सौंपकर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया. इस नेक कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है. हिमांशु बाजपेई, जो रायबरेली जिला न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं. उनको हाल ही में शहर के एक व्यस्त इलाके में सड़क पर एक बैग मिला, जिसमें दो लाख रुपये नकद थे. बिना किसी लालच के उन्होंने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी और बैग को थाने में जमा करा दिया. पुलिस ने बैग की जांच की और उसमें मौजूद दस्तावेजों के आधार पर मालिक की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू की. हिमांशु की इस ईमानदारी ने न केवल खोए हुए धन के मालिक के लिए उम्मीद की किरण जगाई, बल्कि समाज में नैतिकता और विश्वास को भी मजबूत किया. हिमांशु बाजपेई के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए रायबरेली के पुलिस अधीक्षक ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया. एक विशेष समारोह में, पुलिस अधीक्षक ने कहा, ÷हिमांशु जी ने जो किया, वह न केवल एक व्यक्ति की मदद है, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा है. उनकी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा पुलिस और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करती है.÷ इस अवसर पर अन्य पुलिस अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने भी हिमांशु की तारीफ की और उनके इस कार्य को एक मिसाल बताया।

# पत्थरबाजी से दबाव बनाने में नाकाम अराजकतत्वों ने एआरटीओ की गाड़ी पर किया हमला

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



एआरटीओ कार्यालय परिसर में कुछ अराजकतत्वों ने एआरटीओ महेश बाबू गुप्ता की निजी गाड़ी पर पत्थरबाजी कर दी।घटना के बाद पूरे कार्यालय में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया।हमला करने वालों का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों द्वारा रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।जिससे प्रशासन में भी हलचल मच गई।घटना की जानकारी मिलते ही शुक्रवार को आरटीओ प्रवर्तन अधिकारी विश्वजीत सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे,और पूरे मामले की बारीकी से जांच की।उन्होंने एआरटीओ से घटना की विस्तृत जानकारी लेने के साथ-साथ कार्यालय परिसर का गहन निरीक्षण किया।साथ ही उन्होंने वहां मौजूद आवेदकों से भी बातचीत की और उनके अनुभवों को समझा।प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि यह हमला कुछ ऐसे लोगों द्वारा किया गया जो कार्यालय में अपने मनमाफिक काम करवाने का दबाव बना रहे थे।जब उनकी अनुचित मांगें पूरी नहीं की गईं,तो उन्होंने गुस्से में गाड़ी पर पथराव कर दिया।यह साफ तौर पर सरकारी कार्य में बाधा डालने और भय का माहौल बनाने की कोशिश थी।आरटीओ महेश बाबू गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।और अज्ञात की तलाश जारी है।आरटीओ प्रवर्तन ने कहा कि शासन की मंशा है कि कार्यालय में पारदर्शिता के साथ कार्य हो और अनधिकृत व्यक्तियों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए। उन्होंने बताया कि सभी लिपिक काउंटर पर तैनात हैं।और आम जन अपनी समस्याओं का समाधान बिना किसी बिचौलिए के प्राप्त कर सकते हैं।बाहरी व्यक्तियों की संलिप्तता के सवाल पर उन्होंने कहा कि यदि ऐसे लोगों की उपस्थिति पाई जाती है,तो संबंधित कर्मचारियों से जवाब-तलब किया जाएगा।और उचित विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।घटना के बाद कार्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।तथा सभी स्टाफ को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## गांजा तस्करी में गिरफ्तार सहायक अध्यापक निलंबित, जेल भेजे गए

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किए गए सहायक अध्यापक को बेसिक शिक्षा विभाग ने निलंबित कर दिया है।आरोपी शिक्षक की पहचान प्रदीप कुमार पांडेय के रूप में हुई है। जो प्राथमिक विद्यालय भरथीपुर लोनियापुर विकासखंड अमेठी में तैनात रहे।बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने खंड शिक्षा अधिकारी अमेठी की आख्या के आधार पर तत्काल प्रभाव से प्रदीप कुमार पांडेय को निलंबित कर दिया है।निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।बताया जा रहा है कि रायबरेली जिले के गुरूबक्शगंज थाना पुलिस ने चौदह जुलाई को प्रदीप कुमार पांडेय को गिरफ्तार किया।उनके साथ प्रतापगढ़ जिले के लालगंज अझारा थाना क्षेत्र के बेभौरा गांव निवासी सौरभ तिवारी को भी पकड़ा गया।दोनों के पास से 13.50 किलो गांजा बरामद किया गया।गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर रायबरेली जिला कारागार में बंद कर दिया गया है।प्रदीप पांडेय मूलतः अमेठी के कटरा राजा हिम्मत सिंह गांव के निवासी हैं।बीएसए संजय तिवारी ने बताया कि जैसे ही शिक्षक की गिरफ्तारी की सूचना प्राप्त हुई,विभाग ने त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए निलंबन आदेश जारी किया।उन्होंने कहा कि आगे की कार्रवाई विभागीय नियमावली के तहत की जाएगी।

# रायबरेली में बाढ़ का खतरा! किसानों की बढ़ी टेंशन, प्रशासन ने कसी कमर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश का असर उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में साफ दिखाई दे रहा है। गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण गंगा कटरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। जिला प्रशासन ने बाढ़ की संभावना को देखते हुए त्वरित कदम उठाए हैं और गंगा कटरी क्षेत्रों के आसपास अस्थाई बाढ़ चौकियां स्थापित की हैं। जिला प्रशासन ने बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह ने डलमऊ तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और लेखपाल भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अस्थाई बाढ़ चौकियों का निरीक्षण किया और यह सुनिश्चित किया कि राहत कार्यों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं मौजूद हैं। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। प्रशासन ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है और नावों की व्यवस्था की गई है ताकि जरूरत पड़ने पर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके। बाढ़ शरणालयों की सूची भी तैयार की जा रही है। डलमऊ तहसील क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे बसे एक दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आते हैं। गंगा का जलस्तर वर्तमान में चेतावनी बिंदु 98.360 मीटर के करीब 97.700 मीटर पर पहुंच गया है, जिसके कारण तटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोग दहशत में हैं। खेतों में पानी भरने और फसलों के जलमग्न होने की आशंका ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से समय रहते कार्रवाई करने की गुहार लगाई है ताकि उनकी आजीविका और संपत्ति को बचाया जा सके। जिला प्रशासन ने गंगा कटरी क्षेत्रों में अस्थाई बाढ़ चौकियां स्थापित की हैं, जहां 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इन चौकियों पर नाविकों और मछुआरों की व्यवस्था की गई है ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई हो सके। प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत सामग्री के वितरण और स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अनुसार, गंगा का जलस्तर एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है, जिसके कारण स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। गंगा कटरी क्षेत्र में रहने वाले लोग हर साल बाढ़ की विभीषिका से जूझते हैं। कई ग्रामीणों को अपने गांवों से पलायन करना पड़ता है, और उनकी फसलें जलमग्न हो जाती हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बाढ़ से बचाव के लिए स्थायी समाधान जैसे मजबूत तटबंध और कटाव रोकने के उपाय किए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई न हुई तो उनकी आजीविका पर गंभीर असर पड़ेगा।रायबरेली के अलावा, बिहार में भी गंगा, कोसी, और गंडक जैसी नदियों में जलस्तर बढ़ने से बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। बिहार के 19 जिलों में 16 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं, और तटबंध टूटने की घटनाएं सामने आई हैं। यह स्थिति रायबरेली में भी बाढ़ के खतरे को और गंभीर बनाती है, क्योंकि गंगा नदी का जलस्तर क्षेत्रीय वर्षा और ऊपरी क्षेत्रों से आने वाले पानी पर निर्भर करता है।

## आवारा मवेशियों की चपेट में आने से भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष की मौत, गांव में छाया मातम

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले में आवारा मवेशियों की समस्या एक और जान पर भारी पड़ गई।भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राहुल दूबे की गुरुवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई।हादसा उस समय हुआ जब वह बाइक से अपने घर लौट रहे थे, और अमेठी बाईपास पर आवारा मवेशियों से टकरा गए।राहुल दूबे भुसियांवा ग्राम पंचायत मुंशीगंज थाना क्षेत्र के निवासी थे।वह अपने साथी रवि यादव के साथ अमेठी से लौट रहे थे।रात करीब 11:30 बजे बाईपास पर सामने आए मवेशियों की चपेट में आने से बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।हादसे में दोनों घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल राहुल को पहले सीएचसी अमेठी और फिर संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज ले जाया गया,जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।रवि यादव की हालत स्थिर है।राहुल तीन बहनों के इकलौते भाई थे।और अविवाहित थे।उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।गांव में शोक की लहर फैल गई।ग्रामीणों के अनुसार राहुल मिलनसार और समाजसेवी स्वभाव के थे।पार्टी ने उनकी सेवा भावना को देखते हुए उन्हें भाजयुमो का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया था।राहुल की आकस्मिक के मृत्यु होने से क्षेत्रीय नेताओं व ग्रामीणों ने गहरा शोक जताया है।

# हरचंदपुर क्षेत्र में प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई: वन माफिया सक्रिय, सदर रेंजर मामले की जांच का दिया आश्वासन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रायबरेली के हरचंदपुर विकासखंड क्षेत्र में एक तरफ पौधरोपण अभियान चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ हरे-भरे प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटाई का खेल जारी है। स्थानीय निवासियों ने इस मामले को प्रकाश में लाया है। क्षेत्र के कमलेश, अमरेश, शिवम, अमरनाथ सिंह, पवन सिंह और छवि नाथ लोधी ने बताया कि लकड़ी के ठेकेदार बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। इन पेड़ों की लकड़ी को बाजार में बेचा जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायत करने पर अधिकारी 10 से 15 हजार रुपये की रिश्वत लेकर मामले को दबा देते हैं। सदर रेंजर अशोक कुमार श्रीवास्तव ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। हालांकि, पिछले अनुभवों से स्थानीय लोगों का कहना है कि जांच महज औपचारिकता बनकर रह जाती है। कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती, जिससे वन माफिया और अधिक साहसी होते जा रहे हैं।

वर्तमान में जहां एक ओर जिले में बड़े अधिकारी पौधारोपण अभियान चला रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। वन विभाग के अधिकारियों की चुप्पी से स्थिति और गंभीर होती जा रही है।

# जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली के सभागार में बैंक कर्मचारियों का सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली के सभागार में आज दिनांक 18.07.2025 को बैंक कर्मचारियों का सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि मा0 श्री विवेक विक्रम सिंह, अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली रहें, जिसमें शाखाओं एवं समिति के माध्यम से बैंक की विभिन्न योजनाओं को लागू करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान ऋण वितरण, वसूली, एन0पी0ए0 वसूली एवं निक्षेप वृद्धि एवं बैंकिंग क्षेत्र के अन्य कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबन्धकों एवं उसकी टीम को मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया, जिसमें श्री वीरेन्द्र कुमार शाखा प्रबन्धक शाखा सरेनी, श्री प्रीतम सिंह शाख सलोन, श्री तीर्थराम मौर्या शाखा जगतपुर को ऋण वितरण में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार एनपीए वसूली में श्री प्रीतम सिंह शाखा सलोन, श्री नीरज कुमार भास्कर गदागंज एवं श्री वीरेन्द्र कुमार द्विवेदी सूची तथा सहकारी देयों की वसूली में श्री अभिषेक सिंह उमरन, श्रीमती रत्ना सिंह रायबरेली एवं श्री मुशीर अहमद सिद्दीकी डलमऊ एवं निक्षेप संग्रह में श्रीमती नीशा देवी शाखा अमांवा, श्रीमती रत्ना सिंह रायबरेली एवं श्री प्रदीप कुमार शिवगढ को शाखा प्रबन्धकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली की मा0 प्रबन्ध समिति की बैठक दिनांक 18.07.2025 को आहूत की गयी, जिसमें मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा बैंकिंग क्षेत्र को बढावा देने एवं बैंक एवं बी-पैक्स के माध्यम से किसानों को दी जा रही अल्पकालीन फसली



ऋण, उर्वरक, बीज, कीटनाशक एवं अन्य सुविधाओं को निरन्तर बनाये रखने हेतु जनहित में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये तथा अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अन्तर्गत राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं जैसे मा0, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पी0एम0 किसान सम्मान निधि, आत्मनिर्भर भारत अभियान मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना, महिला स्वयं सहायता समूह योजनायें, पैक्स कम्प्यूटरीकरण की योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (चष्ट्ष्ट), अल्पकालीन ऋण, मध्यकालीन ऋण, सावधि जमा योजनायें, डिजिटल बैंकिंग सेवायें झ) की सुविधा, वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों के माध्यम से जानकारी, अल्पकालीन फसली ऋण वितरण, वसूली, एन0पी0ए0 वसूली एवं निक्षेप वृद्धि की समीक्षा की गयी, समीक्षा उपरान्त उपरोक्त योजनाओं में वृद्धि, विविधीकरण के अन्तर्गत ऋण वितरण, शाखा से केसीसी ऋण वितरण, बैंक की वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु कैश एण्ड कैरी की ऋण सीमा स्वीकृत कराये जाने का बैंक की अल्पकालीन ऋण वितरण हेतु ऋण सीमा स्वीकृत किये जाने का निर्णय लिया बैंक का साइबर इंश्योरेन्स कराये जाने सम्बन्धी महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। इस अवसर पर श्री सुशील शर्मा उपाध्यक्ष, श्रीमती कुसुम सिंह, श्री श्रवण कुमार, कुँवर हनुमन्त प्रताप सिंह, श्री अब्दुल रिजवान, श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, श्री अमरेश सिंह, श्री अवनीन्द्र प्रताप सिंह, संचालक, जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली श्री बृजेश विश्वकर्मा सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली, श्री दीनानाथ राम उप महाप्रबन्धक, श्री अजय कुमार उप महाप्रबन्धक, श्री रामानन्द दुवे उप महाप्रबन्धक, श्री रणंजय सिंह अनुभाग अधिकारी, आई0टी0, श्री शैलेन्द्र कुमार अनुभाग अधिकारी प्रशासन, श्री सत्यनारायण अनुभाग अधिकारी लेखा, श्री श्याम लाल रत्नाकर एवं शाखाओं से आये समस्त शाखा प्रबन्धक एवं अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहें।



**विपक्षी इंडिया गठबंधन से अलग हुई आम...**

आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को 'इंडिया' गठबंधन से अपनी दूरी बनाते हुए कहा कि वह अब विपक्षी गठजोड़ का हिस्सा नहीं है और इसका नेतृत्व करने में कांग्रेस पार्टी की भूमिका पर सवाल उठाया। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने देश में मौजूदा... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# प्रदेश की धरती पर बेलगाम अस्पताल माफिया






- सीएमओ हरदोई की चुप्पी में छुपा कौन सा राज?

जन एक्सप्रेस । हरदोई/लखनऊ

उत्तर प्रदेश में निजी अस्पताल बेलगाम हैं, इंसानी जानें इनके लिए महज़ मुनाफ़े का ज़रिया बन चुकी हैं। लेकिन जब जिले का सबसे बड़ा जिम्मेदार अधिकारी ही चुप बैठा हो, तो समझिए हालात कितने खौफ़नाक हैं। हरदोई के जनता अस्पताल बेनीगंज में इलाज के नाम पर नाटक, नॉन-मेडिकल स्टाफ द्वारा मरीजों का इलाज, और खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं–लेकिन सीएमओ साहब 16 दिन में एक जांच तक नहीं कर पाए!

### पीड़ित चीख रहा, सीएमओ मौन

पीड़ित ने सीएमओ कार्यालय को दो बार लिखित शिकायत दी, अपना बयान दर्ज कराया, लेकिन नतीजा? शून्य! न कोई जांच, न कोई पूछताछ, न कोई नोटिस। क्या हरदोई में अस्पताल माफिया का इतना बोलबाला है कि सीएमओ तक की कलम कांपने लगती है? पीड़ित ने कई बार सीएमओ हरदोई को कॉल किया। कभी मीटिंग का बहाना, कभी फोन न उठाना–क्या यही है एक जिम्मेदार अधिकारी की जवाबदेही?

### आखिर कब जागेगा सिस्टम?

कब तक प्रदेश की जनता लापरवाह डॉक्टरों और भ्रष्ट सिस्टम के बीच पिसती रहेगी? कब तक जिम्मेदार अफसर शिकायतों को रद्दी की टोकरी में फेंकते रहेंगे? क्या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक यह आवाज़ पहुंचेगी, या फिर हरदोई का ये मामला भी फाइलों में दफ्न हो जाएगा?

### आग लगी, लेकिन सीएमओ को ऐलर्जी है कार्रवाई से

अभी हाल ही में हरदोई के एक निजी अस्पताल में आग लगी थी। मरीज़ों की जान पर बन आई। लेकिन न तो सीएमओ ने कार्रवाई की, न ही किसी मानक विहीन अस्पताल को सील किया गया। सवाल है–क्या सीएमओ हरदोई किसी दबाव में हैं या फिर अस्पतालों से मिलीभगत का हिस्सा बन चुके हैं?

### जनता अस्पताल: इलाज की जगह खिलवाड़

जनता अस्पताल पर गंभीर आरोप हैं कि वहाँ नॉन-मेडिकल स्टाफ इलाज करता है, डॉक्टरों की अनुपस्थिति में मरीजों को दवाएं और इंजेक्शन दिए जाते हैं। ये सरासर कानून और मानवाधिकारों का उल्लंघन है। लेकिन सीएमओ की चुप्पी बताती है कि या तो उन्हें फर्क नहीं पड़ता, या फिर वे जानबूझकर आंखें मूंदे बैठे हैं।

### जनता जानना चाहती है

- क्या हरदोई में कानून से ऊपर हैं निजी अस्पताल?
- क्या सीएमओ कार्यालय सिर्फ खानापूरी और बहानों का अड्डा बन गया है?
- और सबसे बड़ा सवाल–क्या आम आदमी की ज़िंदगी की कोई कीमत नहीं बची?
- यह सिर्फ एक शिकायत नहीं, प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र की सड़ांध की पहचान है। अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई, तो समझ लीजिए, सिस्टम लाशों से भी सबक नहीं लेता!

# धर्मनिरपेक्षता पर डिप्टी सीएम का बड़ा वार

# हिंदू धर्म पर टिप्पणी, कुरान पर चुप्पी क्यों?

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



झांगूर प्रकरण को लेकर सियासी घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर बिना नाम लिए तीखा हमला बोला है। उन्होंने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा, कथित धर्मनिरपेक्ष नेताओं की सारी 'धर्मनिरपेक्षता' सिर्फ़ हिंदू धर्म और उसकी आस्थाओं पर टिप्पणी करने तक ही सीमित रहती है। जैसे ही बात इस्लाम और कुरान पर आती है, वही नेता अचानक 'चुप्पी' साध लेते हैं। केशव मौर्य का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब झांगूर को लेकर प्रदेश में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। मौर्य ने सीधे-सीधे धर्मनिरपेक्षता की परिभाषा पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि कुछ नेता केवल तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने लिखा, हिंदू धर्म को निशाना बनाना इन लोगों का राजनीतिक फैशन बन गया है। लेकिन जब कोई मामला कुरान या इस्लाम से जुड़ा आता है तो वही लोग सेक्युलरिज़्म की आड़ में मौन साध लेते हैं। यह दोगलापन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सपा खेमे की ओर से इस बयान पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में सियासी बयानबाज़ी और तेज़ हो सकती है।

## मुठभेड़ में नौ हजार से अधिक अपराधियों के पैरों में लगी गोली, आठ साल में 30 हजार हुए गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी पुलिस ने वर्ष 2017 से लेकर अब तक 30 हजार से ज्यादा अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। इस दौरान नौ हजार से अधिक अपराधियों के पैर में गोली लगी। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अपराधियों पर लगातार नकेल कसी जा रही है। बीते आठ वर्ष में अपराधियों की धरपकड़ के लिए 14,973 कार्रवाई की गई। इस दौरान 30,694 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं, पुलिस पर हमला करने वाले 9,467 अपराधियों को जवाबी फायरिंग में पैर पर गोली लगी, जबकि 238 अपराधी ढेर कर दिए गए। सबसे अधिक मेरठ जोन में कार्रवाई हुई, जहां 7,969 अपराधी गिरफ्तार किए गए जबकि 2,911 घायल हुए। आगरा जोन में 5,529 अपराधी गिरफ्तार किए गए, जबकि 741 घायल हुए। बरेली जोन में 4,383 अपराधी दबोचे गए और 921 घायल हुए। वाराणसी जोन में 2029 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 620 घायल हुए। कमिश्नरेट में सबसे अधिक गौतमबुद्धनगर में मुठभेड़ में 1,983 गिरफ्तार हुए, जबकि 1,180 घायल हुए। गाजियाबाद कमिश्नरेट में 1,133 गिरफ्तार हुए और 686 घायल हुए। आगरा कमिश्नरेट में 1,060 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 271 घायल हुए।

# गोमती नगर से चलेंगी 2 अमृत भारत ट्रेन

## मोदी ने दिखाई हरी झंडी, 130किमी स्पीड, हफ्ते में 1 दिन बिहार-बंगाल जाएगी



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- रेलवे बोर्ड ट्रेनों के संचालन के लिए जल्द ही नोटिफिकेशन जारी करेगा
- यह ट्रेन रक्सौल, नरकटियागंज, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या कैंट और अयोध्या धाम समेत 15 से अधिक स्टेशनों पर रुकेगी

लखनऊ के गोमती नगर रेलवे स्टेशन से 2 अमृत भारत एक्सप्रेस चलेंगी। पीएम मोदी ने बिहार से इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इनमें से एक ट्रेन बंगाल के मालदा टाउन और दूसरी बिहार के दरभंगा तक चलेगी। इनके अलावा मोदी ने एक और अमृत भारत को हरी झंडी दिखाई, जो बिहार के बापूधाम मोतीहारी से लखनऊ होते हुए दिल्ली आनंद विहार के लिए जाएगी। अभी ये तीनों ट्रेनें वीकली रहेंगी। बाद में इन्हें रेगुलर किया जाएगा। इनकी रफ्तार 130 किमी प्रतिघंटा रहेगी। मॉडर्न कोच वाली ट्रेन में दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधा होगी। ट्रेन में सामान्य और स्लीपर क्लास की 22 बोगियां होंगी, ताकि आम यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। रेलवे बोर्ड ट्रेनों के संचालन के लिए जल्द ही नोटिफिकेशन जारी करेगा।

### मालदा टाउन से गोमतीनगर हफ्ते में एक दिन चलेगी ट्रेन

मालदा टाउन से गोमतीनगर के लिए अमृत भारत एक्सप्रेस हर गुरुवार को शाम 7:25 बजे रवाना होगी। अगले दिन दोपहर 3:40 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन हर शुक्रवार शाम 6:40 बजे गोमतीनगर से चलेगी और शनिवार को शाम 4:40 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। ट्रेन में स्लीपर और जनरल श्रेणी की कुल 22 बोगियां होंगी। यह ट्रेन न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, भागलपुर, गया, वाराणसी, अयोध्या कैंट जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।

### दरभंगा-गोमतीनगर ट्रेन भी हफ्ते में एक दिन चलेगी

15561 नंबर की दरभंगा-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस हर शनिवार दोपहर 3 बजे दरभंगा से चलेगी और रविवार सुबह 5:35 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी। वापसी में 15562 नंबर की ट्रेन हर रविवार सुबह 8:15 बजे गोमतीनगर से रवाना होकर उसी रात 12:35 बजे दरभंगा पहुंचेगी। यह ट्रेन रक्सौल, नरकटियागंज, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या कैंट और अयोध्या धाम समेत 15 से अधिक स्टेशनों पर रुकेगी।

### मोतिहारी से आनंद विहार के लिए भी नई ट्रेन


बिहार के मोतिहारी से दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल के बीच एक और अमृत भारत ट्रेन शुरू की जा रही है, जो लखनऊ से होकर जाएगी। यह ट्रेन विशेष सेवा के तौर पर 18 जुलाई को मोतिहारी से दोपहर 11:45 बजे रवाना होगी, रात 11:35 बजे लखनऊ पहुंचेगी। फिर अगले दिन सुबह 10 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। इस ट्रेन में भी 22 कोच होंगे, जिसे आगे नियमित सेवा में बदला जाएगा।

### गोमती नगर स्टेशन से बंदे भारत चलती है

गोमती नगर स्टेशन से अब तक छह गाड़ियां बनकर चलती हैं। 10 गाड़ियां ऐसी हैं जिनका स्टॉपेज गोमती नगर स्टेशन है। 7 वीकली गाड़ियां यहां से चलती हैं। अभी 6 दिन गोमती नगर से पटना के लिए एक बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलती है। इसके अलावा गोमती नगर से कटिहार, कामाख्या, गोरखपुर, जयपुर के लिए भी ट्रेनें चलती हैं।

# हत्यारी मां: जल्द सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी सुनवाई, प्रेमी के साथ मिलकर की थी बेटी की हत्या

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



कैसरबाग के खंदारी बाजार में छह साल की मासूम सोना के हत्यारोपियों को जल्द सजा दिलाने के लिए पुलिस फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने की पैरवी करेगी। माना जा रहा है कि इस मामले में पुलिस त्वरित गति से चार्जशीट दाखिल करेगी। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र का कहना है कि आरोपियों के कपड़े, मोबाइल फोन, घटना स्थल से बरामद नमूने और होटल की फुटेज को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। इंस्पेक्टर के मुताबिक जांच रिपोर्ट और सर्विलांस से जुटाए गए साक्ष्य के आधार पर आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया जाएगा। विवेचना में मुकदमे से शाहरुख का नाम हटाकर रोशनी और उदित के नाम की बढ़ोतरी की जाएगी। मुकदमे में साजिश की धारा भी बढ़ाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि खंदारी बाजार में रहने वाली रोशनी ने रविवार को प्रेमी उदित के साथ मिलकर छह साल की बेटी सोना की हत्या कर दी थी। हत्या के 36 घंटे बाद उसने पुलिस को सूचना दी थी और पति शाहरुख पर आरोप लगाया था।

# ओडीओपी की तर्ज पर हर जिले में तैयार होंगे 500 स्टार्टअप

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



युवाओं की सोच को साकार करने में सबसे आगे स्टार्टअप्स के लिए बड़ी योजना तैयार की जा रही है। इसके तहत स्टार्टअप मिशन का गठन कर प्रत्येक जिले में कम से कम 500 स्टार्टअप्स तैयार किए जाएंगे, जो उस जिले की पहचान से जुड़े होंगे। इससे युवाओं को उनके जिले में रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। पहले चरण में करीब 35 हजार नए स्टार्टअप बनेंगे, जो क्षेत्रीय विशेषताओं पर आधारित होंगे। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग इस योजना पर काम कर रहा है, जिसे जल्द लागू किया जाएगा। स्टार्टअप मिशन का उद्देश्य एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) की तर्ज पर हर जिले में स्टार्टअप्स की श्रृंखला तैयार करना है। इसमें उन स्टार्टअप्स को तरजीह दी जाएगी, जो जिले की पहचान से जुड़े उत्पादों, जीआई टैग या वहां के औद्योगिक स्वरूप पर आधारित होंगे। इसका सर्वाधिक लाभ छोटे कारीगरों को होगा, जिन्हें स्टार्टअप के माध्यम से ग्लोबल प्लेटफार्म और फंडिंग मिलेगी। ऐसे में आर्थिक विकास केवल नोएडा, ग्रेटर नोएडा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि छोटे-छोटे कस्बों तक जाएगा। योजना के तहत कानपुर, लखनऊ, अयोध्या वाराणसी, गोरखपुर जैसे जिलों को भी आईटी के औद्योगिक क्षेत्रों के रूप में विकसित किया जाएगा।

### यूपी में 15000 स्टार्टअप 50 हजार का लक्ष्य

विभाग के मुताबिक प्रदेश में लगभग 15 हजार स्टार्टअप पंजीकृत हैं। गैर सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ये लगभग 27 हजार है। 70 इन्क्यूबेटरों की सरकारी मदद की जा रही है, लेकिन ये सभी जिलों में नहीं हैं। अब प्रत्येक जिले में एक इन्क्यूबेटर का लक्ष्य रखा गया है। इस मिशन में स्टार्टअप सेक्टर के विशेषज्ञ होंगे। अभी स्टार्टअप विभाग की कमान ब्यूरोक्रेट्स के हाथों में हैं। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा का कहना है कि जिलों में ही युवाओं को रोजगार देने के लिए स्टार्टअप मिशन का गठन किया जाएगा। इसका उद्देश्य जिले की पहचान से जुड़े उत्पादों या विशिष्टताओं पर आधारित स्टार्टअप को प्रोत्साहन देना है। एक जिले में कम से कम 500 स्टार्टअप का लक्ष्य है।

### यूपी स्टार्टअप नीति के बाद मिशन स्टार्टअप

उत्तर प्रदेश सरकार की स्टार्टअप नीति, 2020 (पहला संशोधन, 2022) का उद्देश्य राज्य में 10,000 स्टार्टअप्स का निर्माण करना है। प्रत्येक जिले में कम से कम एक इनक्यूबेटर स्थापित करना दर से एक साल तक भत्ता दिया जाता है। सफल पेटेंट दाखिल करने पर भारतीय पेटेंट के लिए दो लाख रुपये तक और अंतरराष्ट्रीय पेटेंट के लिए 10 लाख रुपये तक की प्रतिपूर्ति की जाती है। सीड कैपिटल/मार्केटिंग सहायता के रूप में 7.5 लाख से 10 लाख रुपये तक मिलते हैं। महिलाओं, दिव्यांगों, ट्रांसजेंडर, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों द्वारा स्थापित स्टार्टअप्स को अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाता है।

# अंतर्राष्ट्रीय मानक अनुसार वस्तुओं और सेवाओं को मापना घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण का उद्देश्य

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- डीटीईएस और एनएचटीएस का क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय क्षेत्र संकार्य प्रभाग सांख्यिकी और केंद्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय पर्यटन पर आकड़ों के संग्रहण के लिए एक राष्ट्रव्यापी प्रतिदर्श सर्वेक्षण कर रहा है। इस सर्वेक्षण का क्षेत्र कार्य 1 जुलाई, 2025 से 01 जून, 2026 तक चलेगा। क्षेत्र अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए 25-27 जून 2025 के दौरान तीन दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा किया जा रहा है। सहायक निदेशक लखनऊ डिंपल यादव ने अतिथियों का स्वागत किया गया। क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन 25 जून को मनोज कुमार उप महानिदेशक मध्यांचल कार्यालय लखनऊ तथा डॉ. सुचिता गुप्ता उप महानिदेशक, राज्य राजधानी क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ एवं मंजु अशोक उप निदेशक डीईएस राज्य सरकार द्वारा विजय पैराडाइज होटल रिंग रोड में किया गया।लखनऊ स्थित राज्य राजधानी क्षेत्रीय कार्यालय की उपमहानिदेशक डॉ. सुचिता गुप्ता ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण डीटीईएस के वार्षिक सर्वेक्षण के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. गुप्ता ने कहा कि घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण पर्यटन उपग्रह खाता टीएसए तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण घटक है, जिसका उद्देश्य अवधारणाओं, वर्गीकरण और परिभाषाओं के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार वस्तुओं और सेवाओं को मापना है। मनोज कुमारनउप महानिदेशक आंचलिक कार्यालय ने राष्ट्रीय घरेलू यात्रा सर्वेक्षण एनएचटीएस के महत्व पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय घरेलू यात्रा सर्वेक्षण एनएचटीएस दिए गए घर के भीतर व्यक्तियों के यात्रा व्यवहार के बारे में विस्तृत जानकारी एकत्र करने के लिए एक आवश्यक उपकरण है। सर्वेक्षण लोगों के आवागमन, उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले परिवहन के साधनों, यात्रा के उद्देश्यों, यात्रा की आवृत्ति और अन्य संबंधित कारकों के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करेगा। मो. तय्यब, उपनिदेशक आंचलिक कार्यालय ने आँकड़ो की गुणवत्ता बनाए रखने की प्रतिबद्धता पर ज़ोर देते हुए कहा, यह कार्य सूचना प्रणाली सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा एवं आँकड़े सीधे टैबलेट पर ई-सिग्मा प्लेटफॉर्म के सीएपीआई सॉफ्टवेयर के द्वारा एकत्रित किए जायेंगे।अधिकारियों एवं क्षेत्र कर्मियों को क्षेत्र कार्य के दौरान सजग रहने की आवश्यकता है। ये आकड़े ई-सिग्मा सीएपीआई सॉफ्टवेयर पर टैबलेट के द्वारा एकत्र किये जाएंगे जिससे उनके परिणाम शीघ्र जारी किए जायेंगे। मंजु अशोक उप निदेशक डीईएस राज्य सरकार ने अपने संबोधन में प्रभावपूर्ण क्षेत्र कार्य के लिए इस तरह के प्रशिक्षण शिविर के महत्व को आगे बताते हुए राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा एकत्र किए जा रहे आकड़ों की उच्च स्तर की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बनाए रखने पर जोर दिया। अंशिका बाजपेई सहायक निदेशक ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी सर्वेक्षण की सफलता और उससे प्राप्त आंकड़ों की विश्वसनीयता, जनमानस के सहयोग और सूचकों द्वारा प्रदान की गई तथ्यपुरक जानकारी पर निर्भर करती है।

# 25 प्रतिशत कॉलेजों को नैक मान्यता दिलाएगी योगी सरकार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- उच्च शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता को लेकर सरकार का बड़ा अभियान
- बाइनरी प्रणाली की शुरुआत के साथ नैक मूल्यांकन प्रक्रिया का किया गया सरलीकरण
- नैक मूल्यांकन को अनिवार्य और जवाबदेह बनाने के लिए तैयार की जा रही है नई नीति

उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस वर्ष एक बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। 2025-26 तक प्रदेश के 25 प्रतिशत कॉलेजों को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद नैक से मान्यता दिलाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। यह प्रयास राज्य के उच्च शिक्षा विभाग एवं उत्तर प्रदेश स्टेट लेवल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के सक्रिय प्रयासों का परिणाम है। उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग में सुधार के लिए की गई पहल के तहत नैक मूल्यांकन हेतु पहले ही 1000 कॉलेजों का चयन किया जा चुका है। यही नहीं, अब तक राज्य के 6 विश्वविद्यालयों ने नैक में ए++ रैंकिंग हासिल की। 25 प्रतिशत कॉलेजों को नैक मान्यता दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य सरकार ने नैक मूल्यांकन की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए बाइनरी प्रणाली की शुरुआत की है। यह प्रणाली कॉलेजों के लिए सरल, पारदर्शी और परिणामोन्मुख मूल्यांकन करती है, जिससे कॉलेजों को समय पर अपनी स्वीकृति और ग्रेडिंग प्राप्त करने में मदद मिलेगी। सरकार अब सभी पात्र कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए समय पर नैक मूल्यांकन को अनिवार्य और जवाबदेही आधारित बनाने जा रही है। एक नई नीति तैयार की जा रही है, जिसमें संस्थानों को तय समयसीमा में मूल्यांकन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल राज्य के शैक्षणिक संस्थानों की वैश्विक स्तर पर साख बढ़ाने की दिशा में एक ठोस कदम है। इससे छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, योग्य शिक्षक और राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त संस्थान मिलेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई यह श्रृंखलाबद्ध पहलें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, जवाबदेही और तकनीकी समावेशन को लेकर एक नई मिसाल पेश कर रही हैं। इससे न केवल कॉलेजों की रैंकिंग बेहतर होगी, बल्कि छात्रों का भविष्य भी मजबूत होगा।नैक पूर्ण रूप से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी द्वारा वित्त पोषित एक स्वायत्त संस्था है। यह संस्था यूजीसी द्वारा निर्धारित यूनिवर्सिटी और कॉलेजों हेतु मानकों की जांच करती है। इसके द्वारा भारत में उच्च शिक्षा की यूनिवर्सिटी और महाविद्यालयों का मूल्यांकन करके मान्यता प्रदान की जाती है। नैक मूल्यांकन के अंतर्गत ग्रेड प्वॉइंट्स प्रदान किए जाते हैं। न्यूनतम ग्रेड 1.5 और अधिकतम ग्रेड 4 है। मूल्यांकन के समय नैक यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में प्रदान की गयी सुविधाओं के अनुसार उन्हें ग्रेड प्रदान करता है। नैक मूल्यांकन में जिस संस्थान को ए++ प्रदान किया जाता है, उसमें शिक्षा प्रदान करने का स्तर बहुत ही अच्छा होता है। जिस संस्थान को डी प्रदान किया जाता है, उसमें वह स्तर बहुत ही निम्न स्तर का होता है और ऐसे संस्थान को मान्यता नहीं प्रदान की जाती है। नैक रेटिंग से स्टूडेंट्स को शिक्षण संस्थान के बारे में सही जानकारी मिलती है। छात्रों को संस्थान के बारे में, शिक्षा की गुणवत्ता, अनुसंधान, बुनियादी ढांचा और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी जानकारी हासिल करने में आसानी होती है। नैक ग्रेडिंग के जरिए छात्र अपने लिए बेहतर कॉलेज तलाश कर सकते हैं. इतना ही नहीं, नैक ग्रेड शिक्षण संस्थानों की दी गई डिग्रियों का मूल्य निर्धारित करते हैं।

## आईटीआई प्रवेश सत्र 2025-26 के द्वितीय चरण का चयन परिणाम घोषित

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई में सत्र 2025 छह माह, 2025-26 एक वर्षीय एवं 2025-27 दो वर्षीय पाठ्यक्रमों हेतु द्वितीय चरण एवं उच्चीकरण अपग्रेडेशन चयन परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।विशेष सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग एवं अधिशासी निदेशक एससीवीटी अभिषेक सिंह ने बताया कि चयनित अभ्यर्थी 19 जुलाई से 24 जुलाई तक निर्धारित तिथियों में संबंधित संस्थान मे दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।चयन होने की स्थिति में बुलावा पत्र वेबसाइट पर प्रदर्शित होगा, जिसका प्रिंटआउट लेकर प्रवेश लेना अनिवार्य है।

# देवरी रुखारा में मृतक के परिवार को सपा नेता यशवीर लोधी ने की आर्थिक मदद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ जिले के बीकेटी क्षेत्र के ग्राम देवरी रुखारा में एक दुखद घटना के बाद, जहाँ कुछ दिन पहले स्वर्गीय देवेन्द्र लोधी का असामयिक निधन हो गया था, उनके आवास पर मोहनलालगंज सांसद आर.के. चौधरी एवं सपा नेता यशवीर लोधी पहुँचे। उन्होंने परिवारजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें इस कठिन समय में ढाढ़स बँधाया। इस दौरान सपा नेता यशवीर लोधी ने अपनी निजी आर्थिक आय से परिवार को ?25,000/- (पच्चीस हजार रुपये) की तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की। यशवीर लोधी ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से संबंधित किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर वे पूरी मदद करेंगे। कहा कि इस दुख की घड़ी में, ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्राप्त हो और परिवार को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति मिलें। वहीं यशवीर लोधी ने कहा कि समाजवादी पार्टी इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## युद्ध की लपटों में घिरी दुनिया

**जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल के शामिल हो जाने से अंतरिम परिणामों की भयंकरता से संपूर्ण विश्व में अराजकता का माहौल व्याप्त हो गया है। पूर्व में जब अमेरिका समेत ढेर सारे पश्चिमी देश इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन के साथ ईरान के खिलाफ साये की तरह खड़े थे, वही अमेरिका सद्दाम हुसैन को बंकर से निकालकर मारने से पीछे नहीं हटा। आज जी-7 देश ईरान के खिलाफ खड़े हैं, कोई बड़ी बात नहीं कि कल वे किसी और पाले में खड़े हो जाएंगे । क्योंकि भले ही सत्ता बदल जाए। यहां न कोई किसी का स्थाई दोस्त है, न ही दुश्मन।**

*वर्तमान में विश्व के कई देशो के मध्य युद्ध का वातावरण व्याप्त है। एक तरफ रूस और यूक्रेन का युद्ध है। दूसरी तरफ ईरान और इजराइल का युद्ध भी सीज फायर के बाद भी चालू है। इसी बीच पाकिस्तान ने भारत के पहलगांव (कश्मीर) पर हमला किया। इसके बाद भारत ने भी हवाई हमले कर पाकिस्तान को जबाव दिया। अब विश्व में जो परिस्थितियों उत्पन्न हो रही हैं,उनके चलते यह कहना बिल्कुल भी अनुचित नहीं होगा कि परमाणु अस्त्रों से संपन्न राष्ट्र अगर इस तरह युद्ध के मैदान में कूदते हैं तो परिणाम भयंकर हो सकते हैं। युद्ध एक ऐसा सशस्त्र संघर्ष है जो दो या दो से अधिक समूहों के बीच होता है। युद्ध दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण समस्याओं में से एक है। परन्तु युद्ध कभी भी सिर्फ हाथों में हथियार ले लेने से ही शुरू नहीं हो जाता। युद्ध का जन्म किसी व्यक्ति विशेष के एक विचार से होता है। कई दफा ये विचार संपूर्ण राष्ट्र पर हावी हो जाते है। तो कई दफा जमीन के लालच, आत्म सुरक्षा का भय, तो कई दफा अपनी शक्ति का प्रदर्शन भी भयंकर युद्धों की वजह बनता है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संपूर्ण विश्व वायु सेवा की शक्ति से बखूबी परिचित हो गया था । इसके बाद 1948 में भारत को जब स्वतंत्रता की प्राप्ति हई तो उसके तुरंत बाद ही पाकिस्तान ने भारत पर हमला कर दिया और भारत को उसे जवाब देने के साथ ही युद्ध में उतरना पड़ा। इस तरह से पाकिस्तान के साथ भारत ने चार युद्ध लड़े जिसमें पहला 1948 में, दूसरा 1965 में तीसरा 1971 मे और चौथा कारगिल युद्ध जो 1998 में लड़ा गया। इसी के साथ भारत और चीन के बीच भी 1962 में युद्ध लड़ा गया था। ईरान के अब तक का युद्ध इतिहास खून खराबे से भरा हुआ है। गाजा पट्टी का युद्ध हो या खाड़ी युद्ध, युद्धों ने इन दोनों देशों के मध्य तनाव वृद्धि ही की है। 2024 में इजराइल-ईरान के मध्य का ये शीत युद्ध सीधे संघर्ष में ही बदल गया। और 01 अप्रैल को इजराइल ने दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर बमबारी की, जिसमें कई वरिष्ठ ईरानी अधिकारी मारे गए। इस हमले के जवाब में, ईरान और उसके प्रतिनिधियों ने 13 अप्रैल को इजराइल के अंदर हमले शुरू कर दिए। ईरान और इजराइल के बीच 1979 से कोई राजनयिक संबंध नहीं हैं और आधुनिक संबंध शत्रुतापूर्ण हैं। शीत युद्ध के अधिकांश समय में ये संबंध सौहार्दपूर्ण थे, लेकिन ईरानी क्रांति के बाद ये और भी खराब हो गए और 1991 में खाड़ी युद्ध की समाप्ति के बाद से ये खुले तौर पर शत्रुतापूर्ण हो गए हैं। इन्हें ईरान-इजराइल प्रॉक्सी संघर्ष, या ईरान-इजराइल शीत युद्ध के रूप में भी जाना जाता है। इसके बाद इस्लामी खिलाफत का भी विस्तार हुआ। खलीफा उमर के शासन में इस्लाम का प्रसार और क्षेत्रीय विस्तार लगातार हुआ। इस्लामी एकता और धर्म के नाम पर लड़ाई होती रहीं। कालांतर में फारसी संस्कृति को फॉलो करने वालों ने इस्लाम को आत्मसात करना शुरू कर दिया। इसका लाभ यह हुआ कि फारसी भाषा, साहित्य और प्रशासन को इस्लामी काल में नया जीवन मिला। इस तरह ईरान में शिया इस्लाम का विकास धीरे-धीरे हुआ, जो बाद में इस्लामी दुनिया में विशिष्ट पहचान बना पाया। आज शिया कम्युनिटी पूरी दुनिया में निवास करती है। वर्तमान ईरान और इसके सुप्रीम लीडर खोमेनेई इसी शिया समुदाय के धार्मिक नेता भी हैं। ईरान और इजराइल के बीच प्रॉक्सी संघर्ष चल रहा है। इजराइली-लेबनानी संघर्ष में ईरान ने लेबनानी शिया मिलिशिया का समर्थन किया है, विशेष रूप से हिजबुल्लाह का । इजराइली-फिलिस्तीनी संघर्ष में ईरान ने हमास जैसे फिलिस्तीनी समूहों का समर्थन किया है । 2024 में प्रॉक्सी संघर्ष दोनों देशों के बीच सीधे टकराव में बदल गया। और जून 2025 में, ईरान-इजराइल युद्ध शुरू हुआ।*

### एक्सप्रेस आलेख

**भाजपा पर 'तानाशाही', 'संविधान बदलने की साजिश', 'जनविरोधी नीतियों' जैसे आरोप लगाना विपक्ष की आदत बन चुकी है। किंतु हर बार जनता ने चुनाव में स्पष्ट बहुमत देकर इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। जनता जानती है कि ऑपरेशन सिन्दूर, डिजिटल इंडिया, गरीबमुक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत, महिला आरक्षण, जी-20 की सफल अध्यक्षता, भ्रष्टाचार पर कार्रवाई, गरीबों के लिए मुफ्त राशन, उन्नत सड़के, चमकती रेल एवं चमकते रेल्वे स्टेशन, घर, शौचालय और जल जैसी योजनाएं सिर्फ नारों से नहीं, संकल्प और समर्पण से संभव हुई हैं। क्या राहुल गांधी या इंडी गठबंधन के पास कोई ठोस आर्थिक नीति, सुरक्षा रणनीति, या सामाजिक समरसता का ब्लूप्रिंट है?**

## विपक्ष की लोकतंत्र पर चिंता या सत्तालोभ की राजनीति?



ललित गर्ग

**भारतीय जनता राजनीतिक रूप से परिपक्व हो चुकी है। वह अब भावनात्मक और भ्रामक नारों के बजाय ठोस उपलब्धियों और दूरदर्शिता को प्राथमिकता देती है। ऐसे में विपक्ष का यह दुष्प्रचार केवल उनकी साख को ही नुकसान पहुंचा रहा है। विपक्ष को चाहिए कि वह सकारात्मक राजनीति करे, वैकल्पिक नीति प्रस्तुत करे, और जनता के विश्वास को अर्जित करे, न कि लोकतंत्र के अस्तित्व को ही संदेह के घेरे में लाकर अपनी विफलताओं पर पर्दा डाले।**

भारतीय लोकतंत्र आज विश्व के सबसे बड़े, जीवंत और जागरूक लोकतंत्रों में गिना जाता है। यह संविधान की मजबूत नींव, संस्थाओं की पारदर्शिता और जनता की जागरूकता से संचालित होता है। परंतु विडंबना यह है कि देश का विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी, बार-बार लोकतंत्र और संविधान पर खतरे की झूठी दुहाई देकर एक अनावश्यक और निरर्थक बहस छेड़ते रहे हैं, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा को घेरने एवं दोषी ठहराने के लिये न केवल उन पर आधारहीन आरोप लगाते रहते हैं, वरन देश की संवैधानिक संस्थाओं, प्रक्रियाओं और संविधान के ही खतरे में होने का राग अलापते हुए उन्हें लांछित करने का प्रयास करते हैं। ऐसे नेता संविधान की दुहाई देते हैं, वे स्वयं संविधान और कानून की धज्जियां उड़ाते दिखते हैं। लोकतंत्र की आत्मा पर इस तरह का प्रहार विपक्ष की भूमिका पर एक बड़ा प्रश्न है। विडम्बना एवं चिन्ताजनक है कि राहुल गांधी अपनी विदेश यात्राओं में भी मोदी-भाजपा का विरोध करते-करते देश-विरोध पर उतर जाते हैं, जिससे विदेशों में भारत की छवि का भारी नुकसान होता है और विदेशियों को लगता था कि भारत में लोकतंत्र और संविधान ढह रहा है। नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं उनके सहयोगी जब यह कहते हैं कि 'देश में लोकतंत्र समाप्त हो गया है', 'संविधान खतरे में है', तब यह केवल एक राजनीतिक शगूफा प्रतीत होता है, न कि कोई तर्कसम्मत आलोचना। यदि वास्तव में लोकतंत्र खतरे में होता, तो क्या वे हर मंच से खुलकर सरकार की आलोचना कर पाते? क्या संसद, मीडिया, चुनाव आयोग, और न्यायपालिका जैसी संस्थाएं उनके वक्तव्यों को स्थान देतीं? असल में तो 1975 में लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में आये थे जब तत्कालिन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने अपनी सरकार बचाने हेतु अनुच्छेद 352 के अंतर्गत 'आंतरिक अशांति' के आधार पर आपातकाल लगाया तथा लोकतंत्र और संविधान को दरकिनार कर हजारों नेताओं एवं बेगुनाह लोगों को कठोर कानूनों के अंतर्गत जेल भेज दिया। आजादी के बाद तब पहली और आखरी बार लोकतंत्र खतरे में आया था, तब संविधान भी खतरे में चला गया था। राहुल गांधी अपने गिरेबान में झांकने एवं कांग्रेस के अतीत को देखने की बजाय मोदी-भाजपा पर लोकतंत्र एवं संविधान को खतरे में डालने का बेबुनियाद, भ्रामक एवं आधारहीन आरोप मंढते हैं। इन त्रासद स्थितियों में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि विपक्ष लोकतंत्र की रक्षा नहीं, बल्कि अपने खोए हुए जनाधार को पुनः प्राप्त करने के लिए लोकतंत्र को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। विशेषतः लोकसभा हो या विधानसभा के चुनाव-इनमें जरूरी एवं जनता से जुड़े विषयों को उठाने की बजाय लोकतंत्र एवं संविधान के खतरे में होने के राग से जनता को गुमराह करना आम बात हो गयी है। देशभर में एवं अनेक राज्यों में बांग्लादेश,



**वह अब भावनात्मक और भ्रामक नारों के बजाय ठोस उपलब्धियों और दूरदर्शिता को प्राथमिकता देती है। ऐसे में विपक्ष का यह दुष्प्रचार केवल उनकी साख को ही नुकसान पहुंचा रहा है। विपक्ष को चाहिए कि वह सकारात्मक राजनीति करे, वैकल्पिक नीति प्रस्तुत करे।**

पाकिस्तान, नेपाल और म्यांमार आदि के अवैध घुसपैठियें बड़ी मात्रा में घुस आये हैं। अपने वोट बैंक को बढ़ाने के लिये इन घुसपैठियों को इन विपक्षी दलों की शह पर ही जगह मिल रही है, ये घुसपैठियें न केवल फर्जी तरीकों से आधार, पैन, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि दस्तावेज प्राप्त कर कई निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता-सूचियों में अपना नाम अंकित करा लिया है। यह लोकतंत्र, राष्ट्रीय सुरक्षा एवं जनसंख्या संतुलन के लिए गंभीर खतरा है, चुनाव आयोग ने इस पर अपना रुख सख्त करते हुए सभी राज्यों में 'मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण' का निर्णय लिया है। बिहार में वह ऐसे लोगों की पहचान संबंधी पहल कर चुका है, पर विपक्ष को इस पर आपत्ति है और इसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती भी दी। न्यायालय ने आयोग की इस कार्रवाई पर रोक नहीं लगाई। विपक्ष लम्बे समय से चुनाव आयोग को निशाना बना रहा है, कभी निष्पक्ष मतदान पर तो कभी मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण पर सवाल उठाते रहा है। चूंकि चुनाव ही सत्ता की सीढ़ी है, इसलिए लोकसभा चुनाव में परास्त होने और अनेक राज्यों में अप्रासंगिक होने से चुनाव आयोग पर आरोप तथा लांछन लगाना विपक्ष के लिए काफी आसान हो गया है। कभी वह चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों और निर्णयों पर अंगुली उठाता है, कभी उसे भाजपा के इशारे पर काम करने वाला बताता है, कभी ईवीएम, मतदाता सूची में अनियमितता, डाटा देने में विलंब, दलीय पक्षपात आदि का मुद्दा उठाकर चुनाव आयोग की छवि नष्ट करने का प्रयास करता है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण को हरी झंडी देकर विपक्ष की बोलती बंद कर दी। विपक्ष की भूमिका लोकतंत्र में रचनात्मक आलोचना और वैकल्पिक नीतियों के माध्यम से शासन को दिशा देना होती है। किंतु आज का विपक्ष न तो पाकिस्तान-चीन के खतरनाक मनसूंबों, न गरीबी, न महंगाई, न बेरोजगारी, न सांप्रदायिक सौहार्द, न सीमा पर पड़ोसी देशों की चुनौती, और न ही किसानों, युवाओं और महिलाओं की समस्याओं को लेकर कोई ठोस योजना प्रस्तुत कर पा रहा है और न ही इन बुनियादी मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठा पा रहा है। उनकी राजनीति केवल मोदी और भाजपा विरोध तक सीमित होकर रह गई है। जब राजनीति 'विकास' की बजाय 'विरोध' पर केंद्रित हो जाए, तो वह जनहित नहीं, केवल सत्ता की भूख बन जाती है। विपक्षी दल मोदी एवं भाजपा पर लगातार आक्रामक हैं। राहुल गांधी और अन्य दलों के नेता संविधान की प्रति लहराकर यह दिखाने की कोशिश करते हैं जैसे संविधान खतरे में है और उन्हें उसे बचाना है। लेकिन भारत की जनता अब परिपक्व एवं समझदार हो गयी है, उसे अच्छा-बुरे में फर्क दिखता है। भाजपा पर 'तानाशाही', 'संविधान बदलने की साजिश', 'जनविरोधी नीतियों' जैसे आरोप लगाना विपक्ष की आदत बन चुकी है। किंतु हर बार जनता ने चुनाव में स्पष्ट बहुमत देकर इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। जनता जानती है कि ऑपरेशन सिन्दूर, डिजिटल इंडिया, गरीबमुक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत, महिला आरक्षण, जी-20 की सफल अध्यक्षता, भ्रष्टाचार पर कार्रवाई, गरीबों के लिए मुफ्त राशन, उन्नत सड़के, चमकती रेल एवं चमकते रेल्वे स्टेशन, घर, शौचालय और जल जैसी योजनाएं सिर्फ नारों से नहीं, संकल्प और समर्पण से संभव हुई हैं। क्या राहुल गांधी या इंडी गठबंधन के पास कोई ठोस आर्थिक नीति, सुरक्षा रणनीति, या सामाजिक समरसता का ब्लूप्रिंट है? क्या वे यह बता सकते हैं कि वे भारत को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं, या केवल मोदी विरोध को ही नीति मान बैठे हैं? भारतीय जनता राजनीतिक रूप से परिपक्व हो चुकी है।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | नवमी 14:40 तक |
| नक्षत्र: | भरणी 24:35 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शनिवार |
| योग: | शुला, 24:51 |
| सूर्योदय: | 05:39 |
| सूर्यास्त: | 19:15 |
| चंद्रमा: | मेष राशि में |
| राहुकाल: | 09:03-10:44 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | सावन |
| शुभ मुहूर्त: | 11:59-12:54 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## बच्चों में उल्टी और पेट दर्द का कारण बन सकती है गैस्ट्रोएंटेराइटिस

**बच्चे** अक्सर बाहर का खाना खाने की जिद् करते हैं। लेकिन, बाहर का दूषित भोजन आपके बच्चे की पाचन क्रिया को प्रभावित कर सकता है। साथ ही, बदलते मौसम में बच्चों को वायरल और बैक्टीरिल इंफेक्शन का जोखिम भी बढ़ जाता है। यही वजह है कि बच्चों अक्सर पेट दर्द या उल्टी आदि का सामना करना पड़ता है। बच्चों के बीमार पड़ते ही अभिभावक घबरा जाते हैं। डॉक्टर्स बताते हैं कि बच्चो में गैस्ट्रोएंटेराइटिस की समस्या एक आम परेशानी मानी जाती है। गैस्ट्रोएंटेराइटिस की समस्या को पेट का फ्लू कहा जाता है। इस स्थिति में बच्चे के पेट और आंतों में सूजन हो सकती है। गैस्ट्रोएंटेराइटिस की समस्या के पीछे वायरस, बैक्टीरिया और फूड पॉइजनिंग वजह हो सकती है। सामान्य रूप से एक से पांच साल तक के बच्चे इस समस्या से ग्रसित हो सकते हैं।

**बच्चे को उल्टी दस्त होने पर नमक और चीनी का घोल दें:** बच्चे को उल्टी दस्त व पेट में दर्द की समस्या होने पर आप उसे चीनी और नमक का घोल दे सकते हैं। दरअसल, दस्त और उल्टी होने पर बच्चे के शरीर से पानी का स्तर कम हो जाता है। ऐसे में डिहाइड्रेशन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस दौरान आप तीन साल से अधिक बच्चे के ओआरएस भी दे सकते हैं।

**पर्याप्त आराम करने दें:** बच्चे को



उल्टी और दस्त होने पर उन्हें पर्याप्त आराम की आवश्यकता होती है। इस दौरान बच्चे को थकान और डिहाइड्रेशन की वजह से कमजोरी महसूस हो सकती है। इसके लिए बच्चे के पर्याप्त रेस्ट कराना चाहिए।

**छाछ और दही:** पेट की समस्या में आप 1 साल से ऊपर के बच्चों को छाछ या दही दे सकते हैं। यह आंतों में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाता है और संक्रमण को शांत करता है। ध्यान रहे कि ये ठंडी न हो।

**नारियल पानी:** बच्चा चार या पांच साल का हो गया है तो डॉक्टर की सलाह पर आप नारियल पानी भी पील सकते हैं। नारियल के पानी में इलेक्ट्रोलाइट्स पाए जाते हैं । यह बच्चे के शरीर को हाइड्रेट करता है और कमजोरी से उबारता है।

**बच्चों को हल्का आहार दें:** उल्टी दस्त होने पर बच्चा खाना खाने से घबराता है। ऐसे में आप उसको केला, चावल, सेब की चटनी दे सकते हैं। साथ ही आप बच्चे को दाल का पानी या मूंग दाल की खिचड़ी भी दे सकती हैं। गैस्ट्रोएंटेराइटिस बच्चों में आम समस्या मानी जाती है। इस दौराम बच्चों को मेडिकल ट्रीटमेंट के साथ ही घरेलू देखभाल की आवश्यकता होती है। इस दौरान बच्चे को डिहाईड्रेशन होने की संभावना अधिक होत है। अगर बच्चे के लक्षण गंभीर हों या सुधार न दिखे, तो डॉक्टर की सलाह लेना आवश्यक है। इस समस्या में बच्चों का इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है, इसलिए समय पर देखभाल जरूरी है।

**छोटे बच्चों को उल्टी और दस्त होने पर क्या करना चाहिए?:** छोटे बच्चों को उल्टी और दस्त हो रहा है तो ऐसे में आपको अपनी इच्छा से किसी तरह की दवा नहीं देनी चाहिए। इस दौरान आपको लक्षणों को अनदेखा नहीं करना चाहिए और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**दस्त और उल्टी वाले बच्चे को क्या देना चाहिए?:** एनएचएस के अनुसार बच्चे को उल्टी और दस्त होने पर आप उन्हें ओआरएस घोल दे सकते हैं। ऐसे में डिहाइड्रेशन से बचने में मदद मिलती है। साथ ही, यदि बच्चा छोटा है तो उसको ब्रेस्टफीड कराते रहना चाहिए।

**क्या गैस्ट्रोएंटेराइटिस संक्रामक होता है?:** हां, यह वायरस या बैक्टीरिया के कारण होता है और बहुत तेजी से फैल सकता है। इसलिए संक्रमित बच्चे के कपड़े, बर्तन और खिलौने अलग रखें और बार-बार हाथ धोना जरूरी है।

### एक्सप्रेस विशेष

## अंतरिक्ष में भारत के आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा



डॉ.सत्यवान सौरभ

**आइए हम विज्ञान को केवल प्रयोगशालाओं में सीमित न करें, उसे घर-घर तक पहुंचाएं। विज्ञान का दीपक केवल रॉकेट नहीं बनाता, वह आशा, समानता और आत्म निर्भरता की लौ भी जलाता है। अंतरिक्ष में भारत की यह यात्रा यहीं नहीं थमेगी। यह हर उस हृदय की धड़कन बनेगी।**

**अंतरिक्ष विज्ञान के इस उत्साह को तर्क और जिम्मेदारी के साथ देखा जाए। विज्ञान का उपयोग यदि केवल आत्मप्रशंसा या राजनीतिक प्रचार के लिए हो, तो वह अपने मूल उद्देश्य से भटक सकता है। हमें यह ध्यान रखना होगा कि अंतरिक्ष विज्ञान केवल चंद्रमा पर तिरंगा फहराने का उपक्रम नहीं, बल्कि गांव-गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और आपदा राहत पहुंचाने का भी माध्यम है।**

**मानव** इतिहास की परिधि पर जब भी कोई नया चक्र उभरता है, तो उसमें विज्ञान, कल्पना और आत्मबल की त्रयी सबसे महत्वपूर्ण होती है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा, जो एक समय टिन के डब्बों में साइकिलों पर रॉकेट लेकर चलने से शुरू हुई थी, आज न केवल चंद्रमा और मंगल की मिट्टी तक पहुंच चुकी है, बल्कि मानव संसाधन के नए क्षितिज भी गढ़ रही है। हाल ही में संपन्न हुई भारतीय मूल की गगनयात्री सुनीता विलियम्स की ऐतिहासिक वापसी, न केवल अमेरिका की सफलता है, बल्कि भारत के अंतरिक्ष स्वप्नों को भी नए पंख दे गई है। उनके साहस ने भारत की आधी आबादी-नारी शक्ति-को यह संदेश दिया है कि अब अंतरिक्ष केवल विज्ञान का विषय नहीं, बल्कि आत्मबल, समानता और नवाचार का प्रतीक बन चुका है। और अब अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 18 दिनों के अंतरिक्ष प्रवास के बाद पृथ्वी पर लौट चुके हैं। वह अपने साथ सिर्फ वैज्ञानिक आंकड़े और बीज के नमूने ही नहीं बल्कि साहस, सपनों और भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं की कहानी भी लेकर आए हैं। भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम कोई दिखावा नहीं, बल्कि जमीनी जरूरतों का समाधान है। ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम की सटीक जानकारी, किसानों के लिए फसल पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन, संचार और शिक्षा के लिए सस्ती सेवाएं-ये सब हमारे उपग्रहों की देन हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की सफलता सिर्फ रॉकेट प्रक्षेपणों की संख्या में नहीं, बल्कि उनकी गुणवत्ता, सटीकता और न्यूनतम लागत में छुपी हुई है। यही कारण है कि दुनिया के बड़े राष्ट्र भी आज अपने उपग्रह प्रक्षेपण के लिए भारत का रुख कर रहे हैं। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग और आगामी गगनयान मिशन भारत को उस गुट में खड़ा कर रहे हैं, जहां सिर्फ चंद विकसित देश अब तक मौजूद थे। गगनयान मिशन, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेशी यान में अंतरिक्ष में भेजा जाएगा, सिर्फ विज्ञान नहीं बल्कि भारतीय आत्मगौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का प्रतीक होगा। इस यात्रा का सबसे रोचक पहलू यह है कि इसमें अब केवल वैज्ञानिक ही नहीं, आम भारतीय युवाओं के लिए भी संभावनाओं के नए द्वार खुल रहे हैं। इसरो, रक्षा अनुसंधान संगठन और निजी क्षेत्र के सहयोग से भारत एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहा है जहां विज्ञान, नवाचार, रोजगार और उद्यमिता एक साथ फल-फूल सकते हैं। सुनीता विलियम्स, कल्पना चावला, और अब भारत की युवा वैज्ञानिक-ये सब उदाहरण हैं उस शक्ति के जो अंतरिक्ष में भी सीमित नहीं है। आज देश की बेटियां रोवर बना रही हैं, सॉफ्टवेयर कोड लिख रही हैं, रॉकेट डिजाइन कर रही हैं। भारतीय अंतरिक्ष केंद्रों में महिला वैज्ञानिकों की सक्रिय भागीदारी इस मिथक को तोड़ती है कि विज्ञान केवल पुरुषों का क्षेत्र है। यह केवल लैंगिक समानता की बात नहीं, यह सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण की नींव है। जब एक लड़की अंतरिक्ष में जाती है, तो पूरे समाज का सोचने का तरीका बदलता है। देश के नवोदय विद्यालयों, केंद्रीय विद्यालयों, सरकारी स्कूलों, और ग्रामीण अंचलों से आने वाले छात्र-छात्राएं अब स्पेस क्लब का हिस्सा हैं। नन्हे वैज्ञानिक अब मोबाइल एप्लिकेशन से रॉकेट लॉन्च की प्रक्रिया को समझ रहे हैं, और निजी स्टार्टअप्स जैसे अग्निकुल, %स्काईरूट%, और पिक्सेल अंतरिक्ष आधारित स्टार्टअप संस्कृति को जन्म दे रहे हैं। यह परिवर्तन केवल पढ़ाई या परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजगार सृजन, नवाचार, और आर्थिक आत्मनिर्भरता की नींव भी है। अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का सपना अब सिर्फ सपना नहीं, योजनाबद्ध यथार्थ बनता जा रहा है। भारत में 2021 में स्थापित हुए अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या 30 से बढ़कर 2025 में 190 से अधिक हो चुकी है। इस वृद्धि के पीछे न केवल सरकारी नीतियां हैं, बल्कि वह युवा ऊर्जा भी है जो रिस्क लेने को तैयार है। अब भारतीय युवा सिर्फ सरकारी नौकरी की तरफ नहीं देख रहा, वह अब सोचता है कि वह क्यों न खुद एक उपग्रह विकसित करे? क्यों न वह लॉन्च सर्विस उपलब्ध कराए? क्यों न वह अंतरिक्ष कचरे की सफाई पर स्टार्टअप शुरू करे? यह वही नया भारत है, जो न केवल ख्वाब देखता है, बल्कि उन्हें साकार भी करता है। भारत अब अंतरिक्ष विज्ञान में केवल एक अनुसरणकर्ता नहीं, एक पथप्रदर्शक बनता जा रहा है। अफ्रीका, एशिया और दक्षिण अमेरिका के कई देश भारत से सहयोग की उम्मीद कर रहे हैं। भारत के सार्क सैटेलाइट का निर्माण यह दर्शाता है कि वह विज्ञान को केवल राष्ट्रहित में नहीं, विश्वहित में भी प्रयोग करना चाहता है। भारत की वसुधैव कुटुम्बकम की भावना अब पृथ्वी तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह ब्रह्मांड तक विस्तार पा रही है।

# पीलीभीत में बाघ का आतंक बना चुनौती, वन विभाग का सघन ऑपरेशन जारी





■ जनसुरक्षा, वन्यजीव नियंत्रण और राजनीतिक जवाबदेही के बीच संकट से जूझ रहा पीलीभीत

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बरखेड़ा और न्यूरिया क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में बाघ द्वारा किए गए हमलों ने जनपद में भय और चिंता का माहौल खड़ा कर दिया है। एक महिला की मौत और दो अन्य ग्रामीणों के घायल होने के बाद प्रशासन, वन विभाग और जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। लगातार 24 घंटे से बाघ की तलाश में वन विभाग की टीमें जुटी हुई हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस सफलता नहीं मिली है।

वन विभाग की टीमें हाथियों और थर्मल ड्रोन की मदद से सघन तलाशी अभियान चला रही हैं। हाशिमपुर, मंडरिया और सैजनिया जैसे गांवों में बाघ की गतिविधि को ट्रैक करने के लिए पांच प्रमुख स्थानों पर निगरानी रखी जा रही है। बाघ को पकड़ने के लिए दुधवा टाइगर रिजर्व, लखनऊ और बरेली से विशेषज्ञ टीमों को बुलाया गया है। गन्ने की घनी फसलें, जिनका क्षेत्रफल कई किलोमीटर में फैला है, बाघ की खोज में सबसे बड़ी बाधा बन रही हैं। डीएफओ भरत कुमार डीके के अनुसार, गन्ने की घनी फसलें लोकेशन ट्रेस करने में मुश्किल पैदा कर रही हैं। इसके लिए मध्य प्रदेश से अधिक क्षमता वाला ड्रोन मंगाया गया है। बाघ को बेहोश कर पकड़ने के प्रयासों को सफल बनाने के लिए दुधवा के प्रसिद्ध ट्रेंकुलाइज एक्सपर्ट डॉ. दया को भी बुलाया गया है, जो देर शाम पीलीभीत पहुंच चुके हैं। उनके साथ वन विभाग की रणनीति और तेज होगी।इस बीच शुक्रवार को गांधी सभागार में राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में वन्यजीव-मानव संघर्ष नियंत्रण पर एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। मंत्री ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटे अतिसंवेदनशील गांवों में जनजागरूकता अभियान, सोलर स्ट्रीट लाइट्स, तार फेंसिंग की मरम्मत और कंट्रोल रूम स्थापना जैसे निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ड्रोन और विशेषज्ञ टीमों के माध्यम से सघन निगरानी की जा रही है। बैठक में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, एसपी अभिषेक यादव, डीएफओ मनीष सिंह, और अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने प्रेस वार्ता में बताया कि जनसुरक्षा और किसानहित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं।

## स्वामी प्रवक्तानंद अकेले मोर्चे पर, बाकी जनप्रतिनिधियों की चुप्पी ?

जहां प्रशासनिक स्तर पर हलचल दिखाई दे रही है, वहीं राजनीतिक क्षेत्र में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद अकेले इस संकट से जूझते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि बाघ पकड़ा जाए, वरना मैं गांव में ही बैठ जाऊंगा, मेरी विधायकी जाए भाड़ में यह बयान प्रशासनिक उदासीनता और बाकी जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर एक करारा प्रहार है। विधायक ने मृतक के परिवार को ?4 लाख की 48 घंटे के अंदर राहत राशि दिलाई? थीं। कि गुरुवार को एक बार फिर तीन लोगों पर हमला कर दिया था जिसमें एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि दो लोगों का इलाज जारी हैं। बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने इन घटनाओं से पूर्व ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात इस विषय पर कर चुके थें। तो वही शुक्रवार को एक बार पुनः लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव संजय प्रसाद से भेंट कर बाघ हमलों की गंभीरता से अवगत कराया। सवाल यह उठता है कि अन्य सांसद और विधायक इस विषय पर मौन क्यों हैं?



## वन विभाग- बाघ की प्रवृत्ति असामान्य, मानव-वन्यजीव संघर्ष से नहीं जोड़ सकते

पीटीआर डीएफओ मनीष सिंह का कहना है कि यह घटना सामान्य मानव-वन्यजीव संघर्ष से अलग है। एक ही बाघ के व्यवहार में बदलाव देखा गया है, जिसने एक ही दिन में तीन हमले किए। हमले आमतौर पर नवंबर से अप्रैल के बीच होते हैं, मगर इस बार समय असामान्य है। तार फेंसिंग और जागरूकता अभियानों का असर दिखा है, लेकिन यह घटना असामान्य है।

## चिंता का विषय- शासन और प्रशासन की सुस्ती

एक ओर जहां वन विभाग संसाधनों के साथ लगातार प्रयास कर रहा है, वहीं बाघ की लोकेशन अब तक ट्रेस न हो पाना इस पूरे अभियान को शासन के लिए एक बड़ी चुनौती बना चुका है। ग्रामीणों को लगातार अलर्ट किया जा रहा है और खेतों में अकेले न जाने की हिदायत दी जा रही है। बाघ को पकड़ना सिर्फ वन विभाग का दायित्व नहीं, बल्कि यह एक सामूहिक प्रशासनिक और राजनीतिक जिम्मेदारी है। यह समय है जब हर जनप्रतिनिधि को ज़मीन पर उतरकर अपनी संवेदनशीलता और कर्तव्य का परिचय देना चाहिए। क्योंकि बाघ अब जंगल तक सीमित नहीं रहा, वह जनता की सुरक्षा व्यवस्था की असल परीक्षा बन चुका है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने न्यूरिया थाना क्षेत्र के टाइगर प्रभावित गांवों में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।इस दौरान ग्रामीणों को सतर्कता बरतने के लिए जागरूक किया गया। अधिकारियों ने अपील की कि कोई भी व्यक्ति अकेले जंगल या खेतों की ओर न जाए। बच्चों और वृद्धों को वन क्षेत्र के पास जाने से रोका जाए और रात्रि के समय विशेष सावधानी बरती जाए। यदि कहीं भी बाघ की गतिविधि दिखाई दे, तो ग्रामीण तुरंत पुलिस या वन विभाग को सूचना दें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# मंगदपुर में भ्रष्टाचार की खुली पोल



■ लाखों की लागत से बनी सड़क एक महीने में ही टूटी, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

ब्लॉक मरौरी के अंतर्गत ग्राम मंगदपुर में हाल ही में बनी पीडब्ल्यूडी की सड़क निर्माण कार्य ने सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लाखों रुपये की लागत से तैयार की गई लगभग 250 मीटर लंबी सड़क महज एक महीने में ही टूट-फूट का शिकार हो गई है। बारिश के चलते यह सड़क कीचड़ में तब्दील हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया। हालात यह हैं कि सड़क पर हाथ या जूते से भी बजरी उखड़ने लगती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह भ्रष्टाचार का खुला उदाहरण है, जिसमें ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत के चलते सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है।

## ग्रामीणों की मांग- हो निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई

ग्रामीणों ने इस मामले में प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा है कि दोषी ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, और भ्रष्ट ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाए। साथ ही, सड़क के पुनर्निर्माण की भी मांग की गई है, जिससे लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। ग्राम प्रधान ने की मंत्री से शिकायत ग्राम प्रधान प्रेम बहादुर ने बताया÷इस सड़क का निर्माण सिर्फ खानापूर्ति के लिए किया गया। गड्ढों को तक ठीक से नहीं भरा गया। मैंने इस मामले की मौखिक शिकायत केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद से की है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## महिला ग्रामीण का खुलासा- पहले ही जताया था विरोध

एक स्थानीय महिला ने बताया कि जब यह सड़क बनाई जा रही थी, तभी ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर आपत्ति जताई थी। ÷हमने कहा था कि काम सही तरीके से होना चाहिए, लेकिन ठेकेदार ने साफ कह दिया था कि 'सिर्फ खानापूर्ति करनी है'। अब वही सड़क पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। यह घटना न केवल निर्माण कार्यों में अनियमितताओं को उजागर करती है, बल्कि प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों की मांग है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों को जल्द से जल्द चिन्हित किया जाए और उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोहराई न जा सके।

# सास-बेटा-बहू सम्मेलन में दिखी संवाद और समन्वय की झलक, परिवार नियोजन पर हुआ सार्थक संवाद

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



ब्लॉक अमरिया के ग्राम निसरा में आज एक विशेष और रोचक आयोजन के तहत सास-बेटा-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन न केवल पारिवारिक संवाद को प्रोत्साहित करने का एक सशक्त मंच बना, बल्कि परिवार नियोजन और प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण साबित हुआ।

सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आलोक कुमार ने फीता काटकर किया। आयोजन स्थल को गुब्बारों और रंगोली से आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिससे वातावरण में उत्सव का भाव पैदा हुआ। कार्यक्रम में नवदम्पत्तियों, लक्षित दंपत्तियों के साथ-साथ क्षेत्र की सासों, बेटों और बहुओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी प्रतिभागियों द्वारा एक-दूसरे का परिचय देने और एक-दूसरे की विशेषताओं को साझा करने से हुई। इस पहल का उद्देश्य आपसी समझ और सम्मान को बढ़ावा देना था, जिससे पारिवारिक समन्वय और संवाद को मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी गई। मातृत्व परामर्शदाता नितिन गंगवार ने संस्थागत प्रसव, गर्भावस्था के दौरान आवश्यक आयरन और कैल्शियम सप्लीमेंट्स, और निःशुल्क अल्ट्रासाउंड के लिए क्यूआर कोड प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी।

परिवार नियोजन प्रबंधक अमित शर्मा ने प्रतिभागियों को स्थायी और अस्थायी परिवार नियोजन साधनों की जानकारी दी, और बास्केट ऑफ चॉइस की अवधारणा को सरल और प्रभावी रूप से समझाया। डीएससीएच अरुण पांडेय ने दो बच्चों के बीच अंतर रखने और विवाह के बाद कुछ समय का अंतर रखने के महत्व पर जोर दिया, ताकि मां और बच्चे दोनों स्वस्थ रह सकें। सम्मेलन में गुब्बारों की मदद से रोचक खेलों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि अधिक बच्चे होने पर परिवार को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, वहीं सीमित बच्चों के साथ बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवनशैली संभव हो पाती है। छोटा परिवार, सुखी परिवार की अवधारणा को सम्मेलन में प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।

सम्मेलन के अंत में परिवार नियोजन से जुड़े प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके उपरांत पुरुष प्रतिभागियों को अपने परिवार की देखभाल, छोटा परिवार रखने और अन्य लोगों को भी परिवार नियोजन के प्रति प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।सम्मेलन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तनवीर, पंचायत सहायक अरशद, जिला परिवार नियोजन प्रबंधक अमित शर्मा, मातृत्व परामर्शदाता नितिन गंगवार, डीएससीएच अरुण पांडेय, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक जसीम हुसैन, बीसीपीएम मजहर, एचएस इरशाद अली, क्षेत्रीय एएनएम कुसुम लता, आशा संगिनी अंजुम बेगम, स्थानीय आशाएं भानमती, चंद्रकली, शाबरा बेगम, नीलम, और आंगनवाड़ी कार्यकत्री यासमीन, मीरा, पूनमलता, अनुपमलता, मुन्नी देवी सहित अनेक स्वास्थ्य विभाग कर्मी उपस्थित रहे।यह सम्मेलन न केवल एक सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम था, बल्कि परिवार में आपसी संवाद और सामूहिक निर्णय लेने की संस्कृति को बढ़ावा देने की एक सार्थक पहल भी साबित हुआ। ग्रामीणों ने सम्मेलन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की मांग की।

# जिला कृषि अधिकारी को थप्पड़ मारने पर बवाल, कर्मचारियों की हड़ताल शुरू



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

विगत दिवस जिला पंचायत की बैठक के दौरान जिला कृषि अधिकारी को थप्पड़ मारने की घटना ने प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। घटना के विरोध में कृषि विभाग के कर्मचारियों ने हड़ताल की घोषणा कर दी है और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए गुंडागर्दी नहीं चलेगी÷ तथा दोषियों को गिरफ्तार करो जैसे नारे लगाए। घटना के विरोध में शुक्रवार को कृषि विभाग के सभी कर्मचारी जुलूस निकालकर विकास भवन पहुंचे। वहां डीएम को एक ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि अगर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो वे कार्य बहिष्कार को और उग्र करेंगे। घटना के केंद्र में मौजूद जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल यादव ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह हमला पूर्व नियोजित था। उन्होंने कहा, मैं यादव जाति से हूं, इसलिए मेरे साथ मारपीट और अभद्रता की गई। अगर मुझे कुछ होता है तो इसके लिए आरोपी जिम्मेदार होंगे। घटना जिला पंचायत बोर्ड की बैठक के दौरान हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर और उनके पति गुरुभाग सिंह भी मौजूद थे। आरोप है कि गुरुभाग सिंह ने खाद और यूरिया वितरण को लेकर जिला कृषि अधिकारी से तीखा सवाल किया।

जवाब देने के दौरान मामला इतना बढ़ गया कि अधिकारी के साथ मारपीट कर दी गई। कृषि अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने जांच के आदेश दे दिए हैं। जिले के अन्य विभागों के अधिकारी भी घटना की निंदा करते हुए सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

# तेज रफ्तार बाइक ने मारी पीछे से टक्कर

## स्वास्थ्य केंद्र कर्मी गंभीर रूप से घायल, लखीमपुर रेफर



**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**

निघासन कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के पास शनिवार सुबह तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक स्वास्थ्य केंद्र कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, नकटहा गांव निवासी अमित, जो निघासन सीएचसी में वार्ड बॉय के पद पर तैनात हैं, शनिवार सुबह ड्यूटी के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह दुर्गा मंदिर के पास पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार बाइक पर सवार युवकों ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अमित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तुरंत सीएचसी लाया गया, जहां तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया। परिजनों का आरोप है कि टक्कर मारने वाली बाइक पर चार युवक सवार थे और सभी काफी तेज रफ्तार में थे। लापरवाही से बाइक चलाते हुए उन्होंने पीछे से टक्कर मारी और मौके से फरार हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बाइक चालकों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# एक्सप्रेस खबरें...

### दहकते शोलों पर किया अंजुमन के मातमदरो ने मातम

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** 21 मोहर्रम पर इमामबाडे मे एक मजलिस आयोजित हुई जिसमे हरदोई से आऐ मौलाना फजल अब्बास जैदी ने खेताब फरमाया, मौलाना ने पैगम्बरे इस्लाम इमाम हुसैन के बारे में विस्तार से बताया, उसके बाद अलम का जुलूस निकाला गया,जुलूस के बाद अजुमने हुसैनिया ने दहकते हुऐ अगारो पर चल कर आग का मातम किया,जलते हुऐ आगारों पर बुजुर्ग, नौजवान और बच्चे अलम को लेकर दहकते अगारो पर या अली या अली की सदाओं के बीच आग पर से निकले,उसके अजुमन के लोगों ने दहकती हुई जजीरो का मातम किया,अजुमन का जोश देखते ही बन रहा था, या अली, या हुसैन की सदाओं से माहौल गमजदा हो गया, हजारों की तादाद मे महिलाएं और नौजवान इस आग का मातम देखने के लिऐ बेताब दिखे,अजुमने हुसैनिया ने नौहाख्वानी और जोरदार मातम किया, देर रात यह कार्यक्रम समाप्त, इस कार्यक्रम के आयोजक मेराज हुसैन दिल्ली की जानिव से हुआ, अजुमन के अध्यक्ष अध्यक्ष मो.अब्बास नकवी की देखरेख मे आयोजित हुआ,इस मौके पर जहीर हसन, हसन नकवीआलिम रजा, अली अब्बास नकवी, अफजल जैदी, जाहिद जैदी,असलम रिजवी, रहबर रिजवी, अहसन रिजवी,जमीर रिजवी, लकी जैदी,भोला रिजवी, नबबन जैदी, शारूक रिजवी, अकरम रिजवी, जमन जैदी,कमाल जैदी, जीशान जैदी सहित पूरी अजुमन के लोग मौजूद रहे, सुरक्षा मे कस्बा इचार्ज बाबूराम सहित बडी सख्या मे पुलिस बल मौजूद रहा।

### बिजली विभाग के जेई ने पीड़िता से की छेड़छाड़ पीड़िता ने दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** खीरी चौकी प्रभारी को दिये शिकायती पत्र में पीड़िता मीना (सभासद) पत्नी इरफान अहमद निवासी मोहल्ला सैयद बाड़ा कस्बा व थाना खीरी जिला खीरी बताया कि शुक्रवार करीब 2 बजे दिन में अपने घर का लाइट कनेक्शन का बिजली बिल जमा करने खीरी के कार्यालय पर गई जहां अवर अभियन्ता खीरी टाऊन विमल कुमार रावत जेई ने पीड़िता के सीने (वक्ष स्थल) पर गलत नीयत से हाथ चला फेर दिया पीड़िता ने जेई विरोध करते हुये हाथ पकड़ लिया तो हांथ छुड़ा कर भाग निकले, तथा साली बद?माश की धमकी देते हुये देख लेने को कहा है।

### हाईटेंशन लाइन से घायल बंदरस्करंट से झुलसा बंदर

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली के सेठ घाट रोड स्थित अर्जुन पुरवा में एक बंदर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। घटना शुक्रवार सुबह 9ः30 बजे की है। करंट लगने से बंदर खंभे से नीचे गिर गया। घायल बंदर के पास उसका साथी लगातार बैठा रहा। स्थानीय लोगों ने गौ सेवक परिवार के जसवंत राज को सूचना दी। उनके निर्देश पर गौ सेवक सूर्य शर्मा मौके पर पहुंचे और घायल बंदर का प्राथमिक उपचार किया। फिलहाल घायल बंदर को त्रिदेव गौशाला ले जाने की तैयारी की जा रही है। जसवंत राज के अनुसार हालत सामान्य होने पर बंदर को वापस छोड़ दिया जाएगा।अर्जुन पुरवा निवासी डब्लू ने बताया कि यह खंभा उनके घर के बिल्कुल पास में है।

# नगर पालिका परिषद लखीमपुर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में मिली देश में 108वीं रैंक

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणामों में नगर पालिका परिषद लखीमपुर ने राष्ट्रीय स्तर पर 108वीं रैंक प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है तथा लखनऊ मण्डल में दूसरा स्थान व जिले में प्रथम स्थान के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में 50,000 से 3 लाख तक जनसंख्या वाले निकायों की कटेगरी में प्रदेश में टॉप 10 में जगह बनाते हुए 9वाँ स्थान हासिल किया है। यह रैंकिंग भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी की गई है, जिसमें देशभर की नगर पालिकाओं के स्वच्छता कार्यों, नागरिक भागीदारी, कचरा प्रबंधन, नवाचार और सतत सफाई उपायों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। नगर पालिका परिषद लखीमपुर की यह उपलब्धि स्वच्छता कर्मियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा नगरवासियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। जनसहभागिता के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों का उपयोग, कचरा पृथक्करण, कचरा प्रसंस्करण, खुले में शौच से मुक्ति और सार्वजनिक स्थलों की सफाई में निरंतर सुधार के प्रयासों को भी इस सफलता में अहम माना गया है। नगर पालिका अध्यक्ष डा.इरा श्रीवास्तव और अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने इस उपलब्धि पर नगर वासियों को बधाई दी और कहा कि यह रैंकिंग हमारे शहर के नागरिकों के सहयोग और हमारी टीम की कड़ी मेहनत का परिणाम है। हमारा लक्ष्य है कि आगामी सर्वेक्षण में और भी बेहतर प्रदर्शन करें। नगर पालिका परिषद लखीमपुर आगे भी स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करते हुए स्वच्छता ही सेवा की भावना को आगे बढ़ाएगी।

### पर्यावरण जागरूकता के लिए विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** द वर्डेंट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने आज पर्यावरण जागरूकता अभियान एवं वन महोत्सव के अंतर्गत दो प्रमुख स्थलों-स्टेशन चौराहा एवं अग्रसेन चौराहा पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य आम जनता में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। बच्चों ने अत्यंत जीवंत अभिनय के माध्यम से यह संदेश दिया कि यदि हम आज पर्यावरण की रक्षा नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को इसका गंभीर दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा।नाटक में प्लास्टिक प्रदूषण, वनों की कटाई, जल-संरक्षण और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल, लेकिन प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। राहगीरों और स्थानीय नागरिकों ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की और पर्यावरण के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। विद्यालय के एम.डी. असद हुसैन एवं प्रधानाचार्या देवेंद्र कौर ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल शिक्षा का हिस्सा हैं

# यूरिया खाद की किल्लत से जूझ रहे किसान, सहकारी समिति पर मनमानी का आरोप



**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**

क्षेत्र के किसान इन दिनों यूरिया खाद की भारी किल्लत से परेशान हैं। निद्यात्तन-बीरी स्थित साधन सहकारी समिति पर खाद वितरण में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुए किसानों ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है।किसानों ने शिकायत की है कि समिति पर सिर्फ उन्हीं काश्तकारों को खाद दी जा रही है,

जिनका खाता समिति में दर्ज है। वहीं, छोटे व सीमांत किसान, जिनका खाता नहीं है, उन्हें आधार कार्ड दिखाने के बावजूद खाद नहीं दी जा रही। इससे धान, गन्ना व अन्य फसलों की बुआई व बढ़वार पर असर पड़ रहा है।किसानों ने आरोप लगाया कि जिन परिवारों के सदस्य समिति से जुड़े हैं, उन्हें एक ही घर के कई लोगों को खाद उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि असल में जरूरतमंद किसान एक-एक बोरी खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं। किसानों ने यह मांग की कि खाद वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए और आधार कार्ड व भूमि संबंधी कागजात यानी कौनी के आधार पर सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि कोई भी किसान वंचित न रह जाए और समय पर खेती कार्य पूरे कर सके।

किसानों बसंत कुमार, जसविंदर सिंह, संजय सिंह, रमेश कुमार आदि ने मांग की है कि उपजिलाधिकारी स्वयं इस मामले में हस्तक्षेप कर जांच कराएं और समिति को स्पष्ट निर्देश जारी करें कि हर पात्र किसान को उचित मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### झाड़ियों में छिपे सांप ने ग्रामीण को डसा

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी।** बरसात के मौसम में सांपों की सक्रियता किस हद तक खतरनाक साबित हो सकती है, इसका ताजा उदाहरण सिंगाही थाना क्षेत्र के ग्राम बांग्लहा ताकिया में सामने आया। गुरुवार की सुबह खेत में चारा काटने गए एक ग्रामीण को झाड़ियों में छिपे विषैले सांप ने डस लिया। गनीमत रही कि समय रहते उपचार मिल गया, जिससे ग्रामीण की जान बच सकी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी अमेरिका प्रसाद रोजाना की तरह अपने मवेशियों के लिए खेत पर चारा काटने गए थे। चारा काटते समय अचानक झाड़ियों में छिपे एक सांप ने उन्हें डस लिया। पहले पहल मामूली चुभन महसूस हुई, लेकिन कुछ ही देर में उनके हाथ में सूजन आ गई और चक्कर आने लगे। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए परिजन घबराए नहीं और तत्काल अमेरिका प्रसाद को निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, जहां इमरजेंसी वार्ड में तैनात चिकित्सकों ने तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया। चिकित्सकों ने एंटी-स्नेक वेनम इंजेक्शन दिया और निगरानी में रखा। चिकित्सकों के अनुसार, मरीज को समय रहते अस्पताल लाने के कारण ज़हर शरीर में फैल नहीं पाया और अब उनकी स्थिति स्थिर है। डॉक्टरों ने बताया कि अमेरिका प्रसाद को खतरे से बाहर बताया जा रहा है, लेकिन उन्हें निगरानी में रखा गया है।

# चुनार स्टेशन के पास मालगाड़ी की तीन बोगियां पटरी से उतरीं

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर



जिले के चुनार रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया, जब एक मालगाड़ी की तीन बोगियां पटरी से उतर गईं। हादसा उस समय हुआ जब मालगाड़ी यार्ड में प्रवेश कर रही थी। घटना से दिल्ली-हावड़ा जैसे व्यस्त रेल मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है।

### रेलवे फाटक पर लंबा जाम, यात्री परेशान

हादसा रेलवे क्रॉसिंग के ठीक पास हुआ, जिससे क्रॉसिंग को बंद कर देना पड़ा। इसके चलते दोनों ओर लंबा जाम लग गया और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग फाटक के दोनों ओर घंटों तक फंसे रहे। यातायात पुलिस और आरपीएफ के जवानों ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन जब तक राहत ट्रेन नहीं पहुंचती, तब तक कोई बड़ा कदम नहीं उठाया जा सकता।

### राहत कार्य के लिए बुलाई गई विशेष टीमें

लोको पायलट द्वारा दी गई जानकारी पर स्टेशन मास्टर ने तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद प्रयागराज और डीडीयू से एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन रवाना की गई है। रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं और बोगियों को हटाकर ट्रैक को दुरुस्त करने का कार्य राहत टीमों के पहुंचने के बाद शुरू किया जाएगा।

### रेलवे ट्रैक बहाली की कवायद जारी

हादसे के बाद रेलवे विभाग की टीम ट्रैक को जल्द से जल्द बहाल करने में जुट गई है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन पहुंचेगी, पलटी हुई बोगियों को हटाने और ट्रैक सुधार का कार्य प्रारंभ होगा। फिलहाल दिल्ली-हावड़ा रूट पर अन्य ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ा है, और यात्रियों को वैकल्पिक मार्गों की सलाह दी गई है। वापसी यात्रा में, 13436 गोमती नगर-मालदा टाउन अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस 25 जुलाई से प्रत्येक शुक्रवार को गोमती नगर से शाम 6¬40 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन मालदा टाउन शाम 4¬40 बजे पहुंचेगी। ट्रेन में एलएसएलआरडी के 02, शयनयान श्रेणी के 08, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 11 तथा पैंट्रीकार के 01 कोच समेत कुल 22 कोच लगाए जाएंगे।

## सरयू और राप्ती के तेवर ढीले पड़े

जन एक्सप्रेस । देवरिया

पिछले तीन दिनों सरयू-राप्ती नदी के जलस्तर में कमी आ रही है। हालांकि कटइलवा और विनोबा पुरी में नवीन बांध पर दोनों नदियां दबाव बना रही हैं।

परसियां-विशुनपुर देवार में सरयू का पानी पीडब्ल्यूडी बांध के पास पहुंच गया है। जबकि कटइलवा से कपरवार संगम तट और विनोबा पुरी में नवीन बंधे से नदी का पानी टकरा रहा है। दियारा के रमाशंकर यादव, मंजनाथ यादव, ओमप्रकाश आदि का कहना है कि नदी का रुख इस बार मुश्किलें पैदा कर रहा है।

भागलपुर संवाद के अनुसार, पांच दिन से घट रही सरयू का जलस्तर बृहस्पतिवार की सुबह से स्थिर हो गया।

सुबह तक नदी प्रति घंटे आधा सेमी की रफ्तार से घट रही है। केंद्रीय जल आयोग तुर्तीपार के अनुसार ,शुक्रवार शाम से दो सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से घटने वाली नदी बृहस्पतिवार सुबह के बाद स्थिर हो गई है। तुर्तीपार मीटर हेड पर नदी का जलस्तर शाम छह 61.80 मीटर रिकार्ड किया गया।

# त्योहारों से पहले किशमिश, नारियल के दाम बढ़े

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर में त्योहारों से पहले किशमिश और नारियल गोला के दामों में भारी तेज़ी आई है कीमतें दोगुनी तक बढ़ गई हैं। नासिक में अंगूर की फसल खराब होने से किशमिश की आवक कम है जबकि नारियल किसानों को उचित दाम न मिलने से आवक घटी है। अखरोट बादाम और पिस्ता के दामों में भी इज़ाफ़ा हुआ है। मखाने के दाम भी आसमान छू रहे हैं। त्योहारों से पहले कीमतों में उछाल 7 आवक कम होने से दामों में वृद्धि 7 जागरण संवाददाता, गोरखपुर। त्योहार से पहले किशमिश के दाम में तेजी आ गई है। वहीं, गरी गोला के भाव भी बढ़ गए हैं। अगस्त में रक्षाबंधन व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हैं। इससे पहले ही किशमिश व नारियल गोला की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। एक माह पहले इन दोनों की कीमतों में डेढ़ से दोगुणा तक उछाल आया है।



थोक बाजार में किशमिश 250 से 300 रुपये प्रति किग्रा के भाव है। जबकि फुटकर में 350 से 500 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। इसी तरह थोक बाजार में 300 से 350 रुपये प्रति किग्रा बिकने वाला नारियल गोला फुटकर बाजार में 480 से 500 रुपये तक पहुंच गया है। उधर पहले 1400 रुपये प्रति किग्रा तक बिकने वाला अखरोट गिरी इस समय 1800 के भाव बिक रहा है।

बाजार में नासिक की किशमिश अच्छी मानी जाती है। इस बार वहां अंगूर की फसल प्रभावित रहीं है, इसलिए नासिक में किशमिश का उत्पादन कम हुआ है। मंडी में आवक कम होने से किशमिश के भाव में तेजी आई ई। इसी तरह नारियल की आवक केरल, कर्नाटक व तमिलनाडु से होती है। गत तीन से चार वर्षों से किसानों को इस फसल से घाटा हो रहा था। इसलिए उनका मोहभंग हो गया और वे हरा गोला बाजार में बेचने में रुचि ले रहे हैं।

वर्ष 2023 में दीपावली पर 100 से 125 रुपये किलो थोक बाजार में गोला बिका था। जबकि 2024 में इस त्योहार पर गोला 240 रुपये प्रति किग्रा बिका। जून के पहले सप्ताह तक भाव में उतनी तेजी नहीं थी। जैसे ही मंडी में गोला की आवक कम हुई है। कीमतों में वृद्धि हो हो गई है।

किशमिश के बड़े कारोबारी गिरीश भाटिया ने बताया कि नासिक में अंगूर की फसल हर साल की अपेक्षा इस बार 50 प्रतिशत कम रही है। किशमिश का पुराना स्टाक भी खत्म हो चुका है। उधर मार्च में रजमान पड़ जाने से अंगूर की खपत बढ़ गई थी। किसानों ने अंगूर बेचकर खूब मुनाफा कमाया। इस वजह से किशमिश की सबसे बड़ी मंडी महाराष्ट्र के सांगली में किशमिश कम तैयार हुआ, जो भाव में तेजी का प्रमुख कारण है। अभी फिलहाल तेजी बरकरार रहने की उम्मीद है।

गोलघर स्थित ड्राईफ्रूट विक्रेता निकुंज टेकड़ीवाल ने बताया कि पिछले कई वर्ष से किसानों को गरी गोला के भाव ठीक नहीं मिल रहे थे। इस कारण उनका इससे मोहभंग हो गया और उन्होंने मुनाफा के चक्कर में कच्चा नारियल बाजार में उतार दिया। मंडी में आवक कम होते ही भाव में तेजी आ गई। यहां तक 400 रुपये प्रति किग्रा बिकने वाला गरी का बुरादा भी 550 रुपये बिक रहा है।

अभी भी फुटकर में मखाना 1300 रुपये प्रति किग्रा के पार

## मछली विक्रेता से रुपये लूटने के मामले में चार पर डकैती का केस

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

**गोड़रिया।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के जमुआन घाट गोदाम के पास मछली के थोक व्यापारी को मारपीट कर रकम छीनने के मामले में विशुनपुरा पुलिस ने एसपी के आदेश पर डकैती का केस चार लोगों पर दर्ज किया है। इसमें एक महिला भी शामिल है। घटना के बाद से पीड़ित को जांच के नाम पर विशनपुरा पुलिस मामले को लटका रही थी। आरोपियों की पिटाई से मछली व्यापारी का दोनों पैर और एक हाथ टूट गया है। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बिंदटोली निवासी हरी 10 जुलाई को पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायत पत्र में लिखा है कि 28 जून की रात 8.30 बजे अपनी दुकान से मछली बेच कर जमुआन गोदाम के रास्ते घर जा रहे थे कि रास्ते में भरदुल उर्फ मुकेश, उमा देवी, भागीरथी, राजेश रास्ते में घेर लिए और मारपीट कर घायल कर दिया। 40 हजार रुपये छीन लिए। पीड़ित ने विशुनपुरा पुलिस को तहरीर दिया। थानाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने बताया कि एसपी के आदेश पर केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत, परिवार में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज।

पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सतगुर में बीती रात तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 56 वर्षीय महिला जोखनी देवी पत्नी स्व. बैजनाथ की जान चली गई। मिलीं जानकारी के अनुसार, जोखनी देवी अपनी दुकान बंद कर नहर की पटरी से होकर घर लौट रही थीं, तभी एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल जोखनी देवी को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस की सहायत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनियरा ले जाया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया, जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों के



अनुसार, मृतका के दो पुत्र और तीन पुत्रियाँ हैं, सभी विवाहित हैं। उनके पति बैजनाथ की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है। इस हादसे के बाद पूरे परिवार में शोक की लहर है। इस संबंध में पनियरा थानाध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## फंदे से लटका मिला युवती का शव

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गांव गौनरिया के सत्तन टोला में एक युवती का संदिग्ध परिस्थितियों में घर में फंदे से लटकता शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस तो परिजन मृतक युवती को अस्पताल ले जाने की बात कही। करीब एक घंटे बाद पुलिस ने अजीज नगर गांव के पास एक बोलेरो से बरामद कर कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई। जानकारी के अनुसार गौनरिया गांव निवासी गेना राजभर की 21 वर्षीय पुत्री निशा राजभर का शव बृहस्पतिवार की दोपहर घर के एक कमरे में फंदे से लटकता मिला। इसकी सूचना किसी ने कप्तानगंज पुलिस को दे दिया। करीब तीन बजे पुलिस घटना स्थल पर पहुंची तो युवती का शव नहीं था। इसके बारे में पुलिस परिजनों से पूछताछ की तो परिजनों ने बताया कि युवती को इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

### राष्ट्रीय स्तर पर 466वीं रैंक हासिल

# स्वच्छ सर्वेक्षण में चौक नगर पंचायत ने मारी बाजी

जन एक्सप्रेस । महराजगंज/चौक

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जारी स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में चौक नगर पंचायत ने पहली बार प्रतिभाग करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। कुछ वर्षों पहले ही नगर पंचायत का दर्जा पाने वाले चौक ने अपने पहले ही प्रयास में वन स्टार रेटिंग प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर 466वीं रैंक हासिल की है। जिले में चौक को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, जिससे नगरवासियों और प्रशासनिक अधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।



इस उपलब्धि पर नगर पंचायत कार्यालय में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय मद्धेशिया ने ईओ ओमप्रकाश यादव को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। वहीं, कार्यालय में उपस्थित सभी सभासदों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस उपलब्धि की बधाई दी। स्वच्छता सर्वेक्षण टीम द्वारा नगर की सड़कों, नालियों, तालाबों, वाणिज्यिक क्षेत्रों में सफाई, कूड़ा प्रबंधन एवं नगर सौंदर्यीकरण का गहन निरीक्षण किया गया। सफाई कर्मचारियों द्वारा घर-घर कूड़ा संग्रहण, समयबद्ध निष्पादन और कूड़ा प्रोसेसिंग प्लांट के संचालन को विशेष रूप से सराहा गया। जबकि नगर पंचायत चौक को ओपन डेफेकशन फ्री प्लस (ह्रछ्वस्न+) का दर्जा भी प्राप्त हुआ है, जो ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन में नगर की मजबूती को दर्शाता है। ईओ ओमप्रकाश यादव ने इस सफलता का श्रेय सफाई कर्मचारियों की मेहनत, टीम वर्क और जनता के सहयोग को देते हुए बताया कि जल्द ही नगर में एक कार्यक्रम आयोजित कर सफाईकर्मियों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय मद्धेशिया, सभासद पप्पू वर्मा, त्रिभुवन वर्मा, विशाल पुष्कर, हरिकेश पटेल, छविनाथ, श्रीराम गुप्ता, अंगद वर्मा, हरिलाल भारती, नरोत्तम, आशीष, सर्वेश पांडे, प्रधान लिपिक रमेश चंद्र, विजय यादव, आकाश कन्नौजिया समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रामगढ़ताल की खूबसूरती बढ़ाने के लिए लगे आधे फव्वारे बंद, सुंदरता पर लगा ग्रहण

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर के रामगढ़ताल को सुंदर बनाने के लिए लगाए गए फव्वारे देखरेख के अभाव में आधे से ज़्यादा बंद हो गए हैं। रंगीन लाइटों से जगमगाते फव्वारे अब खराब पड़े हैं जिससे लोगों में निराशा है। जीडीए का कहना है कि तकनीकी खराबी के कारण ऐसा हो रहा है और जल्द ही मरम्मत की जाएगी।

रामगढ़ताल की सुंदरता बढ़ाने के लिए किनारों की ओर चारों तरफ लगाए गए फव्वारों में से देखरेख के अभाव में आधे बंद हो गए हैं। रात के समय रंग बिरंगी लाइटों के बीच फव्वारों से उठता पानी हर किसी को आकर्षित करता है लेकिन, कुछ फव्वारों की ये लाइटें भी बंद हैं, जो ताल घूमने जाने वालों के बीच चर्चा में हैं। जीडीए की ओर से इन फव्वारों की देखरेख करने



वालों कर्मचारियों का कहना है कि तार हिलने की वजह से कभी-कभी कुछ फव्वारे बंद हो जाते हैं लेकिन, इन्हें जल्द ही सही कर लिया जाता है। ताल में कुल 25 फव्वारे लगाए गए हैं। इनमें आधे गौतमबुद्ध द्वार से नौकायन वाले मार्ग के किनारे तो आधे ताल के दूसरी तरफ यानी महादेव झारखंडी की ओर लगाए गए है। ताल की दूसरी ओर के ये फव्वारे लंबे समय से बंद पड़े हैं। नौकायन वाले मार्ग किनारे के भी करीब चार फव्वारे खराब हैं तो कुछ की लाइटें नहीं जल रही हैं।

यही नहीं फव्वारे तय समय से संचालित भी नहीं किए जा रहे हैं। जीडीए की ओर से तय कार्यक्रम के मुताबिक सुबह छह बजे से 10 बजे तक और शाम को पांच बजे से रात दस बजे तक फव्वारे चलाने का प्रविधान है लेकिन, इसका नियमित अनुपालन नहीं हो पाता है। हालांकि प्राधिकरण के प्रभारी मुख्य अभियंता किशन सिंह का कहना है कि सभी फव्वारे समय से चलाए जाते हैं। कभी-कभी तकनीकी दिक्कतों की वजह से एक-दो फव्वारे बंद हो जाते हैं तो उनकी मरम्मत कराई जाती है। यदि कोई फव्वारा बंद होगा तो उसे दुरुस्त करा दिया जाएगा।

## संदिग्ध हालात में सड़क के किनारे मिला अधेड़ का शव

जन एक्सप्रेस । देवरिया

क्षेत्र के टीकर मोड़ पर सड़क के किनारे बृहस्पतिवार की सुबह करीब 6¬30 बजे संदिग्ध हालात में एक अधेड़ का शव पड़ा मिला। अधेड़ की पहचान मरकड़ा गांव निवासी हरिप्रकाश प्रसाद (55) के रूप में हुई। वह नाट्य डांसर बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, हरिप्रकाश कबाड़ बीनने के साथ-साथ नाट्य डांसर था। बुधवार की शाम करीब सात बजे उसने परिवार वालों से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने की बात कहकर घर से निकला था। बृहस्पतिवार की सुबह उसका शव सड़क के किनारे पड़ा था। शव की स्थिति भी चर्चा का विषय रही। हरिप्रकाश ने शर्ट के नीचे लाल रंग का ब्लाउज पहन रखा था। सिर और पैरों पर चोट के निशान भी थे।

# विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, ससुराल वालों पर हत्या का आरोप, पति हिरासत में

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

स्थानीय थाना क्षेत्र के माधोपुर बुजुर्ग मंझरिया गांव में एक विवाहिता की बृहस्पतिवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके के लोगों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस विवाहिता के पति को हिरासत मे लेकर पूछताछ में जुटी है। बिहार के गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के कनकपुरा निवासी रामलाल चौहान की बेटी मिंदु देवी (24) की शादी तमकुहीराज थाना क्षेत्र के माधोपुर बुजुर्ग (मंझरिया) निवासी युवक के साथ वर्ष 2022 में हुई थी। बुधवार शाम पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसकी सूचना मायके पक्ष के लोगों को दी गई थी। स्थानीय लोगों ने समझा-बुझाकर विवाद को शांत करा दिया। घर पर केवल पति व सास ही रहते हैं। परिवार



के अन्य सदस्य बाहर रहकर काम करते हैं। परिजनों के मुताबिक बृहस्पतिवार सुबह विवाहिता छत पर सीढ़ी के बगल में बने टीनशेड के कमरे में दुप्टे से फंदा लगाकर लटकी मिली। परिजनों ने विवाहिता के शव को नीचे उतार कर छत पर लेटा दिया। इसी दौरान सूचना के बाद मौके पर मायके पक्ष से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंए गए। उन्होंने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। सीओ तमकुहीराज राकेश प्रताप सिंह व नायब तहसीलदार कुंदन वर्मा भी मौके पर पहुंच गए। सीओ तमकुहीराज राकेश प्रताप सिंह ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विवाहिता के पति को हिरासत मे लेकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर के आधार पर विधिक कारवाई की जाएगी।

# काम नहीं करने वाली आशा बहुएं की जाएं बर्खास्त

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कलक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक हुई। इसमें संस्थागत प्रसव, आशा बहुओं के भुगतान, बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच, डाटा फीडिंग, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु रिपोर्टिंग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जन्म पंजीकरण, गर्भवती मां के उपचार की स्थिति आदि की जानकारी ली गई। इसमें कार्य नहीं करने करने वाली आशा बहुओं की बर्खास्तगी की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

सीडीओ गुंजन द्विवेदी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड तथा आयुष्मान



गोल्डन कार्ड बनाने में प्रगति लाएं। सभी चिकित्सीय भवनों में इंफ्रास्ट्रक्चर गैप को पूर्ण करें। बिना कोई ठोस कारण के मरीजों के रेफर कतई ना करें। उन्होंने मंत्रा एप पर फीडिंग करने एवं आधार प्रमाणीकरण करने, गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच करें। उन्होंने संस्थागत प्रसव के मामले में प्रगति जानकारी ली।

उन्होंने स्वास्थ्य योजनाओं को प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए विशेष रणनीति तैयार कर क्रियान्वित करने के लिए सीएमओ और सभी एमओआईसी को निर्देश देते हुए जो आशा बहुएं कार्य नहीं कर रही हैं। उनकी बर्खास्तगी से संबंधित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान सीएमओ अनुपम प्रकाश भास्कर, एसीएमओ एसएन त्रिपाठी, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी आदि मौजूद रहे।

## महिला ने ऑटो चालक को चप्पल से पीटा

जन एक्सप्रेस । देवरिया

किराये को लेकर बृहस्पतिवार को रामपुर चौराहे पर उस समय हंगामा मच गया, जब एक महिला यात्री ने ऑटो चालक की चप्पल से पिटाई कर दी। जानकारी के मुताबिक, महिला देवरिया से ऑटो में सवार होकर रामपुर चौराहे तक आई थी। ऑटो चालक ने तय से अधिक किराया मांगा तो महिला ने विरोध जताया। महिला का आरोप है कि इस पर ऑटो चालक ने अभद्र भाषा का प्रयोग कर दिया। इससे महिला ने चप्पल निकाल कर चालक की पिटाई शुरू कर दी। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पाकर गौरीबाजार पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को शांत कराया। थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने बताया कि दोनों पक्षों से लिखित शिकायत नहीं मिली है, मगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ज्यादा स्क्रीन टाइम बच्चों को बना रहा मायोपिया का शिकार

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बच्चों की आंखें खराब हो रही हैं। ओपीडी में 90त्न बच्चों में दृष्टिदोष का कारण स्क्रीन टाइम है। मायोपिया और हाइपरमेट्रोपिया जैसी बीमारियाँ बढ़ रही हैं जिसका मुख्य कारण स्मार्ट डिवाइसों का ज्यादा इस्तेमाल है। डॉक्टरों का सुझाव है कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखें और आउटडोर गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करें।

मोबाइल फोन का ज्यादा उपयोग करने वाले बच्चों की आंखें भी खराब हो रही हैं। उनमें सूखापन, पानी गिरने की समस्या तो आ ही रही है, ज्यादा स्क्रीन टाइम से वे मायोपिया या हाइपरमेट्रोपिया नामक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। मायोपिया में दूर की चीजें व हाइपरमेट्रोपिया में नजदीक की चीजें कम दिखाई देती हैं।

बीआरडी मेडिकल कालेज व निजी अस्पतालों में दृष्टिदोष की समस्या लेकर पहुंच रहे बच्चों में 90 प्रतिशत की मोबाइल एडिक्शन की हिस्ट्री मिली है। सबसे ज्यादा बच्चे मायोपिया से पीड़ित हैं। इनमें से एक-दो प्रतिशत में हाइपरमेट्रोपिया या प्रोगेसिव मायोपिया की समस्या मिल रही है। डॉक्टरों ने आनुवांशिक के साथ ही इसका मुख्य कारण स्क्रीन टाइम को बताया है। आंख में सूखापन व पानी गिरने की समस्या का सबसे बड़ा कारण ज्यादा स्क्रीन टाइम ही मिला है।

धीरे-धीरे बहुत कुछ डिजिटल होता जा रहा है। स्मार्ट मोबाइल व स्मार्ट टीबी पर अधिक स्क्रीन टाइम बच्चों को दृष्टि दोष का दर्द दे ही रहा था, अब स्कूलों में स्मार्ट बोर्ड ने इसे और बढ़ा दिया है। ये सारे संसाधन प्रगति में चाहे जितनी बच्चों की मदद कर रहे हों लेकिन उनकी आंखों की



रोशनी भी छीन रहे हैं। इसलिए वे मायोपिया, हाइपरमेट्रोपिया (कम दिखना) व प्रोग्रेसिव मायोपिया (कुछ समय के बाद चश्मे का नंबर बढ़ जाना) के शिकार हो रहे हैं।

ऐसे बच्चों की संख्या पिछले पांच वर्षों में दोगुणा से अधिक हो गई है। पहले ओपीडी में प्रोग्रेसिव मायोपिया के शिकार बच्चे सप्ताह में एक-दो आते थे। 10-12 बच्चों में सामान्य मायोपिया (जिनके चश्मे के नंबर बढ़ते नहीं हैं) से पीड़ित बच्चों की संख्या एक-दो होती थी। अब 10-12 बच्चों में ऐसे बच्चों की संख्या सात-आठ है।

इनमें लगभग दो-दो प्रोगेसिव मायोपिया व हाइपरमेट्रोपिया से पीड़ित होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार जैसे-जैसे बच्चों की उम्र बढ़ती है और कार्निया का आकार बढ़ता है, वैसे ही यह बीमारी बढ़ती जाती है। इसलिए चश्मे का नंबर बढ़ता जाता है।

चश्मे का नंबर लगभग 18 साल की उम्र तक बढ़ता रहता है। इसके बाद स्थिर हो जाता है। उस समय लेसिक सर्जरी कर उनका चश्मा हटा दिया जाता है। डाक्टरों ने स्मार्ट मोबाइल, स्मार्ट टीबी, स्मार्ट बोर्ड व अधिक स्क्रीन टाइम को नुकसानदेह बताया है।

# प्रशासनिक शिथिलता पर महंत हुए नाराज आवागमन शुरू कराने का दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तहसील मुख्यालय तुलसीपुर से हरैया जाने वाले मार्ग पर खैरी के पास टूटी पुलिया के कारण आवागमन में हो रही परेशानी को देखते हुए महंत देवी पाटन मिथिलेश नाथ योगी ने स्थलीय निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने का निर्देश दिया । महंत के निर्देश जिम्मेदार प्रशासन हरकत मे आया और आनन फानन में पुलिया रिपेयरिंग की कार्यवाही शुरू करवा दी ।
जानकारी के अनुसार तुलसीपुर तहसील मुख्यालय को हरैया को जोड़ने वाले मार्ग पर खैरी गांव के पास पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा था । प्रशासन द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी । स्थानीय लोगों की शिकायत पर देवी पाटन मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया तथा जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई । उन्होंने अधिकारियों को तत्काल पुलिया के रिपेयरिंग कार्य शुरू कराने तथा बाईपास मार्ग बनाकर आवागमन शुलभ बनाने का निर्देश दिया । महंत द्वारा दिए गए निर्देश के बाद जिम्मेदार प्रशासन की नींद टूटी और आनन फानन में बाईपास मार्ग का निर्माण तथा रिपेयरिंग के लिए सामग्री पहुंचने लगी । स्थानीय लोगों ने महंत देवीपाटन मिथिलेश नाथ योगी को कार्य शुरू करने के लिए धन्यवाद देते हुए आभार जताया है।

# हिंदू लड़कियों को टारगेट करने वाले दुष्कर्मी को पुलिस ने किया गिरफतार

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में गुरवार को बलरामपुर पुलिस ने थाना गौरा चौराहा क्षेत्रांतर्गत मुस्लिम संप्रदाय के एक व्यक्ति द्वारा हिन्दू संप्रदाय के लड़कियों को टार्गेट बनाकर उनसे दोस्ती व प्रेम प्रसंग का नाटक कर पैसों का लालच देकर उनके साथ दुष्कर्म जैसे जघन्य कृत्य करने वाले अभियुक्त के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार किया है ।
जानकारी के अनुसार 18 जुलाई को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर क्षेत्र के निवासी ने 17 जुलाई 25 को एक लिखित शिकायती सूचना दिया कि आसिफ पुत्र शमीम निवासी ग्राम महुवा थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर द्वारा मेरी 20 वर्षीय पुत्री व मेरे साढ़ू की 23 वर्षीय लड़की को धन का लालच देकर उनके साथ दुष्कर्म किया है और जब हम इसकी शिकायत उससे किये तो विपक्षी द्वारा जानमाल की धमकी दी गयी । प्राप्त सूचना के आधार पर थाना गौरा चौराहा पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही की गयी । 18 जुलाई 25 को नामजद अभियुक्त आसिफ पुत्र शमीम निवासी ग्राम महुवा थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर के संबंध में मुखबिर सूचना मिली कि अभियुक्त आसिफ ग्राम महुआ के बाहर नहर पुलिया के पास खड़ा है इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए अभियुक्त आसिफ को ग्राम महुआ नहर पुलिया के पास से ही गिरफ्तार कर लिया गया तथा उसके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय रवाना किया किया गया। अभियुक्त आसिफ से घटना के संबंध में पूछताछ की गयी व उसके द्वारा प्रयोग में लाये जा रहे मोबाइल का पुलिस टीम द्वारा अवलोकन किया गया तो घटना से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य मिले और अभियुक्त ने बताया कि हमारे पास एक ट्रैक्टर ट्राली, रोटावेटर व कृषि कार्य से संबंधित कई उपकरण है गांव के व आस पास के गांव में ट्रैकटर संबंधित कोई काम पड़ता है तो लोग मुझे फोन करके बुला लेते हैं मेरे खिलाफ मुकदमा लिखाने वाले के यहां भी मोबाइल से खेत जोतने व अन्य ट्रैक्टर संबंधित काम के लिए बुलाते थे उसी मोबाइल पर मैं किसी न किसी बहाने बात करता था और जब फोन लड़की उठाती थी तो उससे अच्छी अच्छी बातें व गिफ्ट देने की बात करता था और उनसे झूठे प्रेम करने का नाटक करके उनकी लड़की व उनके रिश्तेदार की लड़की से मैने दोस्ती कर लिया और दोनो लड़कियों को यही बताता था कि सिर्फ तुम्ही से मैं प्रेम करता हूँ और दोनो को पैसे व गिफ्ट देने का लालच देकर अलग अलग अकेले में मिलता था । गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में प्र0नि0 अनिल कुमार सिंह, हे0का0 झिनकू यादव, हे0का0 विनोद कुमार तथा का0 रामवृक्ष शामिल थे।

# बस ने ट्रक में मारी टक्कर, एक की मौत, हादसे में 29 यात्री हुए घायल

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

थाना टप्पल क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर डबल डेकर बस ने पीछे से ट्रक में टक्कर मार दी।हादसे में बस चालक शाहनवाज पुत्र मन्नर निवासी ग्राम अनूपुर डिबाई थाना सिंभावली जिला हापुड़ उम्र 32 वर्ष की मौत हो गई और बस सवार 29 यात्री घायल हो गए। जिसमें से चार गंभीर बताए जा रहे हैं। घायलों को निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है।खैर के सीओ वरूण सिंह ने बताया कि अलीगढ़ के थाना टप्पल अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे के 53 किलोमीटर माइल स्टोन के निकट सुबह करीब पांच बजे कानपुर से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस ने आगे जा रहे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बस ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई।बस में सवार 29 यात्रियों को चोटें आई हैं, जिसमें से चार लोगों को गंभीर चोटें हैं। दुर्घटना में 25 लोगों को सामान्य चोटें आई हैं। पुलिस ने सभी घायल व्यक्तियों को उपचार के लिए सीएचसी टप्पल कैलाश के जेवर अस्पताल में भर्ती किया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस हादसे की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। गुरुवार को सुबह लगभग पांच बजे यमुना एक्सप्रेस वे आगरा से नोएडा 53 किलोमीटर पर बस संख्या एचआर 01 डब्लू 9700 कानपुर से दिल्ली जाते समय आगे खड़े ट्रक संख्या यूपी 14 एलटी 2080 में टकरा गई।जिससे बस में सवार यात्री घायल हो गए।

# बलिदानी पार्क में यज्ञ कर्म के साथ किया गया सनातनी दुकान का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय पर सनातन बचाने हेतु आर्य वीर दल की नई पहल पर सनातनी दुकान का शुभारंभ किया गया है ।
जानकारी के अनुसार मोहल्ला खलवा में धनाभाव के कारण संकट से जूझ रहे एक परिवार की मदद के लिए आर्य वीर दल उत्तर प्रदेश के प्रचार मंत्री आर्य अशोक तिवारी ने सनातन समाज से सहयोग की अपील करते हुए एक पोस्ट डाला कि धन की लालच देकर तथा संस्कार विहीन हमारे घर की लड़कियों को लव जिहाद में फंसा कर ही छांगुर जैसे झींगुर सनातन रूपी चादर को काटकर सनातनी परिवारों का धर्मांतरण करते हैं, इसलिए आडंबर व पाखंड में अपना धन बर्बाद करने के बजाय उसी धन से गरीब परिवारों को चिन्हित करके उनको व्यापार करा दिया जाए तथा उनको वैदिक संस्कृति का प्रशिक्षण दिया जाए तो नर सेवा नारायण सेवा की सच्ची पूजा भी हो जाएगी । साथ ही परिवार को अपनी संस्कृति और संस्कार की जानकारी भी हो जाएगी, फलस्वरुप न तो गरीब परिवार सनातन छोड़कर अन्य मजहब में धर्मांतरित होगा और ना ही सनातनी बेटियां लव जिहाद के चक्कर में आएंगी । अपील पर आर्य जगत के वैदिक विद्वान आचार्य अखिलेश मेधावी लखनऊ सबसे पहले आगे आए और उन्होंने दुखियारी परिवार के एक बालक को लखनऊ में अपने घर रखकर पढ़ाने तथा परिवार को दैनिक संध्या करने की शर्त पर 21,000 रुपए देने की पेशकश किया । इसके बाद अर्श गुरुकुल मेरठ से आर्यन आर्यन, गोवा से रमेश चंद्र मिश्रा, चंडीगढ़ से फूलचंद तिवारी, गोरखपुर से अभिषेक जी, बलरामपुर से पूजा श्रीवास्तव तथा फेसबुक मित्र सलिल कुमार तिवारी, अनुज शर्मा, आकाश साहू तथा 2 गुप्त दानियों ने बिना देर लगाये आर्य जी को कल्पना से भी अधिक सहयोग भेज दिया जिससे उत्साहित होकर आर्य जी ने एक और गरीब परिवार को चिन्हित किया तथा एक के बजाय दो पीड़ित परिवारों को गुटखा शराब आदि तामसी वस्तुओं को छोड़कर दैनिक उपयोग के सभी सामान खरीद कर ÷सनातनी दुकान÷ नाम से दो दुकान खुलवा दिया । बलिदानी पार्क में दुकान खोलने वाले दोनों परिवारों को संध्या तथा यज्ञ का प्रशिक्षण देकर उन्हें प्रतिदिन सुबह शाम संध्या करने तथा शुभ अवसर पर अपने घर में केक व फीता काटने के बजाय हवन करने तथा गुटका व शराब नशा से जीवन भर दूर रहने की प्रतिज्ञा दिलाई गई जिससे प्रेरित होकर उपस्थित तमाम लोगों ने भी जीवन भर नशा से दूर रहने की प्रतिज्ञा किया । इसके बाद वरिष्ठ नागरिकों ने स्वस्तिवाचन के साथ दोनों परिवारों को दैनिक उपयोगी वस्तुओं की ÷सनातन किट÷ सौंपते हुए उन्हें बताया कि उनके द्वारा दुकान चला लेने तथा संध्या याद कर लेने पर आचार्य अखिलेश मेधावी जी के द्वारा उन्हें 11,000 - 11,000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा और यदि वह संध्या याद नहीं कर पाये तथा मूल भरती अर्थात दी गई सामग्री स्वयं ही खाकर समाप्त कर दिए व दुकान नहीं चल पाए तो उन्हें आगे से कोई सहयोग नहीं दिया जाएगा । उपस्थित लोगों ने एक-एक समान खरीद करके दुकान का उद्घाटन किया और दुकानदारों ने सभी ग्राहकों को ओम पगड़ी भेंट करके स्वागत किया । उद्घाटन में स्वामी आत्मानंद, रामफेरन मिश्रा, कल्लू राम पांडे, ओमकार पांडे, विजय प्रताप मिश्र, सत्य प्रकाश पांडे, रंगमणि तिवारी, विकास पांडे, शिव शरण मिश्रा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।




# सात एनसीसी कैडेट्स ने गोल्ड मेडल हासिल किये

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की 1/8 और 2/8 कंपनी के सात एनसीसी कैडेट्स ने मंगलायतन विश्वविद्यालय, बेसवां में आयोजित कैटसी-42 कैंप (कैटसी-42) में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान प्राप्त किए। यह कैंप 8 यूपी बटालियन एनसीसी, अलीगढ़ द्वारा आयोजित किया गया था। कैडेट यूओ दीपक कुमार को कैंप सीनियर के रूप में उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। सार्जेंट मोहम्मद आमिर हुसैन को सांस्कृतिक कार्यक्रम में, सार्जेंट आर्यन अंसारी को गायन प्रतियोगिता में, और सार्जेंट इब्शार अली को फ्लैग एरिया में शानदार प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल मिला। टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता में सार्जेंट ओवैस खान, सार्जेंट दीपांशु और सार्जेंट युवराज मान राणा ने संयुक्त रूप से गोल्ड मेडल प्राप्त किये। कैंप के दौरान कैडेट्स को कैंप कमांडेंट कर्नल अजय लुंबा, कमांडिंग ऑफिसर, 8 यूपी बटालियन एनसीसी का निरंतर मार्गदर्शन मिला।

# गुजरात में चीतों के प्रजनन पर कार्यशाला आयोजित

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वन्यजीव विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. नाजनीन जहरा द्वारा गुजरात के भुज में ह्यकच्छ के बन्नी ग्रासलैंड में वन्यजीव संरक्षण और चीतों की पुन॰ स्थापनाह्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। यह कार्यक्रम डॉ. जहरा और कच्छ वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया।
इस कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर, फॉरेस्ट गार्ड्स, और शोधकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम की शुरूआत चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट्स (सीसीएफ) डॉ. संदीप कुमार के अध्यक्षीय भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने बन्नी क्षेत्र में चीता पुनर्वासन की रणनीतियों और चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने एएमयू जैसे शिक्षण संस्थानों के सहयोग को आवश्यक बताया।
डॉ. जहरा ने अपने व्याख्यान में विशेष रूप से सूखे क्षेत्रों में चीता संरक्षण के लिए दीर्घकालिक योजनाओं, नॉन-इनवेसिव मॉनिटरिंग और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने फील्ड स्टाफ की मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें आधुनिक उपकरणों के प्रशिक्षण की सलाह दी।
उनके मार्गदर्शन में एएमयू के शोधार्थी शाहबाज खान और मिर्जा अल्ताफ बेग ने चडवा राखाल वन क्षेत्र, भुज में किए जा रहे स्तनधारी जीवों के सर्वेक्षण के निष्कर्ष प्रस्तुत किए। कैमरा ट्रैप तकनीक के जरिए उन्होंने क्षेत्र की जैव विविधता का परिचय दिया। बेग ने फील्ड डॉक्युमेंटेशन और नेविगेशन के लिए मोबाइल ऐप्स का प्रदर्शन भी किया। इंतिखाब ने कार्यशाला के आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाई।
कार्यक्रम का समापन एक पैनल चर्चा के साथ हुआ जिसमें वरिष्ठ वन अधिकारी, एएमयू के शोधकर्ता और फील्ड स्टाफ शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। धन्यवाद ज्ञापन परिमल पटेल, सहायक वन संरक्षक (एसीएफ), बन्नी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# बीबीएयू के छात्रों का समर ट्रेनिंग कार्यक्रम संपन्न

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेएन मेडिकल कॉलेज के फामार्कोलॉजी विभाग द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ के बीएससी छात्रों के लिए एक माह का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर आर्यन मिश्रा और अनुराग ने अपने प्रशिक्षण अनुभव को साझा करते हुए फामार्कोविजिलेंस, पशु प्रयोगशालाएं और ड्रग एंड पॉइजन इन्फॉर्मेशन सेंटर जैसे विषयों पर अपने अनुभवों को प्रस्तुत किया। उन्होंने विभाग के कामकाज और प्रयोगशालाओं के व्यावहारिक उपयोग को लाभप्रद बताया। विभागाध्यक्ष डॉ. सैयद जियाउर रहमान ने छात्रों को प्रमाणपत्र, स्मृति चिन्ह और विभाग की प्रकाशन सामग्री भेंट की। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ. अहमर हसन, डॉ. अम्मार खालिद, गुफरान अली, और पीजी व पीएचडी स्कॉलर्स भी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम एएमयू के फामार्कोलॉजी विभाग द्वारा देशभर के युवा विद्यार्थियों को अकादमिक मार्गदर्शन और व्यावहारिक प्रशिक्षण देने की सतत पहल का हिस्सा है।

# डॉ. एमपीएस के 365 छात्रों को मिली नौकरियां

## डॉ एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्यूशंस में आयोजित हुआ मेगा जॉबफेयर महोत्सव 2.0

जन एक्सप्रेस । आगरा

डॉ. एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में जॉब फेयर महोत्सव 2.0 आयोजित हुआ। जिसमें डॉ. एमपीएस के अलावा अन्य संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 365 छात्र-छात्राओं को चयनित कर उन्हें ऑफर लेटर प्रदान किये। ऑफर लेटर पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले।
कार्यक्रम की शुरुआत डॉ एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंश चेयरपर्सन स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह, सेवायोजन कार्यालय के निदेशक चंद्रचूड़ दुबे एवं अन्य गणमान्यजनों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर जोबोत्सव का शुभारंभ किया। इस मौके पर डॉ. एमपीएस के चेयरपर्सन स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. एमपीएस ग्रुप का सदैव उद्देश्य रहा है, कि वह सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं।इस मौके पर डॉ. एमपीएस के चेयरपर्सन स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. एमपीएस ग्रुप का सदैव उद्देश्य रहा है, कि वह सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं। उन्होंने विभिन्न कंपनियों में चयनित छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। डॉ. एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंश के डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. विक्रान्त शास्त्री ने बताया कि डॉ एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्यूशंस प्रतिवर्ष जोबोत्सव का आयोजन करता है।उन्होंने विभिन्न कंपनियों में चयनित छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। डॉ. एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंश के डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. विक्रान्त शास्त्री ने बताया कि डॉ एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्यूशंस प्रतिवर्ष जोबोत्सव का आयोजन करता है। जोबोत्सव के कोर्डिनेटर व टीएंडपी हेड हिमांशु आर्या ने बताया कि पूरनाथ एजुकेशन के सहयोग से जोबोत्सव में देश की 40 से अधिक कंपनियां जानी मानी कम्पनियां जिनमें से प्रमुख रूप से एचडीएफसी बैंक, एसीई बैंकर, हिमालया, डीएक्सटी टैक्नोलॉजी, सनी टोयोटा, फ्रैंकफिन इंडिया, एचडीबी फाइनेंसियल बैंक, कोटेक महिंद्रा बैंक, कार देखो, पुखराज हर्बल, जोबबाज जैसी कंपनियां प्रमुख रूप से हिस्सा लिया, और जोबोत्सव में संस्थान के अलावा अन्य संस्थानों के लगभग एक हजार छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था, जिसमें से आठ सौ छात्र छात्राएं जोबोत्सव में शामिल रहे। वहीं कंपनियों के जनप्रतिनिधियों द्वारा कुल 365 छात्र-छात्राओं का चयन कर विभिन्न कंपनियों में उपयुक्त पदों पर किया गया। जिसमें तीन लाख से लेकर 15 लाख रुपये तक के पैकेज छात्र-छात्राओं को ऑफर किये गए। संस्थान के प्रशासनिक निदेशक डॉ एके गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डीन एडमिनिस्ट्रेशन चंद्रशेखर, डीन सीएस डॉ. आमेंद्र सिंह, डीन मार्केटिंग संदीप सक्सेना, डीन मीडिया रिलेशन डॉ. प्रवल प्रताप सिंह सहित सभी विभागाध्यक्षों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, अधिकारियों व कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# कंपोजित प्राथमिक विद्यालय में लगा नेत्र जांच शिविर

जन एक्सप्रेस । आगरा

न्यू आगरा क्षेत्र के आगरा रेस्ट क्लब की ओर से सरकारी कंपोजित प्राथमिक विद्यालय पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 248 बच्चों के नेत्रों का परीक्षण डॉ. संचित गुप्ता एवं रेटीना की जांच डॉ. परितोष द्वारा की गई।
आगरा रेस्ट क्लब के अध्यक्ष अरुण जैन ने बताया कि नेत्र हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी अंग है। देखने के साथ-साथ हम संवाद भी करते हैं, साथ ही भावनाओं का आदान-प्रदान करते हैं। शिविर में शहर की समाजसेवी सहायक मंडलाध्यक्ष नम्रता पाणिकर मुख्य रुप से उपस्थित रहीं। सचिव चक्रेश मित्तल ने ने बताया कि जिन बच्चों में विटामिन की कमी है, उनको क्लब की ओर से समय समय पर फल वितरण किये जाते है। शिविर में अनिल भार्गव, मेजर जनरल दयाल, राम कुलश्रेष्ठ, पूर्व अध्यक्ष पंकज सक्सेना, मधुप दरगर, एके गर्ग, पीटर थॉमस, कविता जैन, प्रीति सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# प्रो. शाह आलम ने अंतरराष्ट्रीय मनोविज्ञान संगोष्ठी में भाग लिया

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. शाह आलम ने फकीर मोहन विश्वविद्यालय, ओडिशा द्वारा ह्यबदलती दुनिया में मनोविज्ञान का अनुप्रयोग॰ समझ, क्रियान्वयन और परिवर्तनह्व विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और उद्घाटन व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रो. आलम ने कहा कि मनोविज्ञान हरेक और हर घ्टना के लिए प्रासंगिक है और इसे व्यावहारिक समस्याओं के समाधान में सक्रिय रूप से अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने भारत में मानसिक स्वास्थ्य की गंभीर स्थिति का जिक्र करते हुए बताया कि देश की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी गरीबी रेखा से नीचे रहती है, ऐसे में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में मनोवैज्ञानिक सहायता की सख्त जरूरत है। सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए प्रो. शाह आलम ने बताया कि देश की 20 प्रतिशत आबादी को नियमित काउंसलिंग की आवश्यकता है, लेकिन प्रशिक्षित काउंसलर्स की भारी कमी के चलते कम से कम 15 लाख योग्य काउंसलर्स तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने आत्म-नियंत्रण और आत्म-विश्वास को मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि हर किसी को काउंसलिंग नहीं मिल सकती, इसलिए आत्म-संयम के विकास की दिशा में प्रयास होने चाहिए। आत्महत्या की रोकथाम और नशा मुक्ति को भी उन्होंने प्रमुख मुद्दों के रूप में रेखांकित किया।

# कर्मचारियों ने तालाबंदी कर हड़ताल की घोषणा की

जन एक्सप्रेस । आगरा

■ शहर में सफाई कार्य ठप, हड़ताल का बल्केश्वर मेले पर पड़ सकता है असर

सराय ख्वाजा में कार्रवाई को लेकर हुई मारपीट में निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर सहित 20 के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने से शुक्रवार को कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने हड़ताल करते हुए नगर निगम में तालाबंदी की। इस पर कर्मचारियों की अधिकारियों के साथ जमकर बहस हुई। शहर में कूड़े का भी उठान नहीं किया गया। नगर निगम की गाड़ियां डीजल के लिए खड़ी रहीं।
थाना शाहगंज क्षेत्र के खेरिया मोड़ पर भाजपा विधायक भगवान सिंह कुशवाह के रिश्ते के चाचा की दुकान पर कार्रवाई के दौरान बवाल के बाद लिखाया गया। नगर निगम की टीम पॉलीथिन के खिलाफ अभियान के तहत सराय ख्वाजा गई थी। वहां नत्थी मिष्ठान भंडार की दुकान पर प्लास्टिक का गिलास का प्रयोग हो रहा था। टीम ने चालान काट दिया।
आरोप है कि कार्रवाई से खफा दुकानदार ने नगर निगम की टीम के एक सदस्य को थप्पड़ मार दिया। इसी बात पर नगर निगम की टीम गुस्से में आ गई और दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। सेनेटेरी इंस्पेक्टर ने बिना कोई नोटिस दिए बुलडोजर से दुकान का काउंटर और शटर तोड़ दिया। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में नगर निगम की टीम के कर्मचारी मारपीट करते दिख रहे हैं। बुलडोजर से दुकान का शटर तोड़ा जा रहा है। पुलिस ने नत्थी मिष्ठान भंडार के जगदीश कुशवाह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया।
डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने मीडिया को बताया कि मुकदमे में प्रदीप गौतम और प्रताप नामजद हैं। बीस अज्ञात कर्मचारियों का जिक्र है। मुकदमा बलवा, मारपीट, जानलेवा हमला, छेड़छाड़, लूट आदि धाराओं के तहत लिखाया गया है।
इसकी जानकारी होने पर शुक्रवार सुबह से सफाई कर्मचारियों के सभी संगठनों ने नगर निगम पहुंचकर हंगामा किया। उन्होंने हड़ताल की घोषणा करते हुए नगर आयुक्त समेत सभी अधिकारियों के कमरों में जबरन ताले लगा दिए। तालाबंदी के दौरान कर्मचारियों की अधिकारियों से नोकझोक भी हुई। हड़ताल से शहर में सफाई कार्य ठप हो गया। हड़तालियों ने घोषणा की कि जब तक एफआईआर वापस नहीं होगी, सफाई व्यवस्था ठप रहेगी। उन्होंने बल्केश्वर में चल रहे मेले की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप करने की चेतावनी दी है। कर्मचारी नेताओं ने नगर आयुक्त पर दुकानदार को बचाने और कर्मचारियों को फंसाने का आरोप लगाया। दरअसल, घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें नगर निगम की टीम की कार्रवाई को बिना नोटिस और प्रक्रिया के दिखाया जा रहा है। यही वीडियो अब निगम कर्मियों के लिए सिरदर्द बन गया है। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। कर्मचारी नेताओं ने आरोप लगाया है कि राजनीतिक दबाव में निगमकर्मियों को फंसाया जा रहा है और अधिकारियों ने भी उन्हें धोखे में रखा। कर्मचारी संगठनों ने थाने और विधायक आवास के घेराव का ऐलान कर दिया है।

# स्कूली छात्र साइकिल सहित नाले में गिरा, वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

थाना रोरावर क्षेत्र के खैर रोड पर गोंडा मोड़ के निकट नगर निगम की लापरवाही के चलते एक स्कूली छात्र की जान जोखिम में पड़ गई।सड़क किनारे बनाई गई पुलिया के बाद खुला गड्ढा छोड़ दिया गया।गहरा गड्ढा एक बड़े हादसे का कारण बनते-बनते बच गया।इस गड्ढे में एक साइकिल सवार स्कूली छात्र गिर गया। जिसका 41 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।एक स्कूली छात्र अपनी साइकिल रोकने का प्रयास कर रहा था,तभी वह असंतुलित होकर गहरे नाले में जा गिरा।गनीमत रही कि आसपास के लोगों ने तुरंत उसे बाहर निकाला, जिससे उसकी जान बच पाई।जानकारी के अनुसार, खैर रोड पर सड़क किनारे नाले के ऊपर पुलिया निर्माण के बाद नगर निगम ने गड्ढे को ढकने की कोई व्यवस्था नहीं की। इस खुले गड्ढे के पास से गुजर रहा एक स्कूली छात्र अपनी साइकिल रोकने का प्रयास कर रहा था,तभी वह असंतुलित होकर गहरे नाले में जा गिरा। गनीमत रही कि आसपास के लोगों ने तुरंत उसे बाहर निकाला, जिससे उसकी जान बच पाई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छात्र को मामूली चोटें आई हैं, लेकिन यह हादसा बड़ा रूप ले सकता था।वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि सड़क के किनारे गहरा गड्ढा खुला छोड़ा गया है, जिसके आसपास कोई चेतावनी बोर्ड या बैरिकेडिंग नहीं थी। स्थानीय लोगों ने नगर निगम की इस लापरवाही पर गुस्सा जाहिर किया है और इसे तत्काल ढकने की मांग की है।

# आदमखोर जानवर ने 5 बजरियों को मार डाला



जन एक्सप्रेस जौनपुर

खेतासराय कोतवाली शाहगंज थाना अंतर्गत अरन्द गांव में बीती रात आदमखोर जानवरों के झुंड ने स्वर्गीय चुल्लूर राजभर के एक मवेशी घर में हमला बोल दिया। इस दौरान वहां बंधी पांच बकरियों को मार कर उनका कलेजी व पेट के हिस्से का पूरा मांस खा गए। बकरियों पर हमला करने वाले जानवर इतने खूंखार थे कि वह पांचो बकरियों का खून भी पी गए। घटनास्थल से काफी दूर खेत में आदमखोर इस जंगली जानवरों के पैरों का निशान साफ दिखाई दे रहे हैं। कुछ ग्रामीण इसे तेंदुआ और लकड़बग्घा बता रहे हैं। जंगली जानवरों के इतने बड़े हमले से पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया है। शाम होते ही लोग अपने घरों में दुबकने लगे हैं। जानकारी के अनुसार शीला देवी राजभर पत्नी स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद उर्फ चुल्लूर निवासी ग्राम अरंद जो बेहद ही गरीब परिवार से ताल्लुक रखती हैं। रोजी-रोटी के लिए मजदूरी और बकरियां पालकर वह अपनी जीविका चलाती है। विधवा शिला का घर भरौली स्थित ताल के बिल्कुल किनारे सुनसान इलाके में हैं। शीला देवी रोज की तरह अपनी पांचो बकरियों और पशु शाला में बधी एक भैंस को रोटी खिलाने के बाद रात करीब 11 बजे सोने चली गई। बीती रात बारिश भी खूब हो रहा था। इसी दौरान भोर में करीब तीन बजे पशु शाला से जानवरों के चिल्लाने और भैंस के कूदने की आवाज हुई। शीला देवी उठी जरूर लेकिन बारिश के चलते वह हिम्मत नहीं कर सकी। लेकिन सुबह जब वह मवेशी घर में गई तो वहां पांचो बकरियों को मरा देख जोर से चिल्लाने लगी। इतने में पूरे गांव की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने देखा की पांचो बकरियों को मारकर उनके बीच के हिस्से कलेजी व मुलायम मांस को निकाला हुआ था। जबकि इस मवेशी घर में बधी भैंस को आदमखोर ने नहीं छुआ। ग्रामीण बताते हैं कि यहां आदमखोर जंगली जानवरों का आना-जाना अक्सर लगा रहता है। गांव के प्रबुद्ध नागरिक रामनयन वर्मा ने मामले की जानकारी राजस्व विभाग और वन विभाग के अधिकारियों को दी। हल्का लेखपाल मनीष श्रीवास्तव और पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच कर घटना की छानबीन में जुट गए। लेकिन इतनी बड़ी वारदात के बाद वन विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं गया। इसको लेकर ग्रामीणों में खासी नाराजगी देखी जा रही है।

### भरौली गांव में घटित हो चुकी है ऐसी घटना

खेतासराय। विधवा शीला राजभर की बकरियों का पेट फाड़ कर उसका मांस खाने वाले जंगली जानवर इतने खूंखार थे कि वह पांचो बकरियों का कलेजी ही मुख्य तौर पर निकाले। और पांचो बकरियों का खून भी वहां बैठ कर विधिवत पी गए। मौके पर पहुंची यूपी डायल 112 की पुलिस टीम ने इसके पीछे किसी खूंखार जंगली जानवर लकड़बग्घा के होने की संभावना जताई है। ग्रामीणों की आशंका को इसलिए बल मिल रहा है कि अभी 10 दिन पहले पड़ोस के गांव भरौली में ठीक इसी प्रकार छह जानवरों को इस जंगली जानवर ने मार कर अपना शिकार बनाया है।

### शाम होते ही घरों में बन्द हो जाते हैं बच्चे

खेतासराय। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के आनंद गांव में आदमखोर जानवर का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि लोग अब घरों से बाहर सोना बंद कर दिए। सुरक्षा की दृष्टि से घर के छोटे-छोटे बच्चों को भी अब शाम होते ही घरों से निकलने पर रोक लगा दिए हैं। पिछले एक पखवाड़े से ग्रामीण जंगली तेंदुआ और आदमखोर लकड़बग्घा की आहट को लेकर भयभीत थे गांव के रामनयन वर्मा, शिवजोर, छोटेलाल गौतम बताते हैं कि अब तो लोग खेत में भी जाने पर डरने लगे हैं। ग्रामीण अब घर के बाहर सोना बंद कर दिए। ग्रामीणों की नाराजगी वन विभाग के अधिकारियों को लेकर खास तौर पर देखी जा रही है।

## हल्की सी बारिश और आसमान में चमक होते ही बिजली कटौती का सिलसिला जारी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र बराई पावर हाउस ग्रामीण बिजली 18 घंटे का सप्लाई देने का निर्देश किया गया है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यना न आदेश किए हैं वहीं पर 9 नौ घंटा तक बिजली रहती है थापा हल्की बारिश व आसमान में दिखने वाले काले बादल के साथ आकाशीय चमक होते ही बिजली विभाग के छूट जाते है पसीने। सबसे पहले वह विद्युत आपूर्ति ही रोक देते है। जिसके बाद बारिश की उमस भरी गर्मी और जहरीले जीव जंतुओं, मच्छरों से रात भर जूझते है। आपको बता दे बारिश के दिनों में जनता को सबसे ज्यादा जरूरत बिजली की ही होती है। क्यों कि उस वक्त कोई घर से बाहर नहीं जा सकता पूरा परिवार अपने घरों में रहने को मजबूर होता है। जिसमे उसे पंखे कूलर की सबसे ज्यादा जरूरत पड़ती है। दिन तो कैसे भी इधर उधर में बीत जाता है। लेकिन रात गुजारना बड़ा ही मुश्किल हो जाता है उसपर से तब जब घरों में छोटा बच्चा हो। उसे हवा की सख्त जरूरत पड़ती है। लेकिन यहां जिम्मेदारों से कोई इस जनता के समस्या का वास्ता नहीं है। बिजली बिल जनता से खून चूसने के बराबर वसूला जा रहा। मगर बिजली कटौती पर कोई अधिकारी या नेता का बयान सामने नहीं आता है। जिससे त्राहिमाम मचा हुआ है लोग आए दिन लोकल पवार हाउस पर जाकर प्रदर्शन भी कर रहे है। जब की स्थानीय पवार हाउस कर्मियों का कहना होता है कि मेन सप्लाई ही बाधित है तो हम यहां से बिजली कैसे दे पाएंगे। इस गंभीर समस्या को सुलझाना सबसे बड़ी समस्या बनी है। इस समस्या से ऐसा कोई नहीं जो भी न परेशान हो।

# चलती बस में उठा धुएं का गुबार, मची अफरा-तफरी, बाल-बाल बचे यात्री



**प्रशासन कब जागेगा?**

- अब सवाल उठता है कि क्या परिवहन विभाग इन वाहनों की स्थिति की जांच करता है?
- निजी बस ऑपरेटरों को कौन जवाबदेह बनाएगा?
- और आखिर कब तक यात्रियों की जान ऐसे ही जोखिम में डाली जाती रहेगी?

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

मुफ्तीगंज आज शाम मुफ्तीगंज के मध्य बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब जौनपुर से केराकत जा रही एक निजी बस में अचानक तेज धुएं का गुबार उठने लगा। धुएं को देखते ही बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और जान बचाने की कोशिश में यात्री बस से कूदकर भागने लगे। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, धुएं का गुबार इतना घना था कि कुछ देर के लिए चारों तरफ अंधेरा छा गया। बाजार क्षेत्र में भी लोग घबरा गए और सुरक्षित स्थान की ओर दौड़ पड़े। गनीमत यह रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और समय रहते धुआं शांत हो गया। हालांकि, इस घटना ने एक बार फिर निजी सवारी वाहनों की फिटनेस और प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस तरह की हालत में यह बस थी, उसे देखकर यह सवाल उठना लाजमी है कि ऐसे वाहनों को फिटनेस प्रमाण पत्र आखिर कैसे मिल जाता है? और किसकी अनुमति से ये जर्जर वाहन सड़कों पर दौड़ाए जा रहे हैं?

### पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं

यह पहली बार नहीं है जब जौनपुर जिले में इस तरह की घटना हुई हो। कुछ दिन पूर्व जौनपुर-प्रयागराज मार्ग पर भी एक चलती बस में आग लग गई थी। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं से साफ है कि यात्रियों की जान खतरे में है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे बैठे हैं।

### जनता में नाराज़गी

स्थानीय लोगों और यात्रियों में घटना के बाद गहरी नाराजगी देखी गई। उनका कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते सख्ती न बरते तो कोई भी बड़ा हादसा कभी भी हो सकता है। यात्रियों और जागरूक नागरिकों की मांग है कि फिटनेस जांच प्रणाली की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और जर्जर वाहनों को तत्काल सड़कों से हटाया जाए।

# पक्षकारों के वकीलों से यूपी पुलिस सीधे नहीं कर सकेगी मुलाकात, बन रही गाइडलाइन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

यूपी पुलिस अदालतों में विचाराधीन मुकदमों के विवादित स्थलों पर कोर्ट की अनुमति के बिना नहीं जा सकेगी। न ही वह ऐसे विवादित मामले के पक्षकारों के वकीलों से ही सीधे संपर्क कर सकेगी। राज्य सरकार जल्द ही इस संदर्भ में गाइड लाइन बना जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में यह जानकारी दी है।

अपर महाधिवक्ता ने बताया कि सरकार पुलिसकर्मियों को न्यायालय की अनुमति के बिना मुकदमे के अधीन स्थानों पर जाने और न्यायालय में विचाराधीन मामलों में पक्षकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों से सीधे संपर्क करने से रोकने के लिए राज्यव्यापी दिशा निर्देश बनाएगी। जौनपुर जिले में मुंगराबादशाहपुर के बड़ागांव में गांवसभा की ज़मीन पर अतिक्रमण के आरोप को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी गई। याची 92 वर्षीय गौरीशंकर सरोज ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों पर याचिका वापस लेने के लिए उन्हें धमकाने का आरोप लगाया था। बाद में उनके वकील विष्णुकांत तिवारी ने भी यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके घर पर छापा मारा था।

मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने इन आरोपों को गंभीरता से लेते हुए कहा था कि वकीलों को उनके पेशेवर कर्तव्यों के पालन के लिए जांच करने का चलन स्वीकार्य नहीं है। इसके बाद एसपी जौनपुर ने व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर बताया कि जांच लंबित रहने तक दो पुलिस अधिकारी मुंगराबादशाहपुर एसएचओ दिलीप कुमार सिंह और हल्का इंचार्ज इंद्रदेव सिंह को निलंबित कर दिया गया हैं और संबंधित अन्य पुलिसकर्मियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

यह भी बताया गया कि एसपी जौनपुर ने गत 12 जुलाई को जिला स्तर पर आदेश भी जारी किया है,

जिसमें जौनपुर के सभी थानों को निर्देश दिया गया है कि न्यायालय की अनुमति के बिना मुकदमे से संबंधित स्थानों का दौरा न करें।

न्यायालय में विचाराधीन मामलों में आवेदक के अधिवक्ता से सीधे संपर्क न करें। अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने गाइड लाइन के लिए दस दिन का समय मांगा है। यह अनुरोध स्वीकार करते हुए न्यायालय ने राज्य सरकार और एसपी जौनपुर को आगे हलफनामा दाखिल करने के लिए दस दिन का समय दिया। मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी।

# ओम प्रकाश राजभर का सपा पर करारा प्रहार, बोले जातियों में संघर्ष कराती है सपा

- पंचायत चुनावों में अपनी पार्टी को दमदार भूमिका देने की बात की, महाराजा सुहेल देव की प्रतिमा का अनावरण किया गया



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर। सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी (सुभा.पा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने वाराणसी में क्षत्रिय और राजभर समाज के बीच हुए विवाद पर बयान देते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि सपा का पुराना इतिहास रहा है कि वह विभिन्न जातियों के बीच विवाद पैदा कर समाज में दरार डालने का काम करती है। ओमप्रकाश शुक्रवार को जफराबाद विधानसभा के इस्माइला गांव में राजा सुहेल देव के मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में भाग लेने आए थे।

ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि सपा ने हमेशा जातियों के बीच संघर्ष को बढ़ावा दिया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सपा ने इटावा में यादव और क्षत्रियों, आगरा में दलित और क्षत्रिय, और देवरिया में ब्राह्मण और यादवों के बीच संघर्ष उत्पन्न किया। अब वही काम वाराणसी में राजभर और क्षत्रियों के बीच किया गया। लेकिन लोगों ने अपनी समझदारी से इस मुद्दे को सुलझा लिया।

राजभर ने आगे कहा कि इस बार पंचायत चुनाव में उनकी पार्टी सुभा.पा. पूरी ताकत के साथ अपने दम पर चुनाव लड़ेगी और सपा, भाजपा, या अन्य दलों से कोई गठबंधन नहीं होगा।

जौनपुर में ओम प्रकाश राजभर ने अपने बयान में कहा कि पीला साफा पहनने का इशारा करते हुए उन्होंने कहा, जब आप लोग पीला साफा पहनकर दारोगा, डीएम, एसपी या डीजीपी के यहां जाते हैं तो पीले साफे में दारोगा जी को ओम प्रकाश राजभर नजर आते हैं। यह बयान उनके व्यक्तित्व की ताकत को दर्शाता है, जहां वह राज्य प्रशासन से अपनी पार्टी की एक विशेष पहचान जोड़ने का संकेत दे रहे हैं। उन्होंने अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए ओम प्रकाश राजभर ने कहा, अखिलेश जी हमेशा आक्रामक रहते हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बनने का विरोध किया, किसानों को सम्मान निधि का विरोध किया, आयुष्मान कार्ड का विरोध किया। कुछ लोग पाकिस्तान का पानी पीकर आ गए हैं, इसलिए सपा का काम हमेशा विरोध करना ही है।

इसके अलावा, राजभर ने जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के इस्माइला गांव में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में महाराजा सुहेल देव की प्रतिमा का अनावरण किया गया, जिसमें ओम प्रकाश राजभर और उनके पुत्र अरविंद राजभर ने भाग लिया। गांव के ही एक राजभर परिवार ने अपने खेत की जमीन महाराजा सुहेल देव की प्रतिमा लगाने के लिए दान दी, जो इस क्षेत्र में समाज की एकता और जागरूकता का प्रतीक बना।

# पीयू परिसर में कड़ी निगरानी में हुई प्रवेश परीक्षाएं



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की प्रवेश परीक्षाएं उमानाथ इंजीनियरिंग संस्थान में शुक्रवार को सम्पन्न हुईं। परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की गई। जिनमें पहली पाली सुबह 9 से 11 बजे तक डी. फार्मा और बी.कॉम ऑनर्स, दूसरी पाली दोपहर 12 से 2 बजे तक एलएलबी (पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड) और बी.टेक तथा तीसरी पाली अपराह्न 3 से 5 बजे तक बीसीए पाठ्यक्रम की परीक्षा कराई गई। प्रवेश परीक्षा अत्यंत सुचिता, पारदर्शिता और कड़े सुरक्षा प्रबंधों के साथ सम्पन्न कराई गई। परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के साथ-साथ कक्ष निरीक्षक एवं परीक्षा समिति के सदस्य लगातार कमरों का भौतिक निरीक्षण भी कर रहे थे। परीक्षार्थियों की तलाशी के लिए प्रवेश द्वारों पर कड़ी जांच की गई, जिससे अनुचित साधनों के प्रयोग की कोई संभावना न रहे। परीक्षाओं की पारदर्शिता बनाए रखने हेतु विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 18 जुलाई को कुल 1296 विद्यार्थियों ने परीक्षाएं दी। केंद्राध्यक्ष डॉ. संजीव गंगवार ने बताया कि 19 जुलाई को प्रथम पाली 9 बजे से 11 बजे बीएससी के सभी प्रोग्राम में, दूसरी पाली 12 से 2 के एमबीए, एमबीए के फाइनेंस एंड कंट्रोल, एचआरडी, ई-कॉमर्स, बिजनेस इकोनॉमिक्स तथा तीसरी पाली 3 से 5 के बीच बीबीए, एलएलएम, एमसीए, इंटीग्रेटेड एमसीए, एमएससी के बायोटेक्नोलॉजी, बायो केमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी परीक्षा होगी। परीक्षा संचालन समिति के सदस्य प्रो. मनोज मिश्र, प्रो.प्रमोद यादव, प्रो.राजकुमार, प्रो.रजनीश भास्कर, प्रो.मिथिलेश सिंह, डॉ रसिकेश, अशोक कुमार यादव, सत्यम उपाध्याय, ज्ञानेंद्र पाल, डॉ.सुजीत चौरसिया, रीतेश श्रीवास्तव, संतोष यादव समूचे समय सक्रिय रूप से परीक्षा प्रक्रिया को संचालित करने में लगे रहे।

## ग्रामीणों ने सड़क पर किया धान की रोपाई: बदहाल सड़क के निर्माण की मांग

जन एक्सप्रेस। बस्ती

शुक्रवार को बस्ती सदर विकास खण्ड के चमरौहा सियरापार के नागरिकों ने जर्जर हो चुकी सड़क पर धान रोपकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण लालमुनि चौधरी, सर्वेश चौधरी ने कहा कि हर्दिया, वाल्टरगंज जोडने वाली सड़क जो कई गांवों को जोड़ती है उस सम्पर्क मार्ग की स्थिति दयनीय है। यहां आये दिन राहगीर गिरते रहते हैं। जन प्रतिनिधियों से कई बार कहा गया कि सड़क की मरम्मत हो जाय किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने सम्बंधित अधिकारियों से माग किया कि सड़क का तत्काल मरम्मत कराया जाय। ग्राम प्रधान भी चुप हैं। छात्रों को स्कूल आने जाने में असुविधा हो रही है। कई ग्रामीण सड़क पर गिरकर घायल हो चुके हैं। सड़क पर धान रोपकर विरोध प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से शकुन्तला देवी, छंगुरा देवी, शान्ती देवी, गुन्जन, श्याम लाल, रोशन, ऋषभ, आलोक पटेल, अजीत, बंशीलाल, विवेक, अशोक चौधरी, सोनू चौधरी, वीरेन्द्र, अजय आदि शामिल रहे।

# डीएम एसपी मिला शिक्षक संघ, शिक्षकों पर मुकदमा वापस करने की मांग



जन एक्सप्रेस। बस्ती

शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल और बनकटी ब्लाक अध्यक्ष अभय सिंह यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सौंपा। मांग किया कि बनकटी विकास खण्ड के संविलियन विद्यालय बोदवल के प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश विश्वकर्मा सहित सभी शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों के विरूद्ध दर्ज कराये गये मुकदमें को वापस लिया जाय। डीएम को ज्ञापन देने के बाद संघ अध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने बताया कि गत 14 जुलाई को बोदवल विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र अमित कुमार प्रजापति की मौत हो गई। इस मामले में शिक्षक और विद्यालय परिवार के लोग पूरी तरह से निर्दोष है। मांग किया कि अमित कुमार के परिजनों को 50 लाख रूपये का मुआवजा दिलाया जाय।

बताया कि अमित कुमार प्रजापति की मां माया देवी स्वयं बोदवल विद्यालय में रसोइयां है और उस समय मौजूद भी थी।

डीएम और एसपी ने शिक्षकों के प्रतिनिधि मण्डल को निष्पक्ष जांच और सहयोग का आश्वासन दिया है। यह जानकारी देते हुये संघ के जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से मारूफ खान, मंजेश राजभर, नवीन चौधरी, रवि प्रताप सिंह, चन्द्रशेखर शर्मा आदि शामिल रहे।

# पीडीए के नाम पर ढोंग कर रहे हैं अखिलेश यादव: ओम प्रकाश



- कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना, कार्यकर्ता के घर पहुंच जताई संवेदना

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**गौराबादशाहपुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने शुक्रवार को गौराबादशाहपुर कस्बा के उत्तर मोहल्ला में पार्टी कार्यकर्ता मनीष मौर्य के घर पहुंच कर उनके पिता स्व. रामनरायन मौर्य के निधन पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार से संवेदना व्यक्त की। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता मेरे लिए भगवान के रूप में है। मैं अपने हर कार्यकर्ता के सम्मान के लिए लड़ाई लड़ता हूं और लड़ता रहूंगा। एक सवाल के जवाब में मंत्री श्री राजभर ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला।

कहां पीडीए के नाम पर पिछड़ी जातियों के लोगों को वह गुमराह करने में लगे हैं। 2027 में समाजवादी पार्टी का खाता भी नहीं खुलेगा।

क्योंकि सपा की सरकार जब यूपी में आती है तो इनके पार्टी के लोग खुलेआम गुंडई करते हैं।

आज यह पिछडे समाज का मसीहा बनने का ढोंग कर रहे हैं।

विभागीय मंत्रियों को उन्होंने कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि विकास का कार्य प्राथमिकता से किया जाए।

इसमें भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सुभासपा के विधायक जखनियां बेदी राम, राष्ट्रीय महासचिव जेपी सिंह, जिलाध्यक्ष चंदन राजभर, सूचना मंत्री इरशाद अंसारी, चेयरमैन प्रतिनिधि दिनेश सोनकर, व्यापार मंडल अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह, रमेश चौहान, हरिलाल शर्मा, हीरा लाल आदि मौजूद रहे। यहां के बाद कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र के करंजाकला ब्लाक के तियरी गांव में पार्टी के जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन किया।

## मनहन जाने वाली सड़क से गड्ढे में तब्दील



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जफराबाद सिरकोनी विकास खण्ड के मनहन जाने वाली सड़क लगभग ध्वस्त हो चुकी है। हालत यह हो गई कि लोगों का आना जाना दूभर हो गया है। बरसात के इस मौसम में सड़क की खराबी से कई गांव के लोग परेशान हैं। ज्ञात हो कई वर्ष पहले इस सड़क के मरम्मत का काम कराया गया था धीरे धीरे सड़क बदहाल होने लगी। गांव के लोगों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत करके सड़क को रिपेयर करवाने की मांग किया। लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नही दिया। बरसात शुरू होते ही सड़क पूरी तरह से खंदक बन गई।इस समय सड़क पर बने गड्ढों की हालत यह है कि सड़क का डामर गिट्टी कही कही दिख रही है बाकी पूरी सड़क पानी से बह चुकी है। सड़क के गड्ढों में दर्जनों बाइक व साइकिल सवार गिर कर चुटहिल हो चुके हैं। अब स्थिति यह है कि गांव के बुजुर्ग व बच्चे साइकिल लेकर उक्त सड़क पर नही जा रहे हैं। ग्राम प्रधान मनहन अमर बहादुर यादव ने बताया वर्ष 2016 में इस सड़क की मरम्मत का काम हुआ था। उसके बाद कभी भी काम नही हुआ। शुक्रवार को गांव के लोगों ने सड़क के किनारे नाली बनाकर सड़क का पानी निकाला। गांव के लोग जल्द ही पीडब्ल्यूडी के विरुद्ध प्रदर्शन करेंगे।

## बिजली दुर्व्यवस्था की कैबिनेट मंत्री से शिकायत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। गौराबादशाहपुर। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के गौराबादशाहपुर आगमन पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गौराबादशाहपुर के अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह ने मिलकर बिजली दुर्व्यवस्था की शिकायत करते हुए ज्ञापन सौंपा। मंत्री ने बिजली दुर्व्यवस्था दूर कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि कबीरुद्दीनपुर विद्युत उपकेंद्र से इधर कई महीने से भीषण कटौती की जा रही है। फाल्ट के नाम पर कभी कभी पूरा दिन और पूरी रात बिजली गुल कर दी जाती है। विभागीय लापरवाही के चलते व्यापारियों के साथ साथ किसान और छात्र सभी परेशानी झेल रहे हैं।

# तमंचा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान के तहत थाना लाइन बाजार पुलिस ने शुक्रवार को 315 बोर के देशी तमंचा और कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ज्ञानसू श्रीवास्तव पुत्र स्व रवि प्रकाश श्रीवास्तव निवासी ग्राम शहबाजपुर (कन्धरपुर) थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर के रूप में हुई है। लाइन बाजार थाने के उपनिरीक्षक ईश्वर चंद, कांस्टेबल देवेंद्र यादव के साथ आज रसूलाबाद तिराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के अनुसार ज्ञानसू श्रीवास्तव नामक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद पुलिस उसे थाने ले आई।

# मुफ्त राशन योजना का लाभ उठा रहे अपात्र

## जब घोर गरीबी 5प्रतिशत तो 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज क्यों

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जंघई सरकार की मुफ्त अनाज योजना का लाभ प्रतिमाह भारी संख्या में अपात्रों को दिया जा रहा है। जिससे देश के लोगों में श्रम करने की प्रवृत्ति पर न केवल अंकुश लग रहा है,बल्कि उनमें अकर्मण्यता भी बढ़ती जा रही है। मुफ्त राशन पाकर 75 प्रतिशत अपात्र आराम से बिना कुछ काम किए ही अपना जीवन बसर कर रहे हैं। देश के सरकारी राशन की दुकानों पर प्रायः बुलेट मोटर साइकिल और बोलोरो लेकर अपात्र राशन के लिए आए दिखाई पड़ जाते हैं। प्रबुद्ध लोगों का मानना है कि सरकार मुफ्त राशन बांट कर जहां सरकारी कृषि क्षेत्र के धन की हानि कर रही है, वहीं लोगों को बिना हाथ पांव मारे मुफ्त में खाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रही है। लोगों ने कहा कि सरकार करोड़ों टन अनाज प्रतिमाह मुफ्त में अपात्रों में बाँट दे रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार से मुफ्त राशन पाकर लोग अपने खेतों में कृषि कार्य करने से दिनों दिन मोह भंग करते जा रहे हैं।

इस संदर्भ में देश के जाने माने कृषि अर्थ शास्त्री और कृषि लागत द्धमूल्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक गुलाटी ने भी केंद्र सरकार की मुफ्त अनाज वितरण योजना पर सवाल उठाते हुए हुए कहा है कि जब देश में घोर गरीबी 5 प्रतिशत है तो 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज क्यों दिया जा रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक धन का अधिकांश हिस्सा सब्सिडी में ही जा रहा है। जबकि सरकार इसे लांग टर्म में भी निवेश कर सकती है।

# करंट लगने से किसान की हुई मौत, परिवार में मातम

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



फतेहपुर। थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के गांव में शुक्रवार सुबह एक किसान अपने खेत में सिंचाई कर रहा था तभी बिजली के खुले तारों की चपेट में आने से करंट लग गया। और उसकी मौत हो गई अचानक हुए इस घटनाक्रम से परिवार में मातम का माहौल है।

घटना थाना मो0पुर खाला क्षेत्र के गांव मोकलापुर की है। जहां पर शुक्रवार की सुबह बिजली से संचालित ट्यूबबेल से संजय कुमार उम्र (42) वर्ष सुबह करीब 9 बजे अपने खेत में धान की सिंचाई कर रहा था। इस दौरान ट्यूबबेल के किनारे खुले तार की चपेट में आने से उसे करंट लग गया। और वह पानी भरे खेत में अचेत अवस्था में गिर पड़ा। सड़क किनारे खेत होने की वजह से आवागमन कर रहे स्थानीय नागरिकों ने संजय को खेत में पड़े देखा तो इसकी सूचना में परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे घर वालों ने आनन-फानन में सीएचसी फतेहपुर में भर्ती किराया।

जहां पर मौजूद डॉक्टर ने संजय को मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई वही गांव में मातम पसर गया। मृतक के घर में पत्नी सुमन वर्मा और बड़ा बेटा आनित्य वर्मा, सुमित वर्मा व जिनीएस वर्मा सहित तीन बेटे हैं।

जिसमें अनित्य वर्मा की शादी हो चुकी है अचानक हुए इस हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं परिजनों ने पुलिस को न सूचना देते हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

## करंट की चपेट में आया युवक, गम्भीर

असन्द्रा, बाराबंकी। थाना असंद्रा क्षेत्र में शुक्रवार को खेत मे लगे डबल पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से एक युवक झुलस गया,जिसे आनन फानन में सीएचसी बनीकोडर ले जाया लाया गया जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के लकड़िया गांव निवासी रंग बहादुर सिंह पुत्र देव बक्स सिंह अपने खेत गए थे। तभी खेत में लगे एक डबल पोल ट्रांसफार्मर में अचानक से करंट आ जाने की वजह से रंग बहादुर उसकी चपेट में आ गए। करंट की चपेट में आने से रंग बहादुर बुरी तरह झुलस गए। जिन्हें आनन फानन में सीएचसी बनीकोडर लाया गया जहाँ चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## अजगैन उपकेंद्र पर मेगा कैंप का अधिशासी अभियंता ने किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

**नवाबगंज।** राजमार्ग स्थित अजगैन विद्युत उपकेंद्र में विभाग द्वारा चलाए जा रहे कॉमर्शियल मेगा कैंप का शुक्रवार को अधिशाषी अभियंता दीपक मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय रजिस्टरों की गहनता से जांच की और वहां चल रहे कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान कैंप में उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उपखंड अधिकारी रुद्र प्रताप ने बताया कि 34 उपभोक्ताओं के बिल संशोधन कर सही किए गए। 3 खराब मीटर बदलवाने के साथ 4 उपभोक्ताओं के लोड बढ़ाए गये। 56 उपभोक्ताओं ने करीब 3लाख 25 हजार का बकाया बिल भी कैंप में जमा किया। इस दौरान अवर अभियंता विष्णु शुक्ला विभाग की टीम के साथ मौजूद रहे।

# तीन दिनों से विद्युत सप्लाई ध्वस्त

### अधिकारी व्यस्त, उपभोक्ता त्रस्त, विद्युत उपकेन्द्र देवीगंज का हाल

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सिद्धौर। विद्युत उपकेंद्र देवीगंज के अंतर्गत आने वाले सैकड़ों गांवों में पिछले तीन दिनों से ध्वस्त विद्युत आपूर्ति से हाहाकार मचा है। सुबेहा ग्रामीण और सुबेहा कृषि फीडर की हालत एकदम दयनीय चल रही है। फीडर लगातार 22 घंटे तक बंद रहा। उच्चाधिकारियों तक मामला पहुंचने के बाद विभागीय कर्मियों ने मेहनत की और गुरुवार की रात 10.20 बजे सुबेहा ग्रामीण फीडर की आपूर्ति बहाल कराई ।शुक्रवार सुबह सुबेहा फीडर फिर बंद हो गया। दोपहर तक लाइनमैन राजबहादुर और अनूप कुमार ने पेट्रोलिंग कर फॉल्ट सही की ।तब करीब दो बजे आपूर्ति सामान्य हुई। वैसे तो सब स्टेशन देवीगंज के अंतर्गत आने वाले गांवों की विद्युत व्यवस्था पिछले एक पखवारे से रामभरोसे चल रही है लेकिन तीन दिनों से हालात कुछ ज्यादा ही खराब चल रहे हैं। बुधवार को तो पूरे दिन ट्रिपिंग चलती रही। बिजली रुकी ही नहीं। रात करीब 12 बजे कई फीडर ब्रेकडाउन हो गए। लाइनमैन गुरुवार को दिन भर टहलते रहे लेकिन फॉल्ट सही नहीं कर सके। किसान खेतों में सिंचाई के लिए पाइप बिछाए बिजली का इंतजार करते रहे लेकिन बिजली नहीं आई। गुरुवार को रात 10.20 बजे सुबेहा के एक फीडर की आपूर्ति सामान्य हुई। शुक्रवार सुबह फिर से सुबेहा और कोठी फीडर बंद हो गए। दोपहर करीब दो बजे फीडर सही हुए। ध्वस्त विद्युत व्यवस्था से असंद्रा जरौली धनौली गजपतिपुर गैरिया मवैया पहला भवनियापुर मिर्चिया नई सड़क और पूरे चंद्रमन समेत करीब 150 गांवों के किसान परेशान हैं। किसान खेतों में धान की रोपाई और रोपित धान की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। किसान कमल चंद राहुल शेखर और रवींद्र का कहना है कि सुबेहा कृषि फीडर पिछले तीन दिनों से बंद है। सब स्टेशन के जेई यूपी सिंह और एसडीओ शैलेन्द्र गुप्त इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। एसडीओ तो फोन ही नहीं उठते।

बिलिंग शिकायतों का निस्तारण करने के लिए खंड कार्यालय के चक्कर लगवाते हैं। क्षेत्रीय किसान इस समस्या को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश अवस्थी से मिले। भाजपा नेता ने किसानों को आष्वस्त किया कि वह उनकी इस समस्या से राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा को अवगत कराकर समस्या का समाधान कराएंगे। इस संबंध में भाजपा नेता ने अधीक्षण अभियंता बाराबंकी से वार्ता कर किसानों की इस समस्या से अवगत कराया जिस पर उन्होंने शीघ्र ही आपूर्ति सामान्य करवाने का आष्वासन दिया।

# हाईकोर्ट ने दी चेयरमैन प्रतिनिधि को राहत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



**फतेहपुर।** नगर पंचायत बेलहरा से संबंधित एक झूठे मामले में हाईकोर्ट ने कहा, बिना सबूत किसी पर घिनौना इल्जाम लगाना मानसिक क्रूरता की श्रेणी में आता है। बता दें कि लखनऊ निवासी एक व्यक्ति द्वारा नगर पंचायत बेलहरा चेयरमैन प्रतिनिधि पर झूठा आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसका संज्ञान लेते लखनऊ की हाईकोर्ट की बेंच ने चेयरमैन प्रतिनिधि को राहत देते हुए दर्ज मुकदमा संख्या 156/3 के आरोप को मानसिक क्रूरता करार देते हुए मुकदमे को निरस्त कर दिया है। मालूम हो नगर पंचायत बेलहरा चेयरमैन प्रतिनिधि अयाज खां के विरुद्ध हर्ष पुत्र अशोक कुमार निवासी आलमनगर लखनऊ द्वारा 18 मई 2024 में दर्ज कराएं गये मुकदमे की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट न्यायाधीश बलवंत कुमार भारती ने अपने आदेश में कहा, बिना किसी सबूत अथवा किसी चिकित्सकीय प्रमाण के एक जनप्रतिनिधि पर झूठा मुकदमा दर्ज करना न्याय के विरुद्ध एक कुत्सित प्रयास है। यह आरोप मान सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है इससे जनप्रतिनिधि के मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ सकता है। जब किसी पुलिस अधिकारी द्वारा झूठा मामला दर्ज किया जाता है। तो आरोप लगाने वाला व्यक्ति बिना सबूतो के यह दावा नहीं कर सकता जिन धाराओं में व्यक्ति विशेष के विरुद्ध फर्जी मामला दर्ज कराया गया है। उससे संबंधित साक्ष्य दस्तावेजों को गढ़ना किसी सरकारी अधिकारी का आधिकारिक कर्तव्य नहीं हो सकता है।

अगर ऐसा कोई पुलिस अधिकारी अवैध दस्तावेजों को साक्ष्य बनाकर न्यायालय में पेश करता है। उस पुलिस अधिकारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इस विषय पर चेयरमैन प्रतिनिधि अयाज खां से बात की गई तो उन्होंने मुखर शब्दों में अपनी बात रखते हुए कहा, हमारे क्षेत्र के कुछ भूमाफिया मेरी राजनैतिक छवि को धूमिल करने के लिए कुत्सित प्रयास में जुटे हुए हैं जबकि ऐसे अमर्यादित आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद और पूरी तरह से निराधार है।

जिस व्यक्ति द्वारा हमारे सामाजिक मूल्य का हनन किया गया है उस व्यक्ति विशेष के विरुद्ध मानहानि की कार्रवाई भी की जा चुकी है।

# हाईस्कूल में टॉप-10 की मेधावी छात्रा की साइलेंट अटैक से मौत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



कोतवाली नगर अन्तर्गत सरस्वती षिषु मंदिर इण्टर कॉलेज की मेधावी छात्रा की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। मृतका ने इसी वर्ष यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में टॉप-10 में स्थान लाकर पूरे जनपद का नाम रोषन किया था। एक पखवारे के अन्दर साइलेंट अटैक से दो मौतो ने सबको झकझोर दिया है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली कुर्सी के कस्बा टिकैतगंज निवासिनी नन्दनी वर्मा अपनी तीन सगी बहनों के साथ शहर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। वह लखपेड़ाबाग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में कक्षा-11 की छात्रा थी। हमेषा की तरह शुक्रवार को विद्यालय में आयी हुई थी। विद्यालय परिसर में ही अचानक नन्दनी वर्मा बेहोष हो गयी। उसकी बेहोषी की सूचना मिलने पर षिक्षकों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में विद्यालय के षिक्षक नन्दनी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही उक्त घटना की सूचना विद्यालय में पहुंची तो छात्र-छात्राओं में मायूसी छा गयी। षिक्षकों ने इस घटना की सूचना मृतका के परिजनों को दी। उसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। गौरतलब हो कि इससे पूर्व भी बीती 1 जुलाई को एक 13 वर्षीय छात्र की भी विद्यालय गेट पर मौत हो चुकी है। स्कूली छात्रों को साइलेंट अटैक क्यों आता है यह चर्चा का विषय बना हुआ है। सरस्वती इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य भी इस घटना से बहुत दुखी है वह किसी को कुछ भी बताने में असमर्थ हैं। उनको यह दुःख है कि एक होनहार छात्रा का दुःखद अन्त हो गया। उससे बड़ी बात यह है कि विद्यालय परिसर में ही उक्त घटना घटी।

# स्टेशन पर अधूरा फुट ब्रिज बना खतरे की वजह



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

गुरसहायगंज। एक ओर जहां रेलवे की पुलिस रेल की पटरी पार करना अपराध मानती है, वहीं गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन पर रेलवे अधिकारियों की लापरवाही के चलते यात्री जान जोखिम में डालकर रेल की पटरी पार कर ट्रेन पकड़ने को मजबूर हो रहे हैं।

स्थानीय रेलवे स्टेशन का करीब 9 करोड़ रुपये की लागत से अमृत भारत योजना के तहत कायाकल्प किया जा रहा है लेकिन कछुआ गति से चल रहे निर्माण कार्य की वजह से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ट्रेनों के आवागमन को देखते हुए प्लेटफॉर्म नंबर दो पर जाने के लिए फुटब्रिज का निर्माण स्वीकृत हुआ था, लेकिन कार्यदायी संस्था की लापरवाही के चलते 4 महीने बाद भी इसका निर्माण पूरा नहीं हो पाया है, जिसके कारण यात्रियों को जान जोखिम में डालकर पटरी पार कर प्लेटफॉर्म नंबर दो पर ट्रेन पकड़ने जाना पड़ रहा है। इससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

यात्रियों के सामने उस समय समस्या और अधिक जटिल हो जाती है जब प्लेटफॉर्म नंबर एक पर ट्रेन खड़ी हो और इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर दो पर ट्रेन आने की सूचना प्रसारित की जाती हो। ऐसे में यात्रियों को काफी दिक्कत उठानी पड़ती है। प्रतिदिन यात्रा करने वाले कई यात्रियों ने बताया कि फर्रुखाबाद जाने के लिए ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर दो पर आती है, जिसे पकड़ने के लिए उन्हें जान जोखिम में डालकर रेल की पटरी पार करनी पड़ती है। यात्रियों ने बताया कि फुटब्रिज का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे आवागमन नहीं हो पा रहा है।

## पंपसेट की चपेट में आने से महिला की मौके पर मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। खेत में काम कर रही एक महिला की पंपसेट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अजगैन कस्बा निवासी 52 वर्षीय सावित्री



अपने पति ओमकार के साथ खेत में पानी लगाने गई थी। ओमकार ने सावित्री को पंपसेट बंद करने के लिए भेजा तो उसे बंद करते समय उसकी साड़ी का पल्लू पंपसेट के चक्के में फंस गया। इससे सावित्री इंजन में बुरी तरह फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके पति ने तुरंत दौड़कर इंजन बंद किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

सावित्री अपने मायके में रहकर बटाई पर खेती करती थीं। उसके बड़े बेटे कल्लू की एक साल पहले गंभीर बीमारी से मौत हो गई थी। उनका छोटा बेटा सतीश गुजरात में नौकरी करता है और मां की मौत की खबर मिलने पर वह घर के लिए निकल चुका है। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 31 जुलाई तक चलेगा कर्ज मुक्ति अभियान

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। हैदरगढ़। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा पोखरा ने अपने एनपीए उधारकर्ताओं और ऋण डिफॉल्टर्स के लिए एक विशेष छूट एवं कर्ज मुक्ति अभियान शुरू किया है। यह अभियान आगामी 31 जुलाई तक चलेगा, जिसमें खम्मनखेड़ा, रायपुर, कोरायनी, ज्ञानमति खेड़ा, लाही, पोखरा और सहावर क्षेत्र के ऋण डिफॉल्टर्स को भारी छूट दी जाएगी। बैंक ने साफ़ कहा है कि यह सभी डिफॉल्टर्स को अंतिम अवसर दिया जा रहा है कि वे अपने बकाया ऋण का भुगतान कर विशेष छूट का लाभ उठाएं। इस अवसर का लाभ लेने के लिए सम्पूर्ण बकाया राशि इसी माह में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक प्रबंधन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समयावधि में भुगतान नहीं किया गया, तो अगस्त माह से सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान से संबंधित अधिक जानकारी और समाधान हेतु शाखा-पोखरा से 7388800381 अथवा 9119601938 पर संपर्क किया जा सकता है। शाखा प्रबंधक पोखरा जयशंकर प्रसाद ने बताया कि हमारी शाखा में लोगों का 5.50 करोड़ का बकाया है। विशेष छूट के लिए शाखा से दिए वि गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करें। विशेष छूट अलग-अलग केशो के हिसाब से दी जाएगी। नहीं चुकाने पर शाखा जमीन की कुर्की और क़ानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी।

### शिव शक्ति धाम पर हो रहा है राम-राम का जाप

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। रामनगर। श्रावण मास के शुभ अवसर पर त्रिलोकपुर स्थित शिव शक्ति धाम पक्का तालाब पर शिवराम मौर्य शिवनारायण हरि ओम उमेश कमलेश पंडित सुशील शुक्ला रामप्रताप मिश्रा आदि सनातनी लोगों द्वारा पूरे महीने भर श्री सीताराम नाम जप का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से चल रहा है यह कार्यक्रम 11 जुलाई से प्रारंभ है और 9 अगस्त तक चलेगा इस कार्यक्रम के समापन पश्चात शिव भक्तों द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। रामप्रताप मिश्रा ने बताया कि ऐसे आयोजनों से सनातन धर्म को बढ़ावा मिलता है तथा मनुष्यों में सद्बुद्धि का विकास होता है इसलिए ऐसे आयोजन निरंतर होने चाहिए इस कार्यक्रम के चलते क्षेत्र के तमाम शिव भक्तों का शिव शक्ति धाम पर जमावड़ा रहता है।

### सर्पदंश से व्यक्ति की मौत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। रामनगर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटियारा में एक व्यक्ति की सर्पदंश से मृत्यु हो गई परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया लेकिन असफल रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार रात प्रेमचंद पुत्र रामखेलावन उम्र लगभग 35 वर्ष अपने मकान में तख्त पर सो रहे थे तभी एक जहरीले सांप ने उनकी नाक पर काट लिया जहरीले सर्प के काटने से वह चीखने चिल्लाने लगे जिससे परिजन जाग गए और तत्काल उन्हें एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर डॉक्टरो में हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बाराबंकी रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर वहां के डॉक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर वीरपाल सिंह ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक लिखा पढ़ी कर पीएम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत का कारण सर्पदंश ही प्रतीत हो रहा है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मृतक को राजस्व से मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया की जाएगी।

### सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। शुक्रवार को राजकीय कृषि बीज भंडार सिकंदरपुर सिरोसी में बृहद निशुल्क मिनी किट वितरण कार्यक्रम आयोजन किया जहां सदर विधायक पंकज गुप्ता उप कृषि निदेशक उन्नाव, जिला कृषि अधिकारी, कृषि विभाग के कर्मचारी, ग्राम प्रधान की उपस्थिति रही। जिला कृषि अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ व संचालन किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक द्वारा कृषक भाइयों को निशुल्क उर्द, मूंग, ज्वार, अरहर, तिल, कोदो सावा, रागी आदि के मिनीकिट वितरण किए गए, वृक्षा रोपण एवं किसानों को भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही विधायक जी ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में ज्यादा से ज्यादा आवेदन, फसलों का बीमा,ड्रोन से पोषक तत्वों के छिड़काव का आग्रह किया है। इसके साथ ही आदरणीय उप कृषि निदेशक उन्नाव ने जीवामृत, सब्जी की खेती के लाभ, दशपर्णी अर्क के लाभ, संकर मक्का व संकर धान की बुवाई को प्रोत्साहन व अनुदान, जिप्सम के प्रयोग से लाभ फसलों के बीमा से लाभ, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और सागरिका के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### लखनऊ-अयोध्या पर बना बाईपास मार्ग तालाब, भैस के नहाने का बना अड्डा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। लखनऊ अयोध्या हाइवे पर बड़ेल के पास बने अण्डर पास की सड़क वर्तमान समय तालाब बन गयी है। कई महीनों पूर्व नेषनल हाइवे की देखरेख करने वाले अधिकारियों ने सड़क को खोदकर डाल दिया था जिससे वाहनों का आवागमन तो पूरी तरह से बाधित ही है साथ ही में बरसात के मौसम में जल भराव हो गया है और उसी में भैसे डुबकियां लगा रही हैं। कोई भी अधिकारी इस सम्बन्ध में जानकारी देने से आनाकानी कर रहा है। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका नवाबगंज क्षेत्र की सीमा से निकला लखनऊ अयोध्या हाइवे पर बड़ेल कस्बे के बगल से एक बाईपास बनाया गया था। उक्त बाईपास सतरिख मार्ग और हैदरगढ़ मार्ग को आने जाने वाले वाहन मालिकों के लिए काफी सुलभ था। चार माह पूर्व एनएचआई के अधिकारियों ने उक्त मार्ग को काफी लम्बा खोद डाला था उसके बाद से ही दो पहिया वाहनों से लेकर बड़े वाहनों का आवागमन लगभग बंद हो गया था। आलम यह था कि भूलवष अगर कोई बाहरी वाहन उक्त बाईपास मार्ग से निकलने का प्रयास करता था तो उसी में फंस जाता था। वर्तमान समय में हल्की बरसात में ही उक्त बाईपास मार्ग ने तालाब का रुप ले लिया है। बड़ेल और शुक्लाई गांव के भैंस पालने वाले पषुपालक उसी बाईपास मार्ग पर भैंसो को ला करके उनको नहला रहे हैं। इस सम्बन्ध में कई अधिकारियों को फोन करके यह जानकारी करने का प्रयास किया गया कि आखिर उक्त बाईपास कब बनेगा और वाहनों को आने जाने की अनुमति कब मिलेगी।

# आईजीआरएस को गंभीरता से लें अधिकारी लापरवाही करने वालों को बख्सा नहीं जाएगा : जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



जिलाधिकारी ने की आई जी आरएस की समीक्षा बैठक, तहसील सदर के डिफॉल्टर संदर्भों पर कंप्यूटर ऑपरेटर का एक दिन का काटा बेतन, साथ ही सहायक चकबंदी अधिकारी बांगर मऊ के डिफाल्टर संदर्भों पर नाराजगी जताकर लगाई कड़ी फटकार सुधार को चेताया आईजीआरएस सरकार की प्राथमिकताओं में इसमें ना हो कोई लापरवाही, डिफाल्टर होने से पहले करें संदर्भों का निस्तारण, गुणवत्तापूर्ण आख्या करें अपलोड, शिकायतकर्ता से लिया जाए फीडबैक, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण हो आईजीआरएस के लंबितसंदर्भों का निस्तारण -जिला अधिकारी आज जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में आईजीआरएस की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लंबित और डिफाल्टर संदर्भ, शिकायत कर्ता से फीडबैक, आख्या अपलोड किए जाने सहित अन्य महत्वपूर्ण विन्दुओ की समीक्षा की गई। राजस्व विभाग के तहसील सदर के डिफाल्टर संदर्भो पर लापरवाही के चलते नाराजगी व्यक्त कर कम्प्यूटर ऑपरेटर का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सहायक चकबन्दी अधिकारी बांगर मऊ के डिफाल्टर संदर्भो पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने विद्युत, चकबंदी सिंचाई आंतरिक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पूर्ति अधिकारी खंड विकास अधिकारी औरस उप जिलाधिकारी सफीपुर, अधिशासी अधिकारी नवाबगंज के असंतुष्ट फीडबैक पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर सुधार करने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आइजीआरएस में लंबित/डिफाल्टर संदर्भो को अधिकारी गंभीरता से लें यह सरकार की प्राथमिकताओं में है किसी भी प्रकार की लापरवाही करने वाले को बख्सा नहीं जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा की डिफाल्टर होने से पहले ही संदर्भों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें कोई भी संदर्भ लंबित न रहे यह ध्यान दें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता से फीडबैक लिया जाए यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो निस्तारण नहीं माना जाएगा। आईजीआरएस पर आख्या जो अपलोड किया जाए वह गुणवत्ता पूर्ण होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने तहसील वार विकास खंडवार नगर निकाय बार संतुष्टि के फीडबैक का प्रतिशत स्लाइड के अनुसार देखा। जिसमें तहसील सफीपुर की संतुष्टि का प्रतिशत कम होने इसी प्रकार विकासखंड अधिकारी औरस मियागंज बांगरमऊ सुमेरपुर का संतुष्टि का प्रतिशत ठीक ना होने पर नाराजगी व्यक्त की और सुधार करने के निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि बनाये गए फार्मेट के अनुसार आख्या अपलोड करें। बैठक के अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव जिला विकास अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# अब सम्पूर्ण समाधान दिवस में लगेगा आयुष आपके द्वार कैम्प




जन एक्सप्रेस। कन्नौज

भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद से ही आयी हैं। आयुर्वेद, होम्यो व यूनानी पर जनता का विश्वास हैं। सरकार का इन्फ्रास्ट्रक्चर हैं, कि चिकित्सालय में उपस्थिति के साथ साथ समाज में भी उपस्थित रहकर जनहित के कार्य करें। पुरानी पद्धति की व्यवस्था को बनाये रखा जाये। यह बात जिलाधिकारी श्री आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला आयुष समिति की आयोजित बैठक के दौरान कही।

उन्होनें कहा कि आयुर्वेद के साथ होम्यो, यूनानी को कैसे बढ़ावा दिया जाये, इस पर रणनीति बनाकर कार्य करें। उन्होनें आयुर्वेद, होम्यो, यूनानी को बढ़ावा देने के लिये गहनता से विचार-विमर्श करते हुये कहा कि मरीजों को सुगमता से चिकित्सीय परामर्श मिले तभी आपका प्रयास सार्थक होगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तिर्वा व कन्नौज में आयुष आपके द्वार की थीम पर आयुर्वेद व हौम्योपैथिक का कैम्प लगाकर जनता को लाभान्वित किया जाये, ताकि कैम्प के आयोजन से जागरूकता के साथ लोग लाभान्वित हो। जिलाधिकारी ने योग वेलनेस सेन्टर चियासर, जलालपुर पनवारा, मढ़पुरा, रामाश्रम, नगर कन्नौज, सिकन्दरपुर टाउन, जसपुरापुर सरैया, सरायप्रयाग, की भौतिक स्थित जानने के लिये मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया। कहा कि राजकीय चिकित्सालय सिकन्दरपुर टाउन एवं सरायप्रयाग तथा जसपुरापुर सरैया के कार्य प्रगति की नियमित समीक्षा करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 स्वदेश गुप्ता, क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी डा0 सर्वेश कुमार आदि संबंधित चिकित्सक उपस्थित रहे।

# वन स्टॉप सेंटर और सीएचसी का डीएम ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने विनोद दीक्षित अस्पताल स्थित वन स्टॉप सेन्टर, कन्नौज का निरीक्षण किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका, सीसीटीवी कैमरें की स्थिति एवं पुलिस रिपोटिंग चैकी, बहुउद्देशीय हॉल, परामर्शदाता कक्ष, पैरामेडिकल रूम, कीचन/कैन्टीन आदि का निरीक्षण किया।

जानकारी दी गयी कि 06 महिला कॉस्टेबल 01 प्रभारी द्वारा पीड़िताओं की निगरानी की जाती है।

उन्होने पैरामेडिकल रूम में जाकर स्टाक रजिस्टर एवं दवाओं की उपलब्धता के विषय में जानकारी की, निर्देश दिए कि बेहतर चिकित्सीय परामर्श एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने बहुउद्देशीय हॉल को देखा तथा कहा कि हॉल का उपयोग पीड़िताओं की काउंसलिंग, जागरूकता कार्यक्रमों एवं पुनर्वास गतिविधियों के संचालन हेतु सुनियोजित रूप से किया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी अभिलेखों का नियमित रूप से अद्यतन किया जाए,

सीसीटीवी कैमरे सुचारु रूप से कार्यरत रहें तथा पीड़ित महिलाओं को समय पर समुचित सहायता एवं सुरक्षा प्रदान की जाए।

साथ ही, परिसर की साफ-सफाई एवं व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रशासक वन स्टॉप सेन्टर विनीता कुमारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने पुलिस लाइन रोड स्थित वृद्धजन आश्रम, कन्नौज का निरीक्षण किया। इस दौरान जानकारी दी गयी कि वृद्धजन आश्रम में 49 पुरूष तथा 21 महिलाएं निवाश्रित है। जिलाधिकारी ने वृद्धजन राजकुमार पाठक एवं 108 वर्षीय वृद्ध जगन्ननाथ तथा मूलचन्द्र आदि वृद्धजनों से उनके स्वास्थ्य, भोजन तथा रहन-सहन के विषय में जानकारी ली, जिस पर वृद्धजनों द्वारा बताया गया कि सुबह नाश्ते में दलिया दी गयी तथा भोजन मेन्यू के अनुसार दिया जाता है। सभी लोग स्वस्थ्य है तथा आश्रम में रहने व खाने की सभी व्यवस्थाएं अच्छी हैं।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वृद्धजनों का समय-समय पर चिकित्सीय जांच करायी जाएं। कहा कि वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। भोजन की गुणवत्ता तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिला प्रशासन हर सम्भव मदद के लिए तत्पर्य है। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दुर्गापुर रैली में पीएम मोदी ने ममता सरकार पर साधा निशाना

# घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई होगी

## भाजपा किसी भी साजिश को कामयाब नहीं होने देगी, ये मोदी की गारंटी है




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। दुर्गापुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में 5,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर भी बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बंगाल में कोई निवेशक नहीं आ रहे हैं। यहां का विकास रुक गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि टीएमसी के गुंडा टैक्स की वजह से राज्य में निवेशक आने से डरते हैं। इस तरह की भ्रष्ट और भय की राजनीति ने बंगाल की आर्थिक प्रगति को रोक दिया है और युवाओं को रोजगार से वंचित किया है। पीएम ने इस रैली में दुर्गापुर के लिए कहा कि ये न केवल इस्पात नगरी है, बल्कि भारत की श्रमशक्ति का भी एक बड़ा केंद्र है। पीएम ने बताया कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र की कनेक्टिविटी बढ़ेगी और गैस आधारित परिवहन को भी मजबूती मिलेगी। जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि ये पहल भारत को विकसित बनाने की दिशा में अहम कदम हैं। हमें बंगाल को इस बुरे दौर से बाहर निकालना है, और आज यहां जिन परियोजनाओं की शुरुआत हुई है, वो इसी का प्रतीक हैं।

### बीपीसीएल सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना, लागत 1,950 करोड़

प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल के बांकुरा और पुरुलिया जिले में लगभग 1,950 करोड़ रुपए की लागत वाली भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की शहरी गैस वितरण परियोजना की आधारशिला रखेंगे। यह परियोजना के तहत घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और इंडस्ट्रीयल कस्टमर्स को पीएनजी और सीएनजी कनेक्शन मुहैया कराई जाएगी। इससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

### दुर्गापुर-कोलकाता नेचुरल गैस पाइपलाइन, लागत 1,190 करोड़

प्रधानमंत्री दुर्गापुर-हल्दिया नेचुरल गैस पाइपलाइन के दुर्गापुर से कोलकाता खंड (132 किलोमीटर) की शुरुआत करेंगे। इसे जगदीशपुर-हल्दिया और बोकारो-धामरा पाइपलाइन के एक हिस्से के रूप में बिछाया गया है। इस प्रोजेक्ट को प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना के नाम से भी जाना जाता है। 1,190 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाला दुर्गापुर से कोलकाता खंड पश्चिम बंगाल के पूर्व वर्धमान, हुगली और नादिया जिलों से होकर गुजर रहा है।

### दुर्गापुर स्टील और रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन में एफजीडी सिस्टम, लागत- 1,457 करोड़

प्रधानमंत्री दुर्गापुर स्टील थर्मल पावर स्टेशन और दामोदर घाटी निगम के रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन की 1,457 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली फ्लू-गैस डिसल्फराइजेशन यूनिट भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इससे वायु प्रदूषण में कमी आएगी।

### पुरुलिया-कोटशिला रेल लाइन का दोहरीकरण, लागत- 390 करोड़

बंगाल में रेलवे के जरिए औद्योगिक कनेक्टिविटी में सुधार को बढ़ावा देते हुए, प्रधानमंत्री मोदी पुरुलिया में 390 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 36 किलोमीटर लंबी पुरुलिया-कोटशिला रेल लाइन के दोहरीकरण प्रोजेक्ट को भी हरी झंडी दिखाएंगे। इससे जमशेदपुर, बोकारो और धनबाद के उद्योगों का रांची और कोलकाता के साथ रेल संपर्क में सुधार होगा। माल गाड़ियों की डायरेक्ट आवाजाही होगी, जिससे समय भी बचेगा।

### तोपसी और पांडबेश्वर में दो रोड ओवर ब्रिज का उद्घाटन, लागत-380 करोड़

प्रधानमंत्री मोदी पश्चिम वर्धमान के तोपसी और पांडबेश्वर में सेतु भारतम कार्यक्रम के तहत बनाए 380 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बने दो रोड ओवर ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। इससे कनेक्टिविटी में सुधार होगा और रेलवे क्रॉसिंग पर दुर्घटनाओं को रोकने में भी मदद मिलेगी।

### बंगाल के अस्पताल सुरक्षित नहीं

आज बंगाल के अस्पताल भी सुरक्षित नहीं है, जब डॉक्टर बेटी के साथ अत्याचार हुआ तो टीएमसी सरकार अपराधी को बचाने में लगी रही। देश इससे उभरा ही नहीं तो एक और कॉलेज में बेटी के साथ दुर्व्यवहार हुआ। टीएमसी के नेता इसके आरोपियों को भी बचाने में लगे हैं।

### अस्ष्ट सरकार बंगाल के विकास के आगे खड़ी

अस्ष्ट सरकार बंगाल के विकास के आगे दीवार बनकर खड़ी है। जिस दिन अस्ष्ट की दीवार गिरी, तब बंगाल विकास की गति पकड़ लेगा। टीएमसी की सरकार जाएगी, तभी असली परिवर्तन आएगा। हम बंगाल में अवसर मांग रहे हैं।

### बंगाल की नीति भ्रष्टाचारियों ने बनाई

पश्चिम बंगाल की नीति भी भ्रष्टाचारियों के लिए बनाई जाती है। युवाओं की शिक्षा और कौशल के साथ जो कुछ यहां हो रहा है वह चिंता बढ़ाने वाला है। युवाओं की शिक्षा और कौशल के साथ जो कुछ यहां हो रहा है वह चिंता बढ़ाने वाला है।

### विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दिए तीन मूलमंत्र

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया आज पूरा देश एक ही लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए तीन मूल मंत्र भी दिए और कहा कि इसका रास्ता सिर्फ विकास से सशक्तिकरण, रोजगार से आत्मनिर्भरता और संवेदनशीलता से सुशासन है। इन तीन मूलमंत्रों पर काम करते हुए सरकार देश के प्रत्येक कोने तक विकास पहुंचा रही है। भाजपा ने पश्चिम बंगाल के लिए बड़े सपने देखे हैं। हम एक समृद्ध पश्चिम बंगाल बनाना चाहते हैं। ये सारी परियोजनाएं, इस सपने को साकार करने का प्रयास हैं।

### दुर्गापुर और रघुनाथपुर की फैक्ट्रियों को नई तकनीक

पीएम मोदी ने बताया कि दुर्गापुर और रघुनाथपुर की फैक्ट्रियों में नई तकनीक के साथ काम हो रहा है। 1,500 करोड़ रुपये का निवेश इन इकाइयों को अपग्रेड करने में किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बनेंगे। साथ ही पश्चिम बंगाल की जनता को उन्होंने इस विकास के लिए बधाई दी।

### बंगाल के युवा पलायन को मजबूर

इस दौरान पीएम ने ये भी कहा कि आज बंगाल अपने बुरे दौर से गुजर रहा है। एक समय था जब लोग यहां देशभर से रोजगार के लिए आते थे, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह उलट गई है। पश्चिम बंगाल का नौजवान पलायन के लिए मजबूर है। छोटे-छोटे काम के लिए भी उसे दूसरे राज्यों की तरफ जाना पड़ रहा है। बंगाल विकास चाहता है और अगर भाजपा आई तो बंगाल को विकास की रफ्तार मिलेगी। यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा।

### गैस आधारित कनेक्टिविटी को बढ़ावा

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में गैस कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। एलपीजी सिलेंडर आज हर घर तक पहुंच चुका है, और इस उपलब्धि की सराहना दुनिया भर में हुई है। 'वन नेशन, वन गैस ग्रिड' के तहत 'प्रधानमंत्री ऊर्जा योजना' को गति दी जा रही है। इसमें पश्चिम बंगाल समेत छह पूर्वी राज्यों में गैस पाइपलाइन बिछाई जा रही है, जिससे उद्योग और परिवहन क्षेत्र में नई ऊर्जा आएगी।

### इंफ्रास्ट्रक्चर को माना विकास की नींव

पीएम मोदी ने बताया कि भारत के बदलते इंफ्रास्ट्रक्चर की वजह से दुनिया आज भारत के विकास की चर्चा कर रही है। सड़क, रेल, गैस, हवाई अड्डों जैसे बुनियादी ढांचे में हो रहा परिवर्तन 'विकसित भारत' की नींव रख रहा है।

### बंगाल में सबसे ज्यादा वंदे भारत ट्रेनें चल रहीं

बंगाल में रेल कनेक्टिविटी सुधारने के लिए बहुत काम हुआ है। यह देश के उन राज्यों में से एक है जहां सबसे ज्यादा वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। कोलकाता मेट्रो का विस्तार हो रहा। रेलवे स्टेशनों को मॉडर्न बनाया जा रहा है। आज बंगाल को दो नए रेलवे ओवरब्रिज भी मिले हैं।

### बंगाल के उद्योगपतियों ने देश के इंडस्ट्रीज की नींव रखी

पश्चिम बंगाल की धरती प्रेरणाओं से भरी पड़ी है, यह देश के पहले उद्योग मंत्री श्यामा प्रसाद की भूमि है। उन्होंने देश के इंडस्ट्रीज की नींव रखी। ये बिधान चंद्र राय जैसे उद्योग पति की नगरी है। इस भूमि पर सर विरेंद्र मुखर्जी हुए, जिनके वीजन से भारत को स्टील उद्योग की नींव मिली ऐसे लोगों ने ही बंगाल को आगे बढ़ाया है।

---

# विपक्षी इंडिया गठबंधन से अलग हुई आम आदमी पार्टी

## सांसद संजय सिंह ने कांग्रेस की भूमिका पर उठाए सवाल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को 'इंडिया' गठबंधन से अपनी दूरी बनाते हुए कहा कि वह अब विपक्षी गठजोड़ का हिस्सा नहीं है और इसका नेतृत्व करने में कांग्रेस पार्टी की भूमिका पर सवाल उठाया। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने देश में मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा के लिए शनिवार शाम 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की डिजिटल माध्यम से होने वाली बैठक से एक दिन पहले यह टिप्पणी की।



### संजय सिंह ने की कांग्रेस की आलोचना

कांग्रेस की आलोचना करते हुए संजय सिंह ने विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने में उसकी भूमिका पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, यह बच्चों का खेल नहीं है। क्या लोकसभा चुनाव 2024 के बाद उन्होंने कोई बैठक की? क्या इंडिया गठबंधन के विस्तार की कोई पहल हुई? कभी वे अखिलेश यादव की आलोचना करते हैं, कभी उद्धव ठाकरे की, तो कभी ममता बनर्जी की। इंडिया ब्लॉक को एकजुट रहना चाहिए था। कांग्रेस इस गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी है। लेकिन क्या उसने विपक्षी एकता सुनिश्चित करने में कोई भूमिका निभाई?

### लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया ब्लॉक की पहली बैठक

सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले यह बैठक होने जा रही है। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन के घटक दल लंबे समय के बाद देश की राजनीतिक स्थिति पर मिलकर विचार-विमर्श करेंगे।

### गुजरात में उपचुनाव के बाद केजरीवाल का कांग्रेस पर हमला

सरकार का विरोध करने में आम आदमी पार्टी की भूमिका पर संजय सिंह ने कहा कि पार्टी हमेशा से ही सत्तारूढ़ दल का कड़ा विरोध करती रही है। हम पूरी ताकत से ऐसा करेंगे। गुजरात में विसावदर विधानसभा उपचुनाव जीतने के बाद, केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि सत्तारूढ़ भाजपा ने उनकी पार्टी को हराने के लिए कांग्रेस को भेजा था। संजय सिंह ने कहा, आम आदमी पार्टी ने अपना रुख साफ कर दिया है। इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव 2024 के लिए था। हमने दिल्ली और हरियाणा विधानसभा चुनाव अकेले लड़ा। हम बिहार (विधानसभा) चुनाव अकेले लड़ने जा रहे हैं। हमने पंजाब और गुजरात में उपचुनाव अपने बूते लड़ा। आप इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है। हम लोकसभा में जोरदार तरीके से मुद्दे उठाएंगे। हमने हमेशा एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाई है।

---

# दुनिया को समझो, खुद को तैयार करो : जयशंकर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दिल्ली के एयरफोर्स स्कूल के 70वें स्थापना दिवस पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के छात्र जिन हालातों में आगे बढ़ेंगे, वह दुनिया एकदम अलग होगी। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी दुनिया होगी जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, टेक्नोलॉजी, ड्रोन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और स्पेस जैसी चीजें मुख्य भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में खुद को तैयार करना बेहद जरूरी है। जयशंकर ने कहा कि जो आदतें और मूल्य स्कूल जीवन में सिखाए जाते हैं, वे भविष्य में पेशेवर जीवन में काम आते हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक डिप्लोमैट के तौर पर उन्हें बार-बार यह महसूस हुआ कि स्कूल की सिखाई गई तैयारियां, होमवर्क की आदत और पहले से चीजों को सोचने की योग्यता ही उन्हें दूसरों से आगे रखती है। जयशंकर ने मंच से कहा कि स्कूल में लौटकर उन्हें गहरी आत्मीयता और पुरानी यादें ताजा हुईं। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने अपने स्कूल की इमारत दोबारा देखी, तो उन्हें वो क्लासरूम भी याद आ गए जहां वे पढ़ते थे। उन्होंने एक पुरानी तस्वीर का जिक्र करते हुए कहा कि वह अंतिम पंक्ति में थे। हमेशा हर कोई हर दिन सबसे अच्छा नहीं होता, और इसमें कोई बुराई नहीं।



### भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहें

जयशंकर ने कहा कि कोविड महामारी से लेकर अंतरराष्ट्रीय युद्धों तक, आज दुनिया में जो कुछ भी होता है, वह सीधे हमारी जिंदगी को प्रभावित करता है। इसलिए छात्रों को अब से ही वैश्विक विषयों की जानकारी लेनी चाहिए और समझना चाहिए कि भारत 'विकसित भारत 2047' की दिशा में क्यों काम कर रहा है।

### पढ़ाई ही नहीं, दिल से भी सीखो : एस जयशंकर

उन्होंने कहा कि दुनिया की समझ सिर्फ किताबों से नहीं आती। बच्चे म्यूजिक, फिल्मों, किताबों और स्मार्टफोन के जरिए भी दुनिया से जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां भारत का प्रतिनिधित्व इस आधार पर करेंगी कि उन्होंने दुनिया की चुनौतियों और अवसरों का कैसे सामना किया।

### विद्यार्थियों के लिए चार अहम सलाह

- विदेश मंत्री ने छात्रों को चार खास सलाह दीं। साथ ही उन्होंने कहा कि आज की दुनिया वैश्विक है, और हमें उसकी समझ होनी हर हाल में होनी चाहिए।
- स्कूल को गंभीरता से लें और शिक्षकों की बातों को ध्यान से सुनें।
- दुनिया में क्या हो रहा है, उसमें रुचि लें
- शरीर को फिट रखें और किसी खेल में जरूर भाग लें
- खुद को खोजें और जीवन को भरपूर आनंद से जिएं।

---

## इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होगी टीएमसी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी शनिवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक में शामिल होंगे। एक सूत्र के मुताबिक, ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी जो कि 21 जुलाई को होने वाली शहीद दिवस रैली की तैयारियों में व्यस्त है, रविवार को मानसून सत्र से पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं होगी। हालांकि पहले टीएमसी ने दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया था, लेकिन अब इस बैठक को ऑनलाइन करने का फैसला किया गया, तो अभिषेक बनर्जी इसमें शामिल होंगे। 21 जुलाई को टीएमसी शहीद दिवस के रूप में मनाती है। यह दिन 1993 में कोलकाता पुलिस द्वारा राज्य सचिवालय राइटर्स बिल्डिंग की ओर मार्च कर रहे कांग्रेस के 13 समर्थकों की गोलीबारी में हुई मौत की याद में मनाया जाता है। उस समय पश्चिम बंगाल में माकपा के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा सत्ता में था। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उस समय राज्य युवा कांग्रेस की अध्यक्ष थीं और उन्होंने 1 जनवरी 1998 को तृणमूल कांग्रेस की स्थापना के बाद भी हर साल इस दिन रैली आयोजित करने की परंपरा जारी रखी।

---

# एअर इंडिया विमान हादसे के पीड़ितों के लिए टाटा ने बनाया वेलफेयर ट्रस्ट, 500 करोड़ से की जाएगी मदद



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स ने शुक्रवार को एअर इंडिया विमान हादसे के पीड़ितों की मदद के लिए 500 करोड़ रुपये का एक वेलफेयर ट्रस्ट बनाने की घोषणा की है। इस ट्रस्ट का नाम एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट रखा गया है और इसे मुंबई में रजिस्टर किया गया है। टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स, दोनों ने इस ट्रस्ट में 250-250 करोड़ रुपये का योगदान देने का वादा किया है। यह पैसा सामाजिक और मानवीय मदद के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

### कहां खर्च की जाएगी ट्रस्ट की राशि?

अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों को 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। वहीं, इस हादसे में गंभीर रूप से घायल लोगों का इलाज कराया जाएगा, इसके साथ हादसे में क्षतिग्रस्त हुए बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल की मरम्मत और दोबारा निर्माण में मदद की जाएगी। बता दें कि अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान हादसे के तुरंत बाद टाटा ग्रुप ने सभी मृतकों के परिजनों को मुआवजे के तौर पर एक-एक करोड़ की राशि देने का एलान किया था। इससे अलग एअर इंडिया ने भी सभी को 25-25 लाख रुपये मुआवजा दिया।

### हादसे की जांच करने वाली टीम कौन-कौन?

फिलहाल एएआईबी इस विमान हादसे की जांच कर रही है, इसका नेतृत्व विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) के निदेशक संजय कुमार सिंह कर रहे हैं। इस टीम में अन्य प्रमुख सदस्य जसबीर सिंह लर्घा (मुख्य जांचकर्ता) हैं, इसके साथ ही डीजीसीए के तीन अधिकारी विपिन वेणु वरकोथ, वीरराघवन के. और वैष्णव विजयकुमार भी शामिल हैं।

### कब और कैसे हुआ हादसा?

यह हादसा 12 जून 2025 को हुआ था, जब अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई171 टेकऑफ के कुछ देर बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दर्दनाक हादसे में 260 लोगों की जान गई, जिनमें 241 लोग विमान में सवार थे और 19 लोग जमीन पर मौजूद थे। इस विमान में 12 चालक दल के सदस्य और 230 यात्री मौजूद थे। इसमें 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक (एक जीवित बच गया), सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक भी शामिल है।

---

## कोई एक ईंट भी रखेगा, तो उसे गिरफ्तार करो, चांदनी चौक इलाके में अवैध निर्माण पर कोर्ट सख्त

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने चांदनी चौक इलाके में अदालत के आदेश के बावजूद अवैध निर्माण को लेकर फटकार लगाई और दिल्ली पुलिस से कहा कि जो भी व्यक्ति वहां एक ईंट भी रखेगा, उसे गिरफ्तार किया जाए। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जयमाल्या बागची की बेंच ने आदेश दिया कि दिल्ली पुलिस आयुक्त क्षेत्र में एक नियमित गश्त करने वाला दल तैनात करें और जहां भी अवैध निर्माण हो, तुरंत कार्रवाई की जाए। बेंच ने कहा, पुलिस आयुक्त क्षेत्र में गश्त के लिए एक दल तैनात करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की ओर से पारित किए गए उन सभी तोड़फोड़ के आदेशों का सावधानीपूर्वक पालन किया जाए, जिन पर अदालतों ने कोई रोक नहीं लगाई है और जहां अवैध निर्माण हो रहे हैं, ऐसी संपत्तियों को तत्काल सील किया जाए। बेंच ने निर्देश दिया कि स्थानीय डीसीपी अगली सुनवाई पर अनुपाल रिपोर्ट दाखिल करें। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि किसी भी आवासीय संपत्ति को व्यावसायिक संपत्ति में नहीं बदला जाएगा और चेतावनी दी कि बिल्डर और नगर निगम के अधिकारियों की किसी भी मिलीभगत को गंभीरता से लिया जाएगा। शीर्ष कोर्ट ने कहा, आप (पुलिस) हर दिन गश्त के लिए टीम तैनात करें।

---

# त्रिभाषा नीति को जबरन लागू नहीं करने देंगे, भाषा विवाद पर मानसून सत्र के अंतिम दिन बोले उद्धव

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**



शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने राज्य में तीन-भाषा नीति लागू करने के किसी भी प्रयास का विरोध किया है। उन्होंने साफ कहा कि अगर राज्य सरकार जबरन यह नीति लागू करती है, तो वे उसका पुरजोर विरोध करेंगे। शुक्रवार को विधानसभा मानसून सत्र के अंतिम दिन उन्होंने यह बयान मीडिया से बातचीत में दिया। ठाकरे ने कहा कि राज्य में मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में हिंदी थोपने की कोशिश की जा रही है, जो स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हम महाराष्ट्र में जबरदस्ती तीन-भाषा नीति को लागू नहीं होने देंगे। यह राज्य की भाषाई विविधता और मराठी अस्मिता के खिलाफ है। यह मुद्दा हाल ही में तब और गरमा गया जब कुछ स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य रूप से पढ़ाए जाने की रिपोर्ट सामने आई।

### विधानसभा में झड़प पर जताई नाराजगी

उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को विधानसभा लॉबी में एनसीपी (शरद पवार गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड और भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर के समर्थकों के बीच हुई झड़प पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस घटना से महाराष्ट्र की प्रतिष्ठा को पूरे देश में नुकसान पहुंचा है। यह लोकतांत्रिक संस्थाओं का अपमान है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

### राजनीतिक मर्यादा पर सवाल

उन्होंने गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता में बैठे लोग जिस तरह से व्यवहार कर रहे हैं, वह महाराष्ट्र की गरिमा के खिलाफ है। ठाकरे ने कहा कि यह राज्य हमेशा से सभ्य राजनीतिक संवाद और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। लेकिन अब यहां सत्ता के गलियारों में मारपीट और बदजुबानी बढ़ रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

### यूपी-बिहार पर बयान को किया संतुलित

जब उनसे पूछा गया कि क्या महाराष्ट्र में हो रही घटनाएं उत्तर प्रदेश और बिहार जैसी अराजकता को दर्शाती हैं, तो उद्धव ने संतुलित जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मैं नहीं कहूंगा कि यह यूपी-बिहार की संस्कृति महाराष्ट्र में आ रही है। उन राज्यों में भी अच्छे लोग हैं। चंद लोगों की वजह से पूरे राज्य की छवि खराब करना ठीक नहीं है।

### सरकार को दी चेतावनी

अंत में ठाकरे ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जबरन भाषा नीति लागू करने की कोशिश की तो इसका कड़ा विरोध होगा। साथ ही उन्होंने विधानसभा में हुई घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब राज्य की राजनीति में भाषा और आचरण दोनों को लेकर काफी बहस चल रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)